पौष माह, कृष्ण पक्ष 20 वर्ष, अंक 254 पृष्ठ 8 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net
प्रयागराज से प्रकाशित
नगर संस्करण प्रयागराज सोमवार 10 जनवरी 2022
विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# कोरोना की नई लहर: पीएम ने की बैठक

## चुनौतियों से निपटने के लिए पीएम मोदी ने की समीक्षा बैठक, मौजूदा सूरते हाल पर हुआ मंथन

**नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने रविवार को कोविड-19 के बढ़ते मामलों के चलते बदलते हालात को लेकर एक उच्च स्तरीय बैठक की। इस बैठक में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय गृह सचिव, कैबिनेट सचिव और कोविड टास्क फोर्स के उच्चाधिकारी मौजूद रहे। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि बैठक में कोरोना के नए वैरिएंट के चलते पैदा हुए सूरते हाल की समीक्षा हुई। प्रधानमंत्री मोदी समय-समय पर कोविड-19 के मसले पर बैठकें करते रहे हैं। पिछले महीने प्रधानमंत्री मोदी ने लोगों को ओमिक्रोन से सतर्क और सावधान रहने को कहा था। उन्होंने कहा था कि कोरोना के खिलाफ लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है। इस बीच ओमिक्रोन के 552 नए मामले सामने आए हैं जिसके बाद देश कोविड के इस नए वैरिएंट से संक्रमित मरीजों की कुल संख्या बढ़कर 3,623 हो गई है। ओमिक्रोन के 3,623 मामलों में से 1,409 लोग या तो स्वस्थ हो गए हैं या देश से बाहर चले गए हैं। महाराष्ट्र में ओमिक्रोन के सबसे ज्यादा 1,009 मामले सामने आ चुके हैं। इसके बाद दिल्ली का नंबर है जहां 513 मामले सामने आए हैं। वहीं कर्नाटक में 441, राजस्थान में 373, केरल में 333 और गुजरात में 204 मामले सामने आए हैं। वहीं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक एक दिन में कोरोना के 1,59,632 नए मामले सामने आए हैं। यह बीते 224 दिन के दौरान आए सर्वाधिक दैनिक



मामले हैं। पिछले साल 29 मई को कोरोना के 1,65,553 मामले आए थे। बीते 24 घंटे में संक्रमण से 327 लोगों की मौत हो गइ है जिससे महामारी से मरने वालों की संख्या बढ़कर 4,83,790 हो गई है। वहीं देश में एक्टिव केस की संख्या बढ़कर 5,90,611 हो गई है। वहीं भारतीय विज्ञान संस्थान और भारतीय सांख्यिकी संस्थान के वैज्ञानिकों का आकलन है जनवरी के अंत या फरवरी की शुरूआत में तीसरी लहर चरम पर होगी। इस दौरान देश में हर रोज कोरोना के 10 लाख तक नए मामले मिल सकते हैं। वैज्ञानिकों का यह भी कहना है कि महाराष्ट्र सबसे बुरी तरह प्रभावित हो सकता है। महाराष्ट्र में हर रोज कोरोना के 1,75,000 मामले मिल सकते हैं। देश के विभिन्न राज्यों में तीसरी लहर का चरम अलग अलग समय पर हो सकता है।

**साइप्रस में मिला कोविड का 'डेल्टाक्रॉन' स्वरूप**

**नई दिल्ली**

कोरोना के नए नए रूप सामने आते जा रहे हैं, इससे इस महामारी को लेकर आशंकाएं गहराती जा रही हैं। अब साइप्रस से खबर है कि वहां ओमिक्रॉन व डेल्टा से मिलकर बने नए कोरोना वैरिएंट का पता चला है। ओमिक्रॉन अब तक का सबसे तेजी से फैलने वाला कोरोना वैरिएंट बताया गया है, जबकि डेल्टा ने पिछले साल कई देशों में कहर बरपाया था। ऐसे में इनके मिले-जुले नए वैरिएंट के क्या खतरे होंगे, इसका अनुमान लगाया जा सकता है। साइप्रस के एक शोधार्थी ने इस नए स्ट्रेन का पता लगाया है, जिसके ओमिक्रॉन और डेल्टा वैरिएंट का सम्मिलित रूप होने का दावा किया गया है। साइप्रस यूनिवर्सिटी के जीव विज्ञान के प्राध्यापक लियोन्डियोस कोस्ट्रिक्स का इसे 'डेल्टाक्रॉन' नाम दिया गया है, क्योंकि इसके ओमिक्रॉन जैसे आनुवंशिक लक्षण हैं और डेल्टा जैसे जीनोम हैं। रिपोर्ट के अनुसार साइप्रस में डेल्टाक्रॉन के अब तक 25 मरीज पाए गए हैं। हालांकि यह वैरिएंट कितना घातक है और इसका क्या असर होगा, यह अभी कहना जल्दबाजी होगी। कोस्ट्रिक्स ने कहा कि हम पता लगाएंगे कि क्या यह स्ट्रेन अधिक पैथोलॉजिकल

## 'कोरोना संक्रमण को लेकर न तो डरिए और न ही घबराइए'



**नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कोरोना संक्रमण पर उच्चस्तरीय बैठक और तैयारी की समीक्षा की। इससे ठीक पहले कोविड टास्क फोर्स से जुड़े डॉ. नरेंद्र कुमार अरोड़ा ने कहा कि पिछले 24 घंटे में 1.75 लाख नए संक्रमित जरूर आए हैं, लेकिन किसी को घबराने, डरने, दहशत में आने की जरूरत नहीं है। डॉ. अरोड़ा ने कहा कि इस बार ऑक्सीजन, वेंटिलेटर, आईसीयू और अस्पताल के बिस्तरों की कोई कमी नहीं पड़ेगी। कोरोना की संक्रमण दर भले ही तेज है, लेकिन इसकी गंभीरता और घातकता पहले दोनों साल के मुकाबले बहुत कम रहने का अनुमान है।

## सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा कोरोनाः सर्वोच्च अदालत के चार न्यायाधीश और पांच फीसद कर्मचारी हुए संक्रमित



**नई दिल्ली**

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में कोरोना संक्रमण तेजी से फैल रहा है। सुप्रीम कोर्ट के चार न्यायाधीश और लगभग पांच फीसद कर्मचारी कोविड-19 से संक्रमित हो गए हैं। एक अधिकारी ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के 32 न्यायाधीशों में से कम से कम चार न्यायाधीश कोरोना वायरस से संक्रमित हैं। यही नहीं सर्वोच्च अदालत के लगभग तीन हजार कर्मचारियों में से 150 कोविड की चपेट में आ गए हैं। वहीं बजट सत्र से पहले संसद में काम करने वाले कम से कम 400 कर्मचारी और सुरक्षाकर्मी कोरोना संक्रमित पाए गए हैं। समाचार एजेंसी एएनआइ के मुताबिक छह और सात जनवरी के दरम्यान संसद में काम करने वाले कर्मचारियों में कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई। मौजूदा वक्?त में दिल्ली में पॉजिटिविटी रेट दो प्रतिशत बढ़कर 19.6 हो गई है। दिल्ली में कोरोना के कुल मामले बढ़कर 1,526,979 हो गए हैं।

## 'हर साल 26 दिसंबर को मनेगा 'वीर बाल दिवस'

**नई दिल्ली**

गुरु गोविंद सिंह जी की जयंती 'गुरु पर्व' के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को बड़ा एलान किया। उन्होंने कहा कि हर साल 26 दिसंबर को 'वीर बाल दिवस' मनाया जाएगा। यह साहिबजादों के साहस और न्याय की खोज के लिए एक उपयुक्त श्रद्धांजलि होगी। पीएम मोदी ने ट्वीट कर वीर बाल दिवस मनाए जाने का एलान किया। पीएम ने कहा, 'आज, श्री गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश पर्व के पावन अवसर पर, मुझे यह बताते हुए गर्व हो रहा है कि इस साल से



26 दिसंबर को 'वीर बाल दिवस' के रूप में मनाया जाएगा। यह साहिबजादों के साहस के लिए एक उपयुक्त श्रद्धांजलि होगी।'

**माता गुजरी, गुरु गोविंद सिंह व साहिबजादे वीरता के आदर्शः** पीएम ने कहा, 'माता गुजरी, श्री गुरु गोविंद सिंह जी और साहिबजादों की वीरता और आदर्श लाखों लोगों को शक्ति देते हैं।

## यूपीः करीब 26 हजार मरीज सक्रिय

### 24 घंटे में 7695 नए कोरोना संक्रमित मिले

**लखनऊ/**

**यूपी में** बीते 24 घंटों में 02 लाख 22 हजार 974 कोरोना टेस्ट किये गये, जिसमें 7695 नए कोरोना पॉजिविट पाए गये। इसी अवधि में 253 लोग उपचारित होकर कोरोना मुक्त भी हुए। सावधानी और सतर्कता ही कोविड नियंत्रण का आधार है। संक्रमण की रोकथाम के दृष्टिगत सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं। मास्क के प्रयोग, सोशल डिस्टेंसिंग, सैनिटाइजेशन इत्यादि से इस संक्रमण को फैलने से रोका जा सकता है। ये बातें मुख्यमंत्री



योगी आदित्यनाथ ने रविवार को टीम-9 के साथ बैठक में कही। प्रदेश में सक्रिय मामलों की कुल संख्या वर्तमान में 25,974 है। इनमें 25,445 लोग होम आइसोलेशन में स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं। बहुत कम संख्या में लोगों को अस्पताल की जरूरत पड़ रही है। यह संक्रमण कम तीव्रता वाला है, अतः इसके लक्षण दिखने पर सामान्य मरीज होम आइसोलेशन में रहकर चिकित्सक की सलाह से अपना इलाज कर सकता है। यह संक्रमण वायरल फीवर की तरह है। अतः इससे डरने की आवश्यकता नहीं है, लेकिन सभी एहतियात अवश्य बरते जाएं। उन्होंने कहा कि कोविड की बदलती परिस्थितियों को देखते हुए प्रदेश के "सभी जनपदों" में रात्रि 10 बजे से प्रातः 06 बजे तक रात्रिकालीन कर्फ्यू प्रभावी किया जाए।

## '12 जनवरी से शुरू होगी नीट पीजी की काउंसलिंग'

**नई दिल्ली**

देश में नीट पीजी काउंसलिंग 12 जनवरी से शुरू की जा रही है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने रविवार को ट्वीट करके जानकारी दी कि रेजिडेंट डॉक्टरों को मंत्रालय द्वारा दिए गए आश्वासन और सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद मेडिकल काउंसलिंग कमेटी (एमसीसी) नीट पीजी काउंसलिंग 12 जनवरी से शुरू करने जा रही है। सभी उम्मीदवारों को शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने कहा कि इससे कोरोना से लड़ाई में देश को और मजबूती मिलेगी।

## प्रवासी भारतीयों की उपलब्धियों पर गर्व : पीएम मोदी

**नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को प्रवासी भारतीय दिवस के मौके पर भारत से बाहर रहकर भी देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सभी प्रवासी भारतीयों की सराहना करते हुये कहा कि हमें उनकी उपलब्धियों पर गर्व है। प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट कर कहा, प्रवासी भारतीय दिवस पर सभी को विशेष रूप से भारतीय प्रवासियों को बधाई। हमारे डायस्पोरा ने पूरी दुनिया में खुद को प्रतिष्ठित किया है



और विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। साथ ही वे अपनी जड़ों से जुड़े रहे। हमें उनकी उपलब्धियों पर गर्व है। उल्लेखनीय है कि भारत के विकास में प्रवासी भारतीयों के योगदान को चिह्नित करने के लिये प्रतिवर्ष 9 जनवरी को प्रवासी भारतीय दिवस का आयोजन किया जाता है।

## सीएम चन्नी ने प्रियंका को क्यों दी पीएम की सुरक्षा की जानकारी

**नई दिल्ली**

**पीएम** नरेंद्र मोदी की पंजाब यात्रा के दौरान सुरक्षा में चूक को लेकर सियासत गरमाती जा रही है। भाजपा ने रविवार को नया सवाल खड़ा किया। पार्टी प्रवक्ता संबित पात्रा ने पंजाब के सीएम चरणजीत सिंह चन्नी का नाम लिए बगैर कांग्रेस से पूछा, 'आखिर एक मौजूदा सीएम ने प्रियंका गांधी वाड्रा को पीएम की सुरक्षा की जानकारी क्यों दी प्रियंका के पास कौनसा संवैधानिक पद है उन्हें पीएम सुरक्षा को लेकर लूप में क्यों लिया गया पात्रा यहीं नहीं रुके उन्होंने कांग्रेस व



गांधी परिवार को कठघरे में खड़ा करते हुए पूछा कि प्रियंका कौन होती हैं, पीएम की सुरक्षा की जानकारी रखने वालीं भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि हमें पूरा यकीन है कि गांधी परिवार इस मामले में अपना पक्ष स्पष्ट रूप से सामने रखेगा। सीएम चन्नी ने कहा था, 'पंजाब में पीएम को कोई खतरा नहीं था। वे पूरी तरह सुरक्षित थे। चन्नी ने कहा, इस संबंध में मैंने प्रियंका गांधी जी से बात की है और उन्हें सारे मामले से अवगत कराया है।' चन्नी के इस बयान को लेकर भाजपा ने कांग्रेस व सीएम को निशाने पर लिया है। पात्रा ने सीएम चन्नी पर तंज कसते हुए कहा, 'चन्नी साहिब थोड़ा ईमानदार हो जाइये, आपने प्रियंका गांधी को अवश्य यह बात कही होगी ।

## 'इंदिरा जैसी तानाशाह को भारतीयों ने समुद्र में फेंक दिया...

**वारंगल**

तेलंगाना के वारंगल में रैली के दौरान हिमंत बिस्व सरमा ने राज्य के सीएम के चंद्रशेखर राव (केसीआर) को घेरते हुए कहा, "जब भी कोई

भाजपा के कद्दावर नेता और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने रविवार को तेलंगाना में सत्तासीन तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) की सरकार पर जमकर निशाना साधा। वारंगल में एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने हैदराबाद से सांसद असदुद्दीन ओवैसी और कांग्रेस को भी निशाने पर लिया। सरमा ने तानाशाही पर भाषण देते हुए कहा कि भारतवासियों ने इंदिरा गांधी जैसी तानाशाह को समुद्र में फेंक दिया था। तेलंगानावासी भी जानते हैं कि उन्हें किसको समुद्र में फेंकना है।

**सरमा के बयान में क्यों आया इंदिरा गांधी का जिक्र**-असम सीएम ने देश की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के बहाने राज्य की टीआरएस सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, "अन्याय के साथ लड़ते रहिए। अन्याय के साथ हम कोई समझौता नहीं करेंगे।

## सर्वेः 41 फीसदी लोग रैली पर प्रतिबंध का समर्थन में

**नई दिल्ली**

चुनाव आयोग (ईसी) ने शनिवार को पांच राज्यों के चुनावी कार्यक्रम का एलान कर दिया। आयोग ने यह भी घोषणा की कि उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, गोवा और मणिपुर में 15 जनवरी तक कोई राजनीतिक दल चुनावी रैली नहीं करेगा। ईसी ने कहा कि इसके बाद वह देश में कोरोना की स्थिति को देखते हुए रैली की अनुमति देने पर फैसला करेगा। हालांकि, इस बीच देशभर में कराए गए एक सर्वे में सामने आया है कि 41 फीसदी लोग पूरे चुनाव में ही राजनीतिक रैलियों पर प्रतिबंध के पक्ष में हैं। इतना ही नहीं सर्वे में यह भी कहा गया है कि कोरोना की तीसरी लहर के चलते 31 फीसदी नागरिक पांचों राज्यों में चुनाव टालने के पक्ष



में थे। सर्वे में सिर्फ राजनीतिक दलों की रैलियों पर प्रतिबंध लगाने का ही समर्थन नहीं किया गया, बल्कि प्रतिक्रिया देने वाले 24 फीसदी लोगों ने यह भी कहा कि कोरोना की गाइडलाइंस के पालन के साथ रैलियों को जारी रहने देना चाहिए।

**चुनावी रैलियों पर नहीं होनी चाहिए कार्रवाईः** सर्वे में करीब चार फीसदी लोग ऐसे भी थे, जिनका कहना था कि चुनाव के कारण कोरोना के फैलने का खतरा काफी कम है और इसलिए चुनावी रैलियों पर कोई प्रतिबंध नहीं होना चाहिए। बताया गया है कि यह सर्वे डिजिटल कम्युनिटी बेस्ड प्लेटफॉर्म लोकल सर्किल्स की ओर से कराया गया। सर्वे को चुनाव आयोग के एलान के बाद कराए जाने की बात भी कही गई है। इसमें देश के 309 जिलों से 11 हजार लोगों की प्रतिक्रियाएं दर्ज की गईं। इनमें 4172 प्रतिक्रियाएं पांच चुनावी राज्य से आने वाले लोगों की भी रहीं।

## स्वदेशी विमान वाहक 'विक्रांत' करेगा जटिल युद्धाभ्यास

**नई दिल्ली**

भारतीय सैन्य बलों के सर्वोच्च कमांडर राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू की लगातार दो हाई प्रोफाइल यात्राओं के बाद देश के पहले स्वदेशी विमान वाहक 'विक्रांत' को तीसरे समुद्री परीक्षणों के लिए भेजा गया है। आईएसी विक्रांत का पहला परीक्षण पिछले साल अगस्त में और दूसरे समुद्री परीक्षण अक्टूबर में किया जा चुका है। तीसरे परीक्षण में इसके जटिल युद्धाभ्यास को देखा जायेगा कि जहाज विभिन्न



परिस्थितियों में कैसा प्रदर्शन करता है। कोचीन शिपयार्ड में निर्मित यह युद्धपोत सभी तरह के अंतिम समुद्री परीक्षण पूरे होने के बाद आजादी की 75वीं वर्षगांठ के समय देश को समर्पित किया जायेगा।

# तेज हवाओं के साथ हुई बरसात में चौपट हुई फसल

## सरसो, चना, मसूर और आलू के साथ पिछैती गेहूं की फसल को भारी नुकसान, खेतों में भरा पानी



बारिश से सरसों की खड़ी फसल को भारी नुकशान



बेमौसम बारिश से खेतों में भरा पानी

अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ़।** पिछले पखवारे भर से बने मौसमी सिस्टम में अभी तक बदलाव नहीं हो सका है। पिछले चार दिन से जनपद के साथ-साथ समीपवर्ती जनपदों के आसमानों पर बादलों ने डेरा जमा रखा है और अनवरत बारिश हो रही है। शुरूआत के दो दिन तक रिमझिम फुहारें गिरती रहीं। शनिवार को भी कमोवेश दिनभर जनपद के अलग-अलग हिस्सों में यही स्थिति रही।

जैसे ही सांझ ढली, तेज हवाओं के साथ बरसात शुरू हो गई और जनपद के कई क्षेत्रों में जमकर बरसात हुई। तेज हवाओं के साथ बरसात का सिलसिला प्रयागराज के साथ-साथ समीपवर्ती जनपदों में भी जारी रहा। अमूमन पूष (पौष) माह में किसानों को इस तरह से बरसात की उम्मीद नहीं रहती। पर, बीती रात हुई बरसात ने किसानों की सारी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। खेत में खड़ी लहलहाती फसल पूरी तरह से नष्ट हो गई। सरसो, मटर, चना, मसूर की फसलें जमीन पर लोट गई हैं। यही नहीं जिन किसानों ने गेहूं की बुवाई देर से की थी, उन खेतों में पानी भरा हुआ है। चूंकि पिछले चार दिन से अनवरत बरसात हो रही है, ऐसे में धरती में पानी सोखने की भी उतनी क्षमता नहीं है, ऐसे में जब तक खेतों से पानी उतरेगा, तब तक फसल पूरी तरह से नष्ट हो जाएगी।

यमुनापार के ग्राम पंचायत देवरा के कुलदीप पाठक ने बताया कि बीती रात तेज हवाओं के साथ हुई बरसात की वजह से रबी की फसलों में राई (सरसो), चना, मसूर, आलू की फसलों 70 फीसद फसल नष्ट हो गई है। जिन गेहूं की बुवाई एक पखवारा पहले की गई है, उन खेतों मेंपानी भरा हुआ है। यमुनापार के ग्राम बराडीह, इटवा, लोनीपार, देवरा, कपड़ौरा गड़ैया, झंझरा चौबे, झंझरा पांडेय, भगदेवा, फरिहाओझा, माड़ो, सोनपुरा पहाड़ी खुर्द, जिगना, कसौटा, रामापार, सतपुरा, पटिवार, भड़िवार सहित सैकड़ों गांवों में रबी की सभी फसलों का यही हाल है। यमुनापार के साथ ही गंगापार के किसानों का कहना है कि पिछले तीन महीने से किसानों द्वारा की गई मेहनत और लाखों रुपये के खर्च पर इंद्रदेव का कोप गिरा है। किसानों का कहना है कि पिछले कई वर्षों से किसानों को इसी तरह की समस्या से दो-चार होना पड़ रहा है। किसानों की आर्थिक हालत पहले ही खराब हो चुकी है। रही-सही कसर इस दैवीय प्रकोप ने पूरा कर दिया। कुलदीप पाठक सहित यमुनापार के अन्य किसानों ने उपजिलाधिकारी बारा से फसलों की क्षति का आकलन करवाने और किसानों को आर्थिक राहत प्रदान करवाने की मांग की है।

# चक्रवात मचा रहा तबाही, बादलों से निजात के लिए अभी और करना होगा इंतजार

आलोक गुप्ता

**शंकरगढ़।** पिछले चार दिनों से अनवरत हो रही बरसात से जनजीवन पूरी तरह से अस्त-व्यस्त हो गया है। ठंड के सीजन में हालत यह हो गई है कि कपड़े भी नहीं सूख रहे हैं। दूसरी तरफ इस बेमौसम बरसात का सर्वाधिक दुष्प्रभाव खेती-किसानी पर भी देखने को मिल रहा है। बीती रात तेज हवाओं के साथ हुई बरसात की वजह से दलहन, तिलहन के साथ आलू और गेहूं की लेट बुवाई वाली फसलों को भारी नुकसान हुआ है। मौसम विभाग का अनुमान है कि इस तरह की स्थिति अभी एक से दो दिन तक और बनी रहेगी। जबकि बादलों से निजात के लिए अभी इंतजार करना पड़ेगा। मकर संक्रांति के तक बादलों का आना-जाना लगा रहेगा। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के वायुमंडलीय एवं महासागर अध्ययन केंद्र के प्रो.डा. शैलेंद्र राय ने बताया कि इस समय मध्य प्रदेश में एक तगड़ा चक्रवात सक्रिय है। इसकी वजह से पूरे मध्य प्रदेश के साथ आधे से अधिक



उत्तर प्रदेश में बरसात हो रही है। इसके अलावा मध्यप्रदेश की सीमा से लगने वाले कई जनपदों में ओले भी गिरे हैं। प्रो. शैलेंद्र राय ने बताया कि भारतीय मौसम विभाग ने भी अनुमान जताया है कि एमपी में सक्रिय थंडर स्टार्म के कमजोर पड? के बाद ही बरासत और ओले की समस्या से निजात मिलेगी। जबकि 13 से 14 जनवरी तक आसमान पर बादल छाए रहेंगे। बहरहाल शनिवार तक प्रयागराज सहित पूरे उत्तर पट्टी में पश्चिमी विक्षोभ का प्रेशर बना हुआ था, इसकी वजह से शनिवार को दिनभर रिमझिम फुहारें पड़ती रहीं। इसके बाद देर शाम से मौसम में अचानक करवट ली और तेज हवाओं के साथ बरसात शुरू हो गई। इस बरसात से हर तरफ कीचड़ हो गया है। गांवों में स्थिति नारकीय हो चली है। खेत-खलिहान में पानी भर गया है। रविवार की सुबह होते ही किसान फावड़ा लेकर खेतों में पानी निकालते नजर आए। पर, बरसात का सिलसिला दिनभर जारी रहा। रुक-रुककर बरसात होती रही। बेमौसम बरसात की वजह से ठंड में भी इजाफा हो गया है।

## जसरा में अलाव न जलने से बरसाती ठंड में ठिठुर रहे राहगीर, परेशानी

**जसरा।** क्षेत्र में अलाव ना जलने के कारण राहगीर बरसाती ठंड के मौसम में ठिठुर रहे हैं। जसरा क्षेत्र के बाजार व गांव में तहसील प्रशासन की ओर से ठंड के मौसम में प्रतिवर्ष अलाव जलाया जाता था। जिससे ठंड से ठिठुर रहे राहगीरों को अलाव से राहत मिलती थी,लेकिन अलाव की व्यवस्था न होने से लोग परेशान हैं। जसरा क्षेत्र में पिछले चार दिनों से बारिश के कारण ठंड भी बढ़ गई है । गलन बढ़ने से जरूरी काम से निकले ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है तथा लोग ठंड में ठिठुरने को मजबूर हैं। पिछले वर्ष जसरा के प्रमुख चौराहों व बाजार में अलाव जलाया जाता था लेकिन इस वर्ष ठंड के मौसम में अलाव नहीं जलाया जा रहा है । जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं क्षेत्र के लोग ठंड में लकड़ी की व्यवस्था कर-के ठंड को भगाने का प्रयास करते रहे। इस बावत उप जिलाधिकारी बारा सौम्या गुरुरानी से बात करने का प्रयास किया गया लेकिन फोन नहीं उठा। ठंड ने ब्यापारियों को घर के सामने अलाव जलाने पर मजबूर कर दिया है। बाजार के वरिष्ठ भाजपा नेता राजेश जायसवाल,राजू केसरवानी,सुरेंद्र कुमार केसरवानी, ज्ञानेन्द्र पाठक, दिनेश केसरवानी, प्रीतम केसरवानी, नितेश केसरी, शत्रुघन लाल केसरवानी,गुड्डू केसरवानी, डा० दिनेश यादव, आनन्द केसरवानी सहित दर्जनों लोगों ने बाजार के प्रमुख स्थानों पर अलाव जलाने की मांग किया है।

## सपा सरकार में ही होगी प्रदेश की उन्नति : ओम सहाय

**कोरांव।** जैसे ही सूबे में चुनाव आयोग के द्वारा चुनाव तिथि की घोषणा किया गया वैसे ही पार्टी प्रत्याशियों और नेताओं में अपनी अपनी पार्टी के खूबियों को बताने की होड़ लग गई है और साथ ही साथ प्रचार प्रसार में भी जबरदस्त तेजी देखी जा रही है।

इसी प्रकार विधानसभा कोरांव समाजवादी पार्टी के संभावित प्रत्याशी ओम सहाय के द्वारा क्षेत्र में व्यापक प्रचार प्रसार करते हुए समाजवादी सरकार के जनकल्याणकारी नीतियों को जन जन तक पहुंचाने में रात दिन मेहनत करके कोई कोर कसर नहीं छोड़ा जा रहा है इसी क्रम में गत दिनों क्षेत्रीय जनों से जन संपर्क करते हुए संभावित प्रत्याशी ने कहा कि समाजवादी पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है जो की बिना जातिवाद और भेदभाव के सिर्फ और सिर्फ एक लक्ष्य दलितों पिछड़ों नौजवानों किसानों छात्रों महिलाओं के विकास की बात करती है सपा नेता ने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार ने अगर किसानों का लगान माफ करने का काम किया तो वहीं दूसरी ओर छात्रों को उच्च शिक्षा से जोड़ने के लिए लैपटॉप वितरण जैसे महत्वकांक्षी योजनाएं लागू करने का कार्य किया छात्राओं में इंटर की पढ़ाई करने के बाद उच्च शिक्षा को जारी रखने के लिए कन्या विद्या धन देने का कार्य किया महिलाओं को समाजवादी पेंशन बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता दिया जैसा कि समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने पूर्व में ही घोषणा किया है कि अगर प्रदेश में सपा की सरकार बनती है तो पूरे प्रदेश में 300 यूनिट बिजली मुफ्त दिया जाएगा 5 साल तक मुफ्त राशन दिया जाएगा और भी ऐसे तमाम योजनाओं को संचालित किया जाएगा जिससे कि गांव के अंतिम झोपड़ी तक हर सुविधा पहुंचा कर लाभान्वित किया जा सके ऐसा होने पर ही खुशहाल उत्तर प्रदेश बनेगा और इसमें कोई शक नहीं है कि समाजवादी पार्टी की सरकार में उत्तर प्रदेश उन्नति प्रदेश बनेगा। इस मौके पर मुख्य रूप से प्रशांत सिंह पटेल मासूक अली आशीष मिश्रा जिला महासचिव प्रबुद्ध सभा राम गोपाल सिंह विधानसभा उपाध्यक्ष यादवेंद्र अहीर विधानसभा उपाध्यक्ष दिनेश पटेल ब्लॉक अध्यक्ष शहादत अली सफात अली नौशाद अंसारी आर के पटेल आदि लोग उपस्थित रहे।





## बेटियां राष्ट्र की अनमोल धरोहर : अभिषेक सिंह पटेल

**जसरा।** बेटियों कों समान अवसर एवम संसाधन प्रदान किया जाए तों बेटियां किसी बेटे से कम नहीं होती हैं।अतीत से लेकर वर्तमान तक प्रत्येक क्षेत्र बेटियाँ अपने हुनर का लोहा मनवायी हैं इसके साथ शोध छात्र अभिषेक सिंह पटेल ने मतदान कों महादान के रूप मे स्वीकार करते हुए छात्राओं कों मतदान प्रतिशत बढ़ाने पहले जलपान फिर मतदान का नारा बुलंद करते हुए घर मे सबको मतदान बूथ तक पहुंचाने का भी शपथ दिलवाते हुए लोगों कों भयमुक्त होकर मतदान की अपील किये उक्त बातें श्री सेठ राम अभिलाष इंटर कालेज मे युवा समाजसेवी एवम केंद्रीय इलाहाबाद विश्वविद्यालय के शोधछात्र अभिषेक सिंह पटेल ने मतदाता जागरूकता अभियान मे आयोजित परिचर्चा मे बतौर मुख्य अतिथि बोल रहें थे।इस दौरान विद्यालय के प्रबंधक श्री ए. पी. जी के जन्मदिन के अवसर पर 21मेधावी छात्राओं कों कापी, पेन भेटकर मनाया गया उनके उत्तम स्वास्थ्य एवम दीघार्यु जीवन की कामना की गयी । विद्यालय के प्रधानाचार्य शिव रतन सिंह ने अतिथियों के प्रति आभार प्रकट करते हुए उपस्थित छात्राओं कों जल्द से जल्द वैक्सीन लगवाने के लिए प्रेरित किया गया।इस अवसर पर विद्यालय के प्रभारी बृजेश कुमार कुशवाहा ने मतदाता जागरूकता अभियान से जुड़कर लोगों कों मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए अपील किया गया।शीलू पटेल,नेहा कुशवाहा,वंदना यादव,पारुल शुक्ला,चांदनी विश्वकर्मा समेत 21बेटियों कों पाठय सामग्री भेंट किया गया।दिलीप कुमार पटेल, कविता सिंह, परीक्षित पाण्डेय, आसमा नन्द पटेल, सोनकरन सिंह आदि शिक्षक एवम शिक्षिकाएं मौजूद रहें।

# करछना विकास खंड : अधिकांश पंचायत भवन धन राशि स्वीकृति के वर्षो बाद भी अधूरे पड़े

अखंड भारत संदेश

**करछना।** विकास खंड के ग्राम पंचायतों में वर्षो पूर्व स्वीकृत हुए पंचायत भवनों की निर्माण गति इस लिए अधूरे हैं कि निर्माण कार्य दायी फर्म को भुगतान नहीं किया जा रहा है, जिसके कारण गांवो में पंचायत भवन निर्माण कार्य लम्बित है । कार्य दायी फर्मों के ठेकेदारों के अनुसार प्रत्येक पंचायत के स्वीकृति के बाद धन राशि आवंटन कर दिया जाता है, कार्य निर्माण के दौरान पंचायत सचिवो द्वारा भुगतान लम्बित कर दिया गया है, जिससे विकास खंड करछना के दर्जनो पंचायत भवनों का निर्माण कार्य बंद हो गया है, जब कि शासन स्तर से ग्राम पंचायतों में पंचायत भवनों में सहायक ऑपरेटर की नियुक्ति की गयी है कि वें गांव में बनें पंचायत भवन के कार्यालय में बैठ कर गांव के विकास का सभी बिन्दुओ पर कार्य का निष्पदन



बाउंड्री बाल से अधूरा पडा निरिया का पंचायत भवन

पंचायत भवन पर बैठ कर निपटाने का निर्दश निर्देश दिया है, लेकिन सिस्टम के खेल में करछना विकास खंड के दर्जनो पंचायत भवनों का निर्माण कार्य अधूरा पडा है, कहीं बिल्डिंग बन गयी है तों बाउंड्री बाल का कार्य अधूरा पडा है तों कहीं मरम्मत के अभाव में तों कहीं कार्य दायी फर्मों के ठेकेदारों के भुगतान लम्बित रहते पंचायत भवन निर्माण कार्य लम्बित है ।और कहीं पर पुरा भुगतान के बाद फर्म के ठेकेदारों को भुगतान नहीं किया जा रहा है कि वजह बताई जा रही है।

## 60 फीसदी पंचायत भवनों पर लटक रहा ताला

**प्रतापपुर।** प्रदेश सरकार ग्राम पंचायतों में ग्रामीणों को एक छत के नीचे सभी सुविधाएं देने के लिए पंचायत सहायकों की नियुक्ति कर ग्राम सचिवालय बनाने की तैयारी कर रही है वही प्रतापपुर विकास खण्ड के 83 ग्राम पंचायतों के 60 फीसदी गाँवो में लोगो को लाभ नही मिल पा रहा है करुआडीह, बसनेहटा, सोइराई, देवली, रामपुर बीबीपुर, उग्रसेनपुर, भोगवारा, कटेहरी, अतरसुइया सहित अधिकतर गाँवो में पंचायत भवनों पर ताला लटकता मिला जिससे यह योजना परवान नही चढ़ सकी।

# करछना को अगड़ों पिछड़ों में न बांटे : रामतौल

## रामपुर स्थित बृजमंगल सिंह इंटर कालेज में मोदी की प्राणरक्षा की खुशी में हुआ कार्यक्रम

अखंड भारत संदेश

**करछना।** विधानसभा करछना का अपना सामाजिक समरसता,सर्व जातीय प्रेंम सद्भाव और आपस में मिलजुल कर सुख दुख में एक दूसरे के साथ खड़े होने की परंपरा रही है।अपनी छोटी सोच के चलते कुछ लोग इसे अगड़ा पिछड़ा में बांटकर अपनी स्वार्थ सिद्ध में लगे है।ऐसा करछना के आम जन मानस के जनभावनाओं के अनुकूल नही है।यह बातें रामपुर के बृजमंगल सिंह इंटर कालेज के सभागार में प्रधानमंत्री मोदी की प्राणरक्षा की खुशी में मिलन 2022 के दौरान मुख्य अतिथि पूर्व ब्लाक प्रमुख रामतौल पटेल ने कही।संयोजक डॉ.भगवत पाण्डेय ने कहा कि पंजाब में प्रधानमंत्री द्वारा विपरीत परिस्थितियों में वहां के



बैठक में उपस्थित पूर्व प्रमुख व मिशन के संयोजक डाक्टर भगवत पांडेय

मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए जिस तरह अपनी सोच और सामर्थ का परिचय दिया है इससे राजनीति करने वाले लोगों को सीख लेनी चाहिए।उन्होने विधानसभा करछना को देवभूमि बताते हुए कहा कि इसी माटी रहकर सदैव समाजसेवी के प्रति समर्पित रहा और समय-समय पर गरीबों मजलूमों और सताये गये लोगों की आवाज बुलंद करने का काम किया है।कार्यक्रम के दौरान खुशी का इजहार करते हुए मदारियों द्वारा प्रस्तुत लोकनृत्य ने खूब समां बांधी।भाजपा कार्यकताओं जहां एक ओर पंजाब सरकार की का घृणित सोच की निन्दा की वही प्रधानमंत्री की सजबूझ की प्रशंसा करते हुए मौसम की विपरीत परिस्थितियों में आयोजित कार्यक्रम की सराहना भी की।अध्यक्षता भोलानाथ मिश्रा और संचालन गोरेलाल ने किया। इस मौके पर रामभवन द्विवेदी, पंकज द्विवेदी, अजय सिंह, नागेश्वर निषाद, राज बहादुर श्रीवास्तव, विनोद प्रजापति, अखिलेश मिश्रा, ओम प्रकाश विश्वकर्मा, बनारसी नाथ, सरतेज सिंह, पुष्पराज सिंह, रिंकू सिंह, नंद पटेल, गुड्डू पटेल, अविनाश विश्वकर्मा, दिनेश यादव, दिनेश सोनी, अशोक सिंह, चन्द्र प्रकाश निषाद, उमाकांत पाण्डेय, राजमणि चौधरी सहित कई लोग मौजूद रहे।

## जो व्यक्ति खुशी मन से राम कथा सुनता है उसे संपूर्ण फल प्राप्त होता है : अवधेश जी

**सहसों।** श्री रामचरित मानस सम्मेलन समिति सहसों प्रयागराज के बैनर तले नौ दिवसीय श्री राम कथा का आयोजन किया गया है। जिसमें कथा के तीसरे दिन अयोध्या से पधारे राष्ट्रीय संत अवधेश जी महाराज ने कथा सुनाते हुए कहा कि जो व्यक्ति खुशी मन से कथा का श्रवण करता है उसे पूर्ण फल प्राप्त होता है। त्रिलोक के मालिक शंकर भगवान के मन में एक बार आया हमने ही कथा बनाया है पर कथा सुनी नहीं हमें भी सुनना चाहिए फिर वह ऋषि के पास पहुंचे और कथा सुनो उसके बाद उन्होंने ऋषि से पूछा कि महाराज आपको क्या चाहिए ऋषि ज्ञानी थे उन्होंने सब कुछ जान लिया इनके पास सब कुछ है मैं इनसे क्या ले सकता हूं इनका पूर्ण फल ही मांग लेता हूं जो इन्हें कथा सुनने से प्राप्त हुई है इसलिए सभी को मन लगाकर कथा सुनना चाहिए उस से पूर्ण फल प्राप्त होता है और अच्छे संस्कार मिलते हैं आगे उन्होंने कहा कि अपने माता पिता की आज्ञा सभी को माननी चाहिए जिससे उनका आशीर्वाद मिल सके इतना बलशाली होते हुए रावण ने ब्रह्मा जी से वरदान मांगा कि मेरी मौत उसी के हाथ होनी चाहिए जो मनुष्य अपने माता पिता की आज्ञा मानता हूं जीव जंतुओं के प्रति ममता रखता हूं वानर बालू से प्यार करता हूं किसी के साथ छल कपट ना करता हूं और सच बोलता हो मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के अंदर के सारे गुण थे और उन्होंने रावण का वध किया। कथा श्रवण करने वालों में व्यापार मंडल के जिला महामंत्री राजेंद्र केसरवानी, ग्राम प्रधान सहसों विष्णु केसरवानी, शिवलाल केसरवानी, दिलीप केसरवानी, मनोज तिवारी, श्याम बाबू गुप्ता, राकेश सिंह, शिव बाबू केसरवानी, सक्षम गुप्ता, विजय कुमार केसरवानी, बबलू केसरवानी, नरेंद्र, पिंटू , हर्ष, रामगोपाल केसरवानी, फूल चंद्र साहू आदि लोग मौजूद रहे।

# न्यूज झरोखा

## सपा राष्ट्रीय सचिव ने छात्रों से बताई समाजवादी सरकार की नीति



**कोरांव।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव छात्र सभा प्रमोद मिश्र पयासी ने विधानसभा कोरांव अंतर्गत नगर पंचायत कोरांव में छात्रों से संवाद स्थापित करते हुए समाजवादी पार्टी छात्र सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नेहा यादव के द्वारा पूरे देश में संचालित वोट फॉर अखिलेश न्यू उत्तर प्रदेश अभियान के तहत छात्रों से शिक्षा रोजगार और शिक्षित नौजवानों को बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर जागरूक किया और आगामी विधानसभा के चुनाव में समाजवादी पार्टी के पक्ष में मतदान करने और कराने की अपील किया इस मौके पर सपा राष्ट्रीय सचिव ने कहा कि आज देश का नौजवान छात्र बेरोजगारी के कारण आए दिन आत्महत्या जैसे कदम उठाने को विवश है लेकिन भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने कोई ऐसा कदम नहीं उठाया जिससे कि नौजवानों के दिशा और दशा बदलने में कारगर सिद्ध हुआ हो आए दिन यह देखा जाता है कि जब देश और प्रदेश का नौजवान अपनी आवाज उठाने का काम करता है तो सत्ता में बैठे लोग उनकी आवाजों को पुलिस की लाठियों और अपनी दमनकारी नीतियों से दबाने का काम करती है ताकि नौजवानों की आवाज दब जाए और वह किसी भी मुद्दे पर अपनी बात को न रख सके समाजवादी पार्टी की सरकार में जहां छात्रों को लैपटॉप और छात्राओं को कन्या विद्याधन एवम बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता देकर प्रोत्साहित करने का कार्य किया और यह विश्वास दिलाया कि समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर छात्रों के उत्थान के लिए हर संभव कदम उठाए जाएंगे जिससे कि छात्रों का भविष्य उज्जवल हो। इस मौके पर यादवेंद्र अहीर विधानसभा उपाध्यक्ष समाजवादी पार्टी सौरभ दुबे रितेश कुमार विनीत सिंह अनन्या केसरी राहुल सिंह मनीष सिंह अमन सिंह अमृता कुशवाहा अंशिका पांडे अदिति चतुर्वेदी अंकित तिवारी हारुन अंसारी इसराइल अली समेत सैकड़ों छात्र उपस्थित रहे।

## प्रधान बसही गरीब महिलाओं को वितरण किया कम्बल



**करछना।** विकास खंड के ग्राम पंचायत बसही के प्रधान अभिषेक सिंह के सौजन्य से प्रधान प्रतिनिधि हिमांशु सिंह ने गांव की गरीब महिलाओं और बुजुर्ग को ठंड से बचने के लिए एक कार्यक्रम के दौरान दर्जन भर से अधिक गरीबों को कम्मल वितरण किया, वही जहां कार्यक्रम में ठंड के कारण बुजुर्ग महिलाए नहीं पहुंच सकी उन्हे उनके घर जाकर कम्बल वितरण कर उन्हें इस बरसाती जाडे के मौसम में राहत देकर बुजुर्गों का सम्मान किया ।उनके द्वारा किए गए इस कार्य से गांव के गणमान्य लोगों ने प्रधान की सराहना करते हुए कहा कि यदि गांव के संक्षम लोग गरीबों को मदद् करने को हाथ बढाए तों गांव में गरीबी का दंश झेल रहे गरीबों का भी परिवार खुशहाल बना रहे, इस मौके पर सुमित्रा,फूलकली, प्रमोद कुमार कमलेश,चंद्रा देवी ,सरस्वती देवी ,गुड्डी देवी,आदि दर्जन भर से अधिक लोगो को कम्बल वितरित किया गया ।इस मौके पर आलोक तिवारी ,डी पी सिंह,सूरज यादव,हरि नाथ ,मनोज गौतम , गोलू यादव ,दीना नाथ पांडेय ,नुमान अली,मान सिंह , रमेश गौतम आदि लोग उपस्थिति रहे ,और प्रधान को पुण्य कार्य पर धन्यवाद और बधाई दी ।

## मानवता से बड़ी कोई सेवा नहीं : डा अस्मिता सिंह



**जसरा।** व्यक्ति के जीवन मे मानवता से बड़ा कोई धर्म नहीं हैं और सदैव हमें यह प्रयास करना चाहिए कि समाज के दीन -दुःखियों सहित जरूरतमंदो की निःस्वार्थ भावना से मदद करने का अटूट संकल्प होना चाहिए उक्त बातें केंद्रीय इलाहाबाद विश्वविद्यालय की प्रोफेसर डा. अस्मिता सिंह रविवार कों कंबल वितरण दौरान व्यक्ति की। आगे प्रोफेसर सिंह यह भी बोलीं कि बेटियों की शादी, शिक्षा आदि मे व्यय किया धन व्यक्ति के जीवन मे सुख शांन्ति लेकर आती हैं इसलिये सभी लोगों कों उक्त क्षेत्रों मे सहयोग एवम सेवा करके पुण्य का भागी बनना चाहिए। प्रोफेसर अस्मिता सिंह अपने सम्बोधन के अंत मे यह जानकारी प्रदान करते हुए यह भी बोलीं कि आगामी 15जनवरी तक माननीय चुनाव आयोग की अनुमति के पश्चात 40लाख रुपए का सोलर भेंट करेंगी। कौधियारा के एकौनी मे अनीता बिन्द,समेत तीन महिला लाभर्थियों के यहाँ आगामी 15जनवरी तक सोलर का उदघाटन सम्पन्न होगा। विभिन्न विद्यालयों सहित व्यक्तिगत सोलर उपकरण विधिक कार्यवाही करके वाहनों की रवानगी 11जनवरी कों कार्यवाही के पश्चात पात्र लाभर्थियों कों सौप दिए जाएंगे।चुनकी देवी, ननकों, श्यामकली, कल्लो समेत 200से अधिक कंबल वितरित किया गया। कार्यक्रम का संचालन अभिषेक सिंह पटेल एवम अध्यक्षता कृष्ण कुमार ने किया।

## विद्यालय में हीरक जयंती मनाना अपने आप में गौरव : अजीत सिंह



**जसरा।** श्री ईश्वरदीन छेदीलाल इंटर कॉलेज जसरा के हीरक जयंती समारोह के दूसरे दिन मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख जसरा अजीत सिंह ने कार्यक्रम का दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया। श्री सिंह ने कहा कि किसी विद्यालय की हीरक जयंती मनाना अपने आप में गौरव का विषय है। विद्यालय से शिक्षा प्राप्त कर बच्चे आज देश के कोने कोने में अपने विद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं। विद्यालय के प्रबंधक बाबू विश्वनाथ प्रसाद गुप्त ने प्रमुख जसरा अजीत सिंह को अंगवस्त्रम एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। ठंडी के साथ साथ बरसात में भी कार्यक्रम में सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्रधानाचार्य डा०योगेन्द्र सिंह ने किया। इस अवसर पर भूपेंद्र केसरवानी, सतीश कुमार केसरवानी, राजाबाबू पाठक,मनोज गुप्ता, जितेंद्र गुप्ता, शोभनाथ शुक्ला ,एनडी गुप्ता सहित विद्यालय के शिक्षक कुलभूषण मिश्रा, अचलेंद्र जायसवाल,सुनील कुमार साहू,रामलखन प्रजापति, चंद्रशेखर, विकास केसरी ,श्याम जी ,राजकुमार, श्याम सिंह, प्राची पांडे ,अजय मिश्र, रितेश प्रजापति, वीरेंद्र कुमार,रंगलाल यादव, के डी कुमार, राकेश श्रीवास्तव,राकेश सिंह सहित सैकड़ों गणमान्य मौजूद रहे।

## निशुल्क स्वास्थ्य कैंप मे तीन सौ मरीजों का जांच कर दी गई दवा



**घूरपुर।** श्रद्धापुष्प डायग्नोस्टिक एंड पॉलीक्लिनिक सेंटर नैनी द्वारा रविवार के दिन निःशुल्क स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया। जिसमे तीन सौ मरीजों का स्वास्थ्य जांच कर मुफ्त में दवा वितरण किया गया। जिसमें लेप्रोसी मिशन हास्पिटल के त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ.एस.पी.पटेल और जनरल फिजिशियन डॉ.संजय वर्मा एवं नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ.जय गोपाल कुमार यादव, जनरल फिजिशियन डॉ संजय वर्मा, एसीएमओ डॉ वीर बहादुर सिंह, ने विभिन्न प्रकार के रोगियों का जांच कर दवा दी। और रोगों के लक्षणों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि बीमारियों के शुरुवाती लक्षण पहचान कर तत्काल चिकित्सक से इलाज करवाना चाहिए। अन्यथा लापरवाही बरतने से छोटी सी बीमारी आगे गंभीर रूप ले लेती है। बीमारियों के लक्षणों और बचाव के प्रति जागरूक किया।वहीं ठंड के मौसम में हृदय रोगियों सहित बच्चों को विशेष रूप से सावधानियां बरतने को सलाह दी गई। रोग के लक्षणों और बचाव के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही कोविड 19 से बचाव के बारे में जानकारी दी गई।निशुल्क दवा वितरण कंपनी एलड्रोन ने किया। पैथाकाइंड पैथॉलाजी द्वारा मरीजों का निशुल्क जांच किया।श्रद्धापुष्प डायग्नोस्टिक एंड पॉलीक्लिनिक सेंटर के निदेशक अरविंद सिंह, फरहान अहमद, रिजवान अहमद सहित सहायक टीम मौजूद रही।, संचालक पुष्पराज सिंह ने स्वास्थ्य टीम के प्रति आभार प्रकट किए।

# मकर संक्रांति स्नान के पहले ही माघ मेले में मिलने लगे कोरोना संक्रमित

## 24 घंटे में मिले मेले में दो कोरोना के मरीज

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** संगम की रेती पर माघ मेले में मकर संक्रांति के प्रथम स्नान पर्व से पहले ही कोरोना संक्रमण फैल गया है। 14 जनवरी को मेले का प्रथम स्नान पर्व होगा। इससे महज चार दिन पहले मेले में तैनात दो सिपाही कोरोना संक्रमित पाए गए हैं। एक सिपाही रविवार को संक्रमित पाया गया। जबकि, शनिवार की रात को भी एक सिपाही में संक्रमण की पुष्टि हुई थी। दोनों सिपाही एलआईयू की यूनिट में तैनात हैं। संतों-भक्तों के सबसे बड़े समागम के रूप में माघ मेला बसने से पहले ही नए वैरिएंट ओमिक्रॉन के खतरे के बीच कोरोना संक्रमण ने दस्तक दे दी है। रविवार को माघ मेला क्षेत्र में छह सौ श्रद्धालुओं, साधु-संतों और कर्मचारियों की जांच की गई। इसमें को माघ मेला क्षेत्र में ड्यूटी पर तैनात एक सिपाही कोरोना संक्रमित पाया गया। इससे पहले शनिवार को भी एक सिपाही कोरोना पॉजिटिव पाया गया था। इसी के साथ मेला क्षेत्र में कोरोना पीड़ितों की संख्या 24 घंटे के अंदर बढ़कर दो हो गई है। बढ़ते संक्रमण को देखते हुए सतर्कता बढ़ा दी गई है और मेला क्षेत्र में जांच दर भी बढ़ाई जा रही है, ताकि ज्यादा से ज्यादा मरीजों की पहचान कर उन्हें आइसोलेट किया जा सके। मुख्य चिकित्सा अधिकारी नानक सरन ने मेला क्षेत्र में दो सिपाहियों के संक्रमित होने की पुष्टि की। सीएमओ ने बताया कि अब तक 10 हजार से अधिक संतों-भक्तों की मेला क्षेत्र में जांच की जा चुकी है।स्वास्थ्य विभाग के मेला इंचार्ज जयकिशन ने बताया कि कोरोना संक्रमित मरीजों के पाए जाने के बाद मेला क्षेत्र में सतर्कता बढ़ा दी गई है। संक्रमण और बढ़ा तो उन स्थानों को हॉटस्पॉट के रूप में चिह्नित कर आवागमन प्रतिबंधित कर दिया जाएगा। दोनों संक्रमित सिपाही माघ मेला में एलआईयू की यूनिट में तैनात हैं।इनमें से एक को कोटवा और दूसरे को एसआरएन में आइसोलेट कर दिया गया है। साथ ही शिविरों में काम कर रहे मजदूरों, ठेकेदारों और कर्मियों की लगातार जांच की जा रही है। फिलहाल बाहर से आने वाले किसी साधु-संत और श्रद्धालु में अब तक संक्रमण की पुष्टि नहीं हुई है।



संगम क्षेत्र में स्नान करने जा रहे और श्रद्धालु

## खबर संक्षेप

### 65 लाख रुपये हड़पने वाले पिता पुत्र पर मुकदमा

**प्रयागराज।** चिंतामणि रोड जॉर्ज टाउन में एक मकान बेचने के नाम पर 65 लाख रुपये हड़पने का पिता व पुत्र पर आरोप लगा है। पीड़ित ने कोर्ट के आदेश पर जॉर्ज टाउन थाने में पिता-पुत्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जॉर्ज टाउन क्षेत्र के रहने वाले अनिल कुमार सिंह ने आरोप लगाया है कि चिंतामणि रोड निवासी बृजेश कुमार ने मकान बेचने के लिए उनसे सौदा किया। 24 लाख रुपये उनके बैंक खाते में ट्रांसफर किया। इसके बाद कई बार में कुल 65 लाख रुपए दिए। उसके बाद पता चला कि बृजेश कुमार उस मकान को नहीं बेच सकते वह मकान विवादित है। जबकि समझौते से पूर्व इस तथ्य को छुपा कर रखा गया था। साजिश के तहत उनसे लाखों रुपए हड़प लिए गए। अब रुपए मांगने पर धमकाया जा रहा है। इसी आरोप में बृजेश और उनके बेटे अनिल के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। पीड़ित अनिल कुमार सिंह ने भुगतान करने का प्रमाण भी पुलिस को सौंपा है। पुलिस का कहना है कि ठगी के मामले में विवेचना के बाद कार्रवाई की जाएगी।

### मौसम बिगड़ा तो एसएससी की परीक्षा में गिरा उपस्थिति का ग्राफ

**प्रयागराज।** कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) की ओर से रविवार को आयोजित कंबाइंड हायर सेकेंडरी लेवल (सीएचएसएल)-2020 टियर-2 परीक्षा में 73 फीसदी अभ्यर्थियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जबकि पिछली बार इसी परीक्षा में 83 फीसदी उपस्थिति थी। माना जा रहा है कि मौसम बिगड़ने और कोविड के बढ़ते प्रभाव के कारण परीक्षा में उपस्थिति का ग्राफ नीचे आया है।

सीएचएसएल-2020 टियर-2 परीक्षा में देश भर से 45480 अभ्यर्थियों को शामिल होना था, इनमें 14346 अभ्यर्थी एसएससी मध्य, प्रयागराज के तहत परीक्षा दे रहे थे। परीक्षा के लिए प्रयागराज में 34 केंद्र बनाए गए थे। परीक्षा सुबह एक सत्र में 11 से अपराह्न 12 बजे तक आयोजित की गई। प्रयागराज में परीक्षा के लिए पंजीकृत 14346 अभ्यर्थियों में से 10445 परीक्षार्थियों ने (72.81 फीसदी) अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। पिछली बार सीएचएसएल-2019 टियर-2 की परीक्षा में अभ्यर्थियों की उपस्थिति 83 फीसदी थी। प्रयागराज में लगातार तीन दिनों से हो रही बारिश को उपस्थिति कम होने का प्रमुख कारण माना जा रहा है इसके अलावा तेजी से फैल रहे कोविड संक्रमण के कारण भी उपस्थिति प्रभावित हुई है।

# हाईकोर्ट में आज से होगी वर्चुअल मोड में सुनवाई

## बार एसोसिएशन व प्रशासनिक कमेटी की बैठक में हुआ निर्णय

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट में सोमवार से सिर्फ वर्चुअल मोड में ही सुनवाई होगी। इस संबंध में रविवार को हाइकोर्ट प्रशासनिक कमेटी व बार एसोसिएशन की ऑनलाइन बैठक में निर्णय लिया गया है। बैठक की अध्यक्षता हाइकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति राजेश बिंदल ने की।बार अध्यक्ष राधाकांत ओझा ने प्रबल विरोध किया और ऑनलाइन सुनवाई की खामियों और उससे अधिवक्ताओं को होने वाली दिक्कतों को दृढ़ता से सामने रखा। इस पर मुख्य न्यायाधीश ने आश्वस्त किया कि नो एडवर्स आदेश प्रभावी रहेगा। किसी कोर्ट से लिंक न मिल पाने के कारण मुकदमो में कोई आदेश नहीं होगा ।मुख्य न्यायाधीश ने यह भी आश्वस्त किया कि यदि फ्रेश, बेल इत्यादि में किन्हीं कारणों से सुनवाई नहीं हो पाती है तो केस अगले दिन फ्रेश में सूचीबद्ध होगा, जबकि, याचिकाएं ऑन लाइन और ऑफलाइन दोनों मोड होंगी।

# मारपीट मामले में एसओ पर गिरी गाज

## आधी रात को हुई थी मोहल्ले में मारपीट

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** अतरसुइया के मीरापुर में आधी रात घर में घुसकर मारपीट के मामले में लापरवाही पर आखिरकार भारी पड़ी। एसओ दिनेश कुमार मौर्य रविवार को हटा दिए गए। आरोप है कि सूचना मिलने के बावजूद वह मौके पर नहीं गए। चुनावी माहौल में इस तरह की लापरवाही किसी बड़ी घटना का कारण भी बन सकती थी। साथ ही उनके खिलाफ जांच भी शुरू करा दी गई है।मीरापुर निवासी नरेश सिंह ने मारपीट, धमकी समेत अन्य मामलों में छह जनवरी को अतरसुइया थाने में चार नामजद समेत आठ पर मुकदमा दर्ज कराया था। इस मामले में पुलिस की लापरवाही की बात भी सामने आई थी। जांच पड़ताल में सामने आया कि घटना से पहले दोनों पक्षों की ओर से न सिर्फ पीआरवी बल्कि स्थानीय पुलिस को भी सूचना दी गई थी।बताया गया था कि माहौल तनावपूर्ण है और यहां कुछ भी हो सकता है। इसकी जानकारी एसओ को भी मिल गई थी, लेकिन वह मौके पर नहीं पहुंचे। इसके चलते ही मौके पर घर में घुसकर मारपीट की गई जिसमें कई लोग चोटिल भी हुए। एसएसपी अजय कुमार ने बताया कि सूचना के बावजूद मौके पर न पहुंचना लापरवाही है। ऐसे में एसओ को हटाया गया है। साथ ही जांच भी कराई जा रही है। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### डरा सहमा है परिवार

उधर मारपीट करने वालों पर अब तक कार्रवाई न होने से पीड़ित परिवार खौफजदा है। उसने उच्चाधिकारियों से मामले की शिकायत की है। साथ ही थाने के दरोगा पर आरोपियों से मिलीभगत का भी आरोप लगाया है। वादी के भाई सुरेश सिंह का आरोप है कि पांच जनवरी की देर रात मोहल्ले के ही मधुकर मिश्रा व अन्य उनके घर में घुस आए और फिर मारपीट की। महिलाओं से भी अभद्रता की। मारपीट में उनके भतीजे को गंभीर चोट आई। साथ ही परिवार के अन्य लोग भी जख्मी हुए, लेकिन पुलिस ने मामूली धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की और अब तक आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई भी नहीं की।

यह नहीं उल्टा उन्हीं के परिवार पर केस दर्ज कर दिया। उनका यह भी कहना है कि पूरी घटना की तस्वीरें पड़ोस के मकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई हैं।

## 400 से अधिक खंड शिक्षा अधिकारियों का हुआ तबादला

**प्रयागराज।** चुनाव की घोषणा के साथ ही बेसिक शिक्षा विभाग में कार्यरत 400 से अधिक खंड शिक्षाधिकारियों का तबादला कर दिया गया है। निर्वाचन आयोग ने 31 अक्तूबर को किसी जिले में तीन साल से अधिक समय से कार्यरत अधिकारियों का तबादला दूसरे जिले में करने के आदेश दिए थे। लेकिन बेसिक शिक्षा विभाग के अफसर सवा दो महीने से हाथ पर हाथ धरे बैठे रहे। शनिवार को अधिसूचना के बाद अपर निदेशक बेसिक ललिता प्रदीप ने देर रात 400 से अधिक खंड शिक्षाधिकारियों के तबादले के आदेश जारी कर दिए। ट्रांसफर होने वाले अधिकारी परेशान हैं कि आदर्श आचार संहिता लागू हो चुकी है। ऐसे में एक जिले से कार्यमुक्त होना और दूसरे जिले में कार्यभार ग्रहण करना मुमकिन नहीं। यही नहीं कई क्लर्कों का भी तबादला हुआ है। मजे की बात है कि साढ़े चार साल से प्रयागराज के जिला विद्यालय निरीक्षक आरएन विश्वकर्मा तबादले से बचे हुए हैं।

# मेजा विधायक नीलम करवरिया हो सकती हैं शहर उत्तरी से प्रत्याशी!

अखण्ड भारत संदेश

**सिरसा।** प्रयागराज विधानसभा मेजा विधानसभा चुनाव 2022 का शंखनाद होते ही कयासों का बाजार गर्म हो चला है। शनिवार शाम चुनाव आयोग के चुनावी घोषणा के पश्चात लोगों में विधानसभा मेजा की विधायक नीलम उदयभान करवरिया के प्रत्याशी बनाते जाने को लेकर चचाओं का दौर तेज हो गया है।

मेजा में एक कार्यक्रम के दौरान विधायक ने भी इस चर्चा पर विराम लगाते हुए कहा था कि वे मेजा से ही चुनाव लड़ेंगी अन्य किसी विधानसभा क्षेत्र से नहीं। गौरतलब हो कि पिछले कुछ दिनों से भाजपा में चर्चा है कि मेजा विधायक नीलम करवरिया को उत्तरी विधानसभा से लड़ाया जा सकता है। कुछ कार्यकताओं ने उन्हें उत्तरी विधानसभा चुनाव से लड़ाने की मांग की है। भाजपा नेता देवेंद्र नाथ मिश्र कहते हैं कि पार्टी श्रीमती नीलम करवरिया को मेजा से ही टिकट देगी। शहर उत्तरी से हर्षवर्धन बाजपेयी ब्राहमण प्रत्याशी है। अगर उन पर विचार न हुआ तो अन्य ब्राह्मण नेता भी इस सीट से प्रबल दावेदार हैं। फिलहाल मेजा में भाजपा से इंद्रदेव उर्फ राजू शुक्ला को लेकर चचाओं का दौर तेज है। सूत्रों की मानें तो राजू शुक्ला को लेकर संगठन गंभीर दिख रहा है। फिलहाल मेजा, बारा, कोरांव सीट वर्तमान में भाजपा के पास है। इन तीनों ही सीटों को लेकर पार्टी में मंथन चल रहा है कि तीनों ही विधायकों को बरकरार रखा जाए या किसी नए चेहरे को मौका दिया जाए। यही तस्वीर गंगापार की फाफामऊ और फूलपुर विधानसभा सीट भी है।



मुख्यमंत्री के साथ विधायक नीलम करवरिया

## विधानसभा चुनाव : दस फरवरी को पहले चरण का मतदान, दस मार्च को एक साथ होगी मतों की गिनती

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव सात चरणों में करवाए जाने की हैं। भारत निर्वाचन आयोग ने शनिवार की इसकी रूपरेखा घोषित कर दी है। चुनाव प्रक्रिया 14 जनवरी को पहले चरण की अधिसूचना घोषित करने से होगी। जबकि पहले चरण का मतदान दस फरवरी को होगा। पहले चरण का मतदान शुरू होने के बाद आगे के सभी चरणों की मतगणना तीस दिन के अंदर निपटा ली जाएगी। जबकि दस मार्च को मतों की गिनती एक साथ करवाई जाएगी। भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा निर्धारित की गई तिथियों पर चुनाव संपन्न करवाने को राज्य निर्वाचन आयोग ने भी तैयारी तेज कर दी है। जिला स्तर पर भी जिला प्रशासन ने आदर्श आचार संहिता के लगते ही अपनी तैयारी को अमल में लाना शुरू कर दिया गया।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त सुशील चंद्रा ने बताया कि 10 फरवरी को पहले चरण का मतदान होगा। जबकि दूसरे चरण का मतदान 14 फरवरी को, तीसरे चरण का 20 फरवरी को, चौथे चरण का मतदान 23 फरवरी को, पांचवें चरण का 27 फरवरी को, छठें चरण का तीन मार्च को और सातवें चरण का मतदान सात मार्च को करवाया जाएगा और मतों की गिनती सभी जिला मुख्यालयों पर दस मार्च को एक साथ करवाई जाएगी।

**प्रथम चरण के चुनाव की तिथियां** : प्रथम चरण में कुल 11 जनपदों में चुनाव करवाया जाएगा। इन 11 जनपदों में विधानसभा की कुल 58 सीटों पर वोट डाले जाएंगे। पहले चरण की अधिसूचना 14 जनवरी को जारी होगी। जबकि नामांकन की अंतिम तिथि 21 जनवरी निर्धारित की गई है। 24 जनवरी तक नामांकनपत्रों की जांच होगी और नाम वापसी के लिए तीनदिन मिलेगा, अर्थात 27 जनवरी तक नामवापसी हो सकेगी। इसके बाद दस फरवरी को मतदान संपन्न करवाया जाएगा।

**दूसरे चरण के चुनाव की तिथियां** : दूसरे चरण में नौ जनपदों की कुल 55 विधानसभा सीटों पर मतदान होना निर्धारित किया गया है। दूसरे चरण की अधिसूचना 21 जनवरी को जारी की जाएगी। इसके बाद नामांकन की अंतिम तिथि 28 जनवरी और नामांकन पत्रों की जांच 29 जनवरी तक की जाएगी। नाम वापसी 31 जनवरी तक की जा सकेगी। दूसरेचरण का मतदान 14 फरवरी को होगा।

**तीसरे चरण के चुनाव की तिथियां** : तीसरे चरण के चुनाव में सूबे के 16 जनपदों में एक साथ चुनाव करवाया जाएगा। इसमें 59 विधानसभा सीटें शामिल हैं। तीसरे चरण की अधिसूचना 25 जनवरी को घोषित होगी। इसके बाद एक फरवरी तक नामांकन किया जा सकेगा। नामांकन पत्रों की जांच दो फरवरी और नाम वापसी चार फरवरी तक हो सकेगी। तीसरेचरण का मतदान 20 फरवरी को होगा।

**चौथे चरण के चुनाव की तिथियां=** चौथे चरण में नौ जनपदों की कुल 60 विधानसभा सीटों पर चुनाव संपन्न करवाया जाएगा। चौथे चरण की अधिसूचना 27 जनवरी को जारी होगी। इस चरण में नामांकन की की अंतिम तिथि तीन फरवरी और नामांकन पत्रों की जांच चार फरवरी है। इसके बाद तीन दिन नाम वापसी के लिए मिलेंगे। सात फरवरी तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। चौथे चरण का मतदान 23 फरवरी को करवाया जाएगा।

**पांचवें चरण के चुनाव की तिथियां** : पांचवें चरण में 11 जिलों में चुनाव करवाया जाएगा। इसमें कुल 60 विधानसभा सीटें शामिल हैं। इस चरण में अधिसूचना एक फरवरी को घोषित होगी। जबकि नामांकन की अंतिम तिथि आठ फरवरी है। नौ फरवरी को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी और 11 फरवरी तक नाम वापसी होगी। इसके बाद 27 फरवरी को मतदान करवाया जाएगा।

**छठें चरण के चुनाव की तिथियां** : छठें चरण में सूबे के कुल दस जनपदों की 57 सीटों पर चुनाव करवाया जाएगा। छठें चरण की अधिसूचना चार फरवरी को लागू होगी। नामांकन की अंतिम तिथि 11 फरवरी घोषित की गई है। 14 फरवरी को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी और 15 फरवरी को नाम वापसी का अंतिम तिथि है। मतदान तीन मार्च को संपन्न करवाया जाएगा।

**सातवें चरण के चुनाव की तिथियां** : विधानसभा के अंतिम चरण अर्थात सातवें चरण में नौ जिलों की 54 सीटों पर मतदान करवाया जाएगा। अंतिम चरण की अधिसूचना दस फरवरी को लागू होगी। जबकि 17 फरवरी तक नामांकन किया जा सकेगा। इसके अलावा नामांकनपत्रों की जांच 18 फरवरी तक होगी। नाम वापसी के लिए उम्मीदवारों को तीन दिन का मौका मिलेगा। 21 फरवरी तक नाम वापसी हो सकेगी। जबकि सातवें चरण का मतदान सात मार्च को होगा।

# चुनाव प्रबंधन को लेकर कन्नौज के सांसद ने जिला पदाधिकारियों के साथ की बैठक

## प्रदेश महामंत्री सुब्रत पाठक ने चुनाव संचालन समिति के माध्यम से जाना जिले का चुनावी समीकरण

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** प्रदेश महामंत्री सांसद कन्नौज सुब्रत पाठक ने आगामी विधानसभा चुनाव प्रबंधन के दृष्टिगत जिला पदाधिकारियों एवं वरिष्ठ कार्यकताओं की बैठक की। उन्होंने चुनाव संचालन समिति से जिले का मिजाज जाना और समीकरणों पर चर्चा की। विधानसभा वार जातिगत आंकड़े, उनके मुद्दे और वर्तमान स्थिति भी पूछा। सुब्रत पाठक ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देश एवं प्रदेश में भय एवं भ्रष्टाचार मुक्त शासन दिया है। सुब्रत ने कहा कि उत्तर प्रदेश में 2022 के चुनाव में भाजपा की जीत कार्यकताओं के दम पर होगी और कार्यकर्ता जनता का आशीर्वाद लेकर चुनाव जीतेंगे। ने 'बूथ जीता, तो उत्तर प्रदेश जीता' का संकल्प दिया। मतदाता सूची का प्रकाशन हो गय है और उसकी जांच कर अगर किसी कार्यकर्ता का नाम छूट रहा है तो उसे जुड़वाने का प्रयास करें। यह टीम अपने गांव, कस्बे और अपने वार्ड में भाजपा सरकार की उपलब्धियों के साथ ही यहां लोगों के बीच भाजपा के पक्ष में माहौल बनाएगी। इस बैठक में संगठन की कार्यशैली और चुनाव के अन-?य एजेंडों पर चर्चा हुई। इस दौरान जिला प्रभारी नागेंद्र रघुवंशी ने कहा कि बूथ स्तर तक के कार्यकताओं से नियमित संपर्क कर उन्हें सक्रिय रखना है। मतदाता सूची का प्रकाशन हो गय है और उसकी जांच कर अगर किसी कार्यकर्ता का नाम छूट रहा है तो उसे जुड़वाने का प्रयास करें। यह टीम अपने गांव, कस्बे और अपने वार्ड में भाजपा सरकार की उपलब्धियों के साथ ही यहां लोगों के बीच भाजपा के पक्ष में माहौल बनाएगी। इस बैठक में संगठन की कार्यशैली और चुनाव के अन-?य एजेंडों पर चर्चा हुई। इस दौरान जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्रा ने कहा कि उन्होंने निर्देश दिया है कि संगठन स्तर पर सभी पदाधिकारियों को सक्रिय किया जाए. पन्ना प्रमुख, बूथ अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष व मंडल प्रभारियों को जमीनी स्तर पर काम करने के लिए प्रोत्साहित किया जाए. केंद्र सरकार के सात वर्षों और प्रदेश सरकार के कार्यों को प्रचारित प्रसारित करें. इस अवसर पर राघवेंद्र शुक्ला, राजेंद्र मेसराम राजेश मिश्रा राजन, सरोज त्रिपाठी, अशोक मिश्रा अशोक सरोज, रोहित सिंह, पवन गौतम, राजेश सिंह, संजय मिश्रा सहित सभी मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारी विधान सभा प्रभारी उपस्थित रहे।



पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ बैठक करते सांसद सुब्रत पाठक

## तीसरी लहर का पहला एल वन अस्पताल चालू, एक मरीज भर्ती

**प्रयागराज।** जिले में तेजी से बढ़ रहे कोरोना संक्रमितों की संख्या को देखते हुए रविवार को पहला एल वन अस्पताल चालू कर दिया गया। कोटवा एट बनी सीएचसी को 60 बेड का कोविड अस्पताल बनाया गया है। यहां हल्के लक्षण वाले कोरोना मरीजों को भर्ती कराया जाएगा। अस्पताल के शुरू होने के साथ पहले ही दिन यहां एक मरीज को भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक माघ मेले में सुरक्षा में लगा एक पुलिस का जवान जांच में कोरोना पॉजिटिव पाया गया। उसे इलाज के लिए कोटवा भेजा गया है।

### यूनानी अस्पताल भी बनेगा एल वन कोविड अस्पताल

कोरोना संक्रमित मरीजों की तेजी से बढ़ रही संख्या को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग की ओर से तैयारियां शुरू कर दी गई है। कोटवा एट बनी के बाद अब यूनानी अस्पताल को भी एल वन कोविड अस्पताल बनाने की तैयारी शुरू हो गइ। कोरोना की दूसरी लहर में इसे 100 बेड का अस्पताल बनाया गया था। ऐसे में इस बार भी इतने ही बेड का अस्पताल बनाने की तैयारी है। डॉक्टरों के मुताबिक कोरोना की तीसरी लहर में हल्के लक्षण वाले संक्रमित मरीजों की संख्या अधिक है। इसलिए लेवल वन अस्पतालों की अधिक संख्या में जरूरत है। ऐसे में जरूरत पड़ी तो कालिंदीपुरम आवास योजना सहित अन्य अस्पतालों को भी लेवल वन में तब्दील किया जा सकता है।

### बेली में आज से भर्ती होंगे मरीज

कोरोना की तीसरी लहर को देखते हुए बेली अस्पताल को भी कोविड का लेवल 2 अस्पताल बना दिया गया है। सोमवार से यहां मरीज भर्ती किए जाएंगे। यहां पर कोरोना केमध्यम लक्षण वाले मरीजोंको रखा जाएगा। 226 बेड वाले अस्पताल में कोविड संक्रमितों के लिए ऑक्सीजन प्लांट भी लगाए गए है। प्लांट से पाइप लाइन के जरिए बेडों पर सीधे ऑक्सीजन की सप्लाई दी गई है। कुछ बेडों पर ऑक्सीजन सिलेंडर से मरीजोंको ऑक्सीजन उपलब्ध करायी जाएगी।कोरोना संक्रमितों के लिए एल वन अस्पताल बनाए गए हैं। हमारे पास पर्याप्त संख्या में बेड मौजूद हैं। इन पर हल्के लक्षण वाले मरीजों को भर्ती कर इलाज किया जाएगा।

# चुनाव अधिसूचना जारी होने के बाद यमुनापार में पुलिस अधिकारियों ने उतरवाया होर्डिंग व बैनर

अखंड भारत संदेश

**जारी।** विधानसभा चुनाव 2022 की अधिसूचना जारी होते ही कौंधियारा पुलिस अलर्ट हो गई है । आचार संहिता के अनुपालन के लिए हर पहलू पर बारीकी से नजर रखी जा रही है । इसी के तहत कौंधियारा व जारी कस्बे के प्रमुख चौराहा व विभिन्न मोहल्लों में राजनीतिक दलों की ओर से लगाए गए होडिंग व बैनर को जारी पुलिस ने उतरवा दिया । साथ ही लोगों को आचार संहिता के बारे में भी जानकारी दी जा रही है । इतना ही नहीं विधानसभा चुनाव की तारीख भी नियत कर दी गई है । चुनाव आयोग के जारी फरमान के बाद कौंधियारा पुलिस प्रशासन अलर्ट हो गया है । रविवार को कौंधियारा व जारी पुलिस कर्मियों ने सड़क किनारे व सार्वजनिक स्थानों पर लगाए गए चुनाव प्रचार के होर्डिंग्स व बैनर आदि को उखड़वा दिया । विधानसभा चुनाव 2022 की चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद जारी में चुनाव हलचल और बढ़ गई है शनिवार को आयोग का निर्देश जारी होने के बाद कौंधियारा पुलिस प्रशासन अलर्ट हो गया है । इतना ही नहीं दीवारों पर प्रचार करने के लिए लिखे गए अक्षरों को भी कौंधियारा पुलिस प्रशासन ने मिटवा दिया । कौंधियारा पुलिस प्रशासन की सक्रियता से विधानसभा चुनाव और तेज गति पकड़ लिया है । हालांकि चुनाव आयोग ने चुनाव प्रक्रिया निष्पक्ष व शांतिपूर्ण संपन्न कराए जाने के लिए कई नियम को लागू किया है । इस दौरान र.ऊट बारा ,उ.ड बारा थाना अध्यक्ष कौंधियारा, जारी चौकी इंचार्ज ने लोगों से कहा कि जो भी पार्टी या नेता बिना अनुमति के किसी की छत या दुकान पर अथवा खम्भों में बैनर पोस्टर लगाता है तो उसकी सूचना तुरंत दें चुनाव आचार संहिता के तहत कार्रवाई की जाएगी।



अधिसूचना के बाद प्रशासनिक अमला मुस्तैद सड़कों से बैनर व होर्डिंग हटवाती

## लगातार बारिश से जन जीवन प्रभावित

**जंघई।** लगातार बारिश से जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है बारिश के कारण सड़कों पर जल जमाव हो गया है लोगों का घर से निकलना दूभर हो गया है। जल जमाव के कारण दो पहिया वाहन चालकों पैदल चलने वालों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा। आवागमन में भी दिक्कतों का सामना लोगों को करना पड़ रहा। पशु, पक्षी फसल, खेत, खलिहान, किसान, गृहणी एवं दुकानदार सभी बारिश में प्रभावित है।

## श्री महावीर इंटर कॉलेज में बच्चों का कोविड टीकाकरण हुआ

**जंघई।** श्री महावीर इंटर कॉलेज रस्तीपुर प्रांगण में शिक्षा ग्रहण कर रहे बच्चों एवं अन्य ग्रामीणों को जिनकी उम्र 15 से 18 वर्ष के बीच है उनको प्रतापपुर ब्लॉक की स्वास्थ्य टीम द्वारा कोविड की वैक्सीन लगाई गई।प्रधानाचार्य सतीश त्रिपाठी ने बताया कि जिला विद्यालय निरीक्षक प्रयागराज के निर्देश पर श्री महावीर इंटर कॉलेज रस्तीपुर मे टीकाकरण 8 जनवरी से प्रारंभ है 10,11 जनवरी तक समस्त बच्चों का कोविड टीकाकरण होगा सभी बच्चे टीकाकरण करवा लें।

# नेशनल स्तर पर गोपाल विद्यालय नें फिर से परचम लहराया

अखंड भारत संदेश

**कोराव।** गत सात एवम, 8 तथा 9 जनवरी को मथुरा में भारतीय खेल शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित राष्ट्रीय खेल में उत्तर प्रदेश की तरफ से प्रतिभाग कर गोपाल विद्यालय इण्टर कालेज कोरांव के छात्रों नें परचम लहराया। उल्लेखनीय है कि गोपाल विद्यालय कोरांव के अंग्रेजी माध्यम में कक्षा 11 में अध्ययनरत छात्र संदीप तिवारी नें 100 मीटर की दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त करके गोल्ड मेडल हासिल किया अंग्रेजी माध्यम में कक्षा 8 में अध्ययनरत छात्र मोहम्मद आरिफ नें 200 मीटर की दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त करके गोल्ड मेडल हासिल किया। साथ ही हिन्दी माध्यम में कक्षा 10 में अध्ययनरत छात्र विकाश यादव ने 400 मीटर की दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त करके गोल्ड मेडल हासिल किया विद्यालय के छात्र आदर्श मिश्रा नें शॉट फुट गोला में भी प्रथम स्थान प्राप्त कर-के गोल्ड मेडल हासिल किया । जिसपर विद्यालय प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष रुद्र नारायण बाजपेयी ने बताया कि भविष्य में प्रदेश ही नही पूरे भारत का नाम ये छात्र रोशन करेंगे। उन्होंने कहा जहाँ भी विद्यालय स्तर के सहयोग की जरूरत होगी मैं खड़ा मिलूँगा बाजपेयी ने बताया कि क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में समाज को नई दिशा देने के लिए विद्यालय स्तर से अधिक से अधिक प्रयास निरन्तर अध्यापक एवं अध्यापिकाओं द्वारा किया जाता रहा है और आगे भी होता रहेगा। प्रधानाचार्य डॉ0 शाबिर अली नें हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम के सभी शिक्षकों को बधाई दी अध्यापक गोविन्द मिश्र नें बताया कि समाज में प्रतिभा की कमी नही है केवल निखारने की जरूरत है।

अंग्रेजी माध्यम में खेल की शुरूआत इसी वर्ष से हुई जिसमें प्रदेश स्तर तक छात्रों नें परचम लहराया इस अवसर पर आजाद बहादुर सिंह, अरुण शुक्ल, विद्याकान्त तिवारी, राकेश कुमार सिंह, अपूर्व त्रिपाठी, बृजेश श्रीवास्तव, पन्नालाल श्रीवास्तव, ऋषिकेश कुमार, अखिलेश पाण्डेय, ज्योतिषी मिश्र, विवेक उपाध्याय, कृष्ण भान एवं हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम के अध्यापक/ अध्यापिकाओं नें छात्रों को बधाई दी।



## नवाबगंज क्षेत्र में सरकारी अलाव नदारद

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** चार दिनों से समूचा क्षेत्र शीत लहरी की चपेट में चल रहा है लेकिन कही भी सरकारी अलाव की ब्यवस्था तहसील शासन प्रशासन द्वारा नही की गई कुंडा, मानिकपुर नवाबगज क्षेत्र इन दिनों कड़ाके की ठंड की चपेट में चल रहा है लेकिन तहसील क्षेत्र के प्रमुख बाजारों में सरकारी अलाव की सुविधा नदारद दिखाई दे रही है जब कि प्रदेश सरकार कड़ाके की ढंड से बचाव के लिए तहसील स्तर पर अलाव जलाने के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के खाते में पैसा भेजती है लेकिन कहीं भी अलाव की ब्यवस्था लेखपाल व वन विभाग नहीं करा सका जब कि थाना क्षेत्र मे सड़क किनारे सूखे जर्जर पेड़ खड़े हुए है जिसे वन विभाग न तो हटवा रहा है और न ही कही अलाव जलाने की ब्यवस्था कर रहा हैं। ऐसे में राहगीरों को सर्दी में ठिठुरना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने जिलाधिकारी डॉ नितिन बंसल से प्रमुख बाजारों में अलाव जलवाने के लिये इस ओर ध्यान आकृष्ट कराया है।

# जिले में 24,43576 मतदाता करेंगे सात विधायकों के भाग्य का फैसला

## कुण्डा, बाबागंज, रामपुर खास व पट्टी होगा अर्द्धसैनिक बलों के हवाले

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल ने रविवार को पत्रकारों को बताया कि प्रतापगढ़ के सातों विधान सभा क्षेत्र में 27 फरवरी को मतदान होगा। एक फरवरी को निर्वाचन की अधिसूचना होगी। आठ फरवरी तक नामांकन होंगे। नौ को नामांकन पत्रों की जांच होगी। ग्यारह तक नाम वापसी होगी।

इस बार में जिले में 24 लाख 43 हजार 576 मतदाताा हैं जिसमें 13 लाख 2789 पुरुष मतदाता तथा 11 लाख 40 हजार 535 महिला मतदाता तथा 252 अन्य हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि इस बार का चुनाव कोविड के कारण कुछ अलग ढंग से होगा। अफीम कोठी में नामांकन करने वालों के साथ केवल दो लोग अंदर जा सकेंगे। उन्होंने बताया कि जिले में 18070 दिव्यांग मतदाता हैं। मतदान दिवस पर उनकी दिव्यांगता के अनुसार मतदेय स्थलों पर सुविधा प्रदान की

### इस बार अफीम कोठी में होगा नामांकन



पत्रकारवार्ता में बोलते जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल।

जाएगी। उन्होंने बताया कि निर्वाचन तिथियों की घोषणा के बाद आचार संहिता लागू हो गई है। 15 जनवरी तक रैलियों, रोड शो तथा नुक्कड़ सभा व पदयात्रा पर रोक लगा दी गई है। सांसद और विधायक निधियों से कोई धनराशि जारी नहीं की जाएगी। डीएम ने बताया कि 21 उड़नदस्ता टीम, 21 स्थायी निगरानी टीम, एक एमसीसी, सहायक प्रेक्षक सात, वीडियो अवलोकन टीम सात, लेखा टीम सात, मीडिया प्रमाणन और अनुवेक्षण समिति एक, व्यय अनुवेक्षण नियंत्रण एवं काल सेंटर की संख्या एक (तीन टीम है)। जिले में डिस्ट्रिक कान्टैक्ट सेंटर की स्थापना की गई है जिसका नम्बर 1950 एवं 05342-220431 है। 1950 पर चुनाव से सम्बन्धित शिकायत या सुझाव दे सकते हैं। पत्रकारवार्ता में उपस्थित पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने बताया कि जिले को 31 जोन व 217 सेक्टर में बांटा गया है। उन्होंने बताया कि अर्द्धसैनिक बलों को कुण्डा, बाबगंज, रामपुर तथा पट्टी में तैनात किया जाएगा। एसपी ने बताया कि 7617 लोगों को पाबंद किया गया है। 5887 लीटर अवैध शराब बरामद की गई है। 49 लोगों पर गैंगस्टर और 329 पर गुण्डा एक्ट लगाया गया है। पूरे जिले में 243 चेकिंग प्वाइंट बनाये गये हैं। एक थाना क्षेत्र से दूसरे थाना क्षेत्र में जाने पर चेकिंग प्वाइंट मिलेंगे। पूरे जिले में शांतिपूर्ण व निष्पक्ष चुनाव कराने के लिये प्रशासन कटिबद्ध

## सफलता पर मेधावी को मिला सम्मान

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** मेधावी की पुलिस सेवा मे चयनित होने को लेकर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। क्षेत्र के कमयनपुर नानूपुर के मो. इद्रीश सिददीकी की पुत्री अरैना सिददीकी का चयन यूपी पुलिस सेवा मे हुआ है। अरैना की सफलता पर विजार्ड एकेडमी मे आयोजित सम्मान समारोह मे उपलब्धि को महिला सशक्तीकरण की सफलता कहा गया। बतौर मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख अमित प्रताप सिंह व विशिष्ट अतिथि महमूदआलम एवं प्रधान जावेद व संचालक रमेश यादव ने अरैना को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रमेश यादव व संचालन महेन्द्र यादव ने किया। इस मौके पर आशुतोष मिश्र, डा. वीरेश, हरिप्रकाश, शिवकुमार, जमील खॉन, प्रमोद वर्मा, प्रीतेन्द्र ओझा, शकील खान, अभिनव मिश्र आदि रहे।

## आरोग्य मेले मे पन्चान्वें मरीजों की हुई निशुल्क जांच

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** रविवार को क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नोती व पहाड़पुर तथा रानीगंज कैथौला मे हुए आरोग्य मेले मे मरीजों की भारी तादात देखी गयी। मेले मे मलेरिया, तपेदिक, शुगर तथा स्त्री रोग से सम्बन्धित मरीजों का निशुल्क परीक्षण हुआ। लालगंज सीएचसी अधीक्षक डा. अरविंद गुप्ता ने बताया कि मेले मे पन्चान्वें मरीजों की जांच की गई। जांच के उपरांत मरीजो को निशुल्क दवा व परामर्श भी दिया गया। अधीक्षक ने मेले के प्रबन्धों का जायजा लेते हुए लोगों को कोरोना से बचाव की जागरूकता भी दी। मेले का संयोजन धारूपुर के प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. नीरज शुक्ल ने किया।

# धूमधाम से मनाया गया गुरु गोविन्द महराज का 355वां प्रकाश पर्व

## शहर में नानकशाही गुरुद्वारा से निकली शोभा यात्रा



शोभा यात्रा में रथ के आगे पंच प्यारे।

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** गुरु गोविन्द महराज का 355वां प्रकाश वर्ष श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गुरुद्वारा नानकशाही बाबागंज से रविवार को अपरान्ह लगभग चार बजे भव्य शोभा यात्रा निकली जो चैक घंटाघर, जिला अस्पताल होते हुए शाम गुरुद्वारा सिंह सभा पंजाबी कालोनी पर समाप्त हुई।

इस अवसर पर बाबागंज स्थित गुरुद्वारा नानकशाही आकर्षक ढंग से सजाया गया था। बूंदाबांदी के बीच लगभग चार बजे डीजे और कीर्तन पार्टी द्वारा भजन कीर्तन करते हुए शोभा यात्रा निकली। शोभा यात्रा में कई तरह के करतब भी दिखाए गए। शोभा यात्रा में प्रमुख रुप से मंजीत सिंह छाबड़ा, मंजीत सिंह गोविन्द, जगमीत सिंह सलूजा, कर्मजीत सिंह, सर्वजीत सिंह, नरेन्द्र सिंह, अमोलक सिंह, परमप्रीत सिंह, रवीन्द्र सिंह, ज्ञानी विपिन, प्रीत सिंह, ज्ञानी मनोहर सिंह आदि लोग मौजूद रहे। गुरु ग्रंथ साहिब जी की पालकी फूलों से सजे रथ पर रखी गई थी। भजन कीर्तन करने से पूरा जुलूस भक्तिमय हो गया था। इसके पहले सुबह साढे.दस बजे गुरुद्वारा नानक शाही बाबागंज में अखण्ड पाठ किया गया। इसके बाद विशेष कीर्तन दरबार सजाया गया। गुरुघर के हुजूरी रागी बिपिन सिंह एवं सिंह सभा के ज्ञानी भाई मनोहर सिंह सबद कीर्तन कर रहे थे। बारह बजे से डेढ़ बजे तक तरन तारन पंजाब से आए भाई दिलीप सिंह ने अपने जत्थे के साथ कीर्तन किया और गुरु गोविन्द सिंह के इतिहास को बताया। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की तरफ से कराये गये गुरुमत ज्ञान प्रतियोगिता में शामिल 140 प्रतिभागियों को शील्ड व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित भी किया गया।

## लंबी बीमारी के बाद अधेड़ की मौत, परिजनों में शोक

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी तहसील क्षेत्र के सराय महेश छतेड़ी में लंबी बीमारी के बाद एक अधेड़ की मौत हो जाने से परिजनों में शोक की लहर दौड़ पड़ी। गांव के लोग शोक संवेदना प्रकट करने मृतक के घर पहुंच रहे है। पट्टी तहसील क्षेत्र के सिरनाथ पुर सराय महेश छतेड़ी गांव के रहने वाले लालचंद्र 52 काफी दिन से बीमारी से ग्रसित थे परिजन उनका इलाज प्रयागराज स्थित स्वरूप रानी हॉस्पिटल में करा रहे थे शनिवार को तबीयत अधिक खराब होने के बाद रविवार की सुबह सात बजे लालचंद्र की मौत हो गई जिसे परिजनों में शोक की लहर दौड़ पड़े उनके बेटे सत्य प्रकाश की शादी हो चुकी है लेकिन परिवार में पिता का साया उठने से वह काफी दुखी हैं लालचंद की मौत में क्षेत्र के लोग उनके घर शोक संवेदना प्रकट करने पहुंच रहे हैं।

## दूसरे दिन भी जारी रहा होर्डिंग-बैनर उतारने का सिलसिला

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़/परियावां।** जिला प्रशासन चुनाव आयोग की घोषणा के बाद से ही राजनैतिक दलों की होर्डिंग, बैनर पोस्टर उतरवा रहा है। शनिवार को अम्बेडकर चैराहा, रोडवेज, बस स्टेशन पर पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल स्वयं अपने दल-बल के साथ होर्डिंग उतरवाने में लगे रहे।

रविवार को जिलाधिकारी के निर्देश पर अधिशाषी अधिकारी मुदित सिंह ने अपने दल-बल के साथ कटरा रोड पर विकास भवन, मीरा भवन चैराहा, चैक, सदर मोड, चिलबिला, महुली में होर्डिंग व बैनर उतरवाया। जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल ने बताया कि 72 घंटों के अंदर राजनैतिक दलों के होर्डिंग बैनर उतरवाने सहित अन्य महत्वपूर्ण निर्देश दिये गये थे जिसके तहत यह कार्यवाही की जा रही है। इस कार्यवाही में नगर पालिका के ईओ मुदित सिंह के अलावा आरआई लाल बहादुर सिंह, मिथिलेश सिंह, प्रशांत सिंह, सफाई निरीक्षक एसके सिंह भी थे। अधिशाषी अधिकारी मुदित सिंह ने बताया कि आज नगर क्षेत्र के होर्डिंग, बैनर उतारने का काम पूरा हो गया है। परियावां प्रतिनिधि के

### आचार संहिता लगते ही नवाबगज पुलिस हुई सक्रिय



नगर में लगी होर्डिंग को उतारते कर्मचारी।

अनुसार विधान सभा चुनाव की तिथि घोषित होने के साथ आचार संहिता लागू होने पर नवाबगज पुलिस हरकत में आ गई। थाना क्षेत्र के प्रमुख बाजारों में पुलिस की गाडी की हूटर की आवाज सुनाई देने लगी प्रतापगढ़ के कुंडा व बाबागंज विधान सभा मे पांचवे चरण के 27 फरवरी को मतदान निर्धारित किया गया है जिसको लेकर शासन प्रशासन पूरी तरह चैकन्ना हो गई है चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने व आचार संहिता का कड़ाई के साथ पालन करने की तैयारी कर लिया है। पुलिस ने आचार संहिता लागू होने पर परियावां, नवाबगज, आलापुर, रामनगर, अन्सारगंज, अदलाबाद, लवाना, कुसुवापुर, रेवली मोड़ बरियावां प्रमुख बाजारों व कस्बो में लगे राजनीतिक होर्डिंग बैनर पोस्टर को हटवा कर क्षतिग्रस्त कर दिया।

# खेत में तब्दील सुर्खी साइडिंग का रास्ता चलना हुआ दूभर

## लगातार रिमझिम बरसात से लोग हलकान



फोटो 4-सुर्खी साइडिंग सड़क पर फैला कीचड़।

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़/परियावां।** मालगोदाम सुर्खी साइडिंग की सड़क बारिश में खेत में तब्दील हो गई है। स्लीपर से निकली मिट्टी सड़क पर फैलने से कीचड़ हो गया है। जिससे राहगीरों का चलना दूभर हो गया है। बाइक सवार फिसल कर गिर रहें है। उनके हाथ पैर टूट रहे हैं। लोग इसका जिम्मेदार रेलवे को मान रहे हैं। हाल ही में ट्रैक और स्लीपर बदलने का काम शुरू हुआ।

इस दौरान जो मिट्टी निकली उसको हटाने के बजाय वहीं पर छोड़ दिया गया। बारिश में मिट्टी गीली होकर सड़क पर फैल गई है। जिससे जगह जगह कीचड़ हो गया है। रास्ता बद से बदतर हो गया है। पैदल चल नहीं सकते हैं।

बाइक वाले कीचड़ में फंस जा रहे हैं। गिरकर चोटहिल हो रहे हैं। परियावां प्रतिनिधि के अनुसार चार दिनों से लगातार हो रही रिमझिम बरसात से अब लोग आजिज आ चुके है अब यही कह रहे है कि हे इंद्र देव अब बारिश बन्द करो और सूर्य देवता के दर्शन कराओ लगातार चार दिनों की बारिश ने लोगो को घरों में कैद कर दिया है जिससे लोग घरों में रहकर ऊब चुके है बारिश से सारा जन जीवन अस्त ब्यस्त हो गया है रविवार की दोपहर बादलों के साथ बिजली की गड़गड़ाहट से पानी के साथ हल्के से मटर के दाने जैसे मामूली ओले भी इक्का दुक्का गिरे सुबह से शाम तक रिमझिम बरसात होती रही। सड़कों व बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा।

## खाद्यान वितरण अचानक बन्द होने से हुई परेशानी

**परियावां, प्रतापगढ़।** डीएसओ प्रतापगढ़ के आदेश पर रविवार को अचानक दोपहर सवा दो बजे कार्डधारकों को फ्री में मिलने वाला खाद्यान बन्द करा दिया गया जिससे गाव के आधे से ज्यादा कार्डधारक अपना राशन नही ले सके। सुबह से हो रही बरसात की परवाह न करते हुए कार्डधारक परियावां व परसई की राशन की दुकान से राशन लेने पहुचे जहॉ वारिश की परवाह न करते हुए भीगते पानी के बीच लाइन में लगे रहे कि अचानक सवा दो बजे डीएसओ रीना कुमारी का फोन पर आदेश आने पर राशन वितरण करना बन्द कर दिया गया जिससे कार्डधारकों को पानी मे भीगते बैरंग वापस लौटना पड़ा जब कि अभी फ्री में मिलने वाला राशन वितरण का समय 15 जनवरी तक है। राशन वितरण से वंचित कार्डधारक ऊहा पोह की स्थिति में है कि हम लोगो को राशन मिलेगा या नहीं। इस बारे में जब परियावां कोटेदार संचालक धीरज कुमार से पूछा गया तो बताया कि डीएसओ का आदेश आया है तत्काल राशन वितरण बन्द कर दो इसलिए मैंने दुकान बन्द कर दिया। इस बारे में जब जानकारी करनी चाही तो डीएसओ का फोन नही उठा और अधिक जानकारी करने पर मालूम हुआ कि आचार संहिता को देखते हुए आयोग ने कार्डधारकों को फ्री में मिलने वाला चना ,नमक, रिफाइंड पर छपे मोदी व योगी के ट्रैक पर रोक लगा दी है।

# श्रीराम कथा का श्रवण जीवन का सुफल सौभाग्यः सुरभि वैदेही

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर मे हो रही संगीतमयी श्रीराम कथा मे रविवार को आस्था मौसम पर भारी पड़ी दिखी। संगम चैराहे के समीप सभागार मे हो रही कथा मे श्रद्धालुओं ने कथा का रसपान किया। कथाव्यास चित्रकूट धाम से पधारीं सुश्री मानस चातकी सुरभि वैदेही जी ने कहा कि श्रीराम कथा ही कलि के कलिकाल मे प्राणी का कल्याण की साधना है। उन्होनें कहा कि श्रीराम का लोक अवतरण सदैव हमें सत्य के रास्ते पर जीवन दर्शन को फलीभूत करने का संदेश दिया करता है। उन्होने भगवती सीता के अनुपम त्याग और श्रीराम के अतुलनीय धैर्य व पराक्रम के संतुलन को रामावतार का सबसे मजबूत

### संगम चौराहे पर हो रही राम कथा



श्रद्धालुओं को रामकथा का मर्म समझातीं कथाव्यास।

पक्ष निरूपित किया। रामलला के मनमोहक भजनों के बीच कथाव्यास वैदेही जी ने कहा कि रघुकुल की रीति सदैव प्राणी पर दया और उसके उद्धार के मार्ग प्रशस्त किये जाने की रही है। उन्होंने कहा कि श्रीराम ने राक्षसी प्रवृत्तियों का संहार कर मनुष्य को जीवन पथ पर धर्म के आधार पर संस्कारित कर्म की तपस्या की सीख दी। कथाव्यास ने कहा कि मनुष्य को भगवान के प्रति निश्छल मन से समर्पित होते हुए जेहिं विधि होई नाथ हित मोरा की चैपाई को सदैव आत्मसात करते रहना चाहिये। उन्होने कहा कि भगवान की कथा का रसपान कर पाना भी मनुष्य के सहश्र सौभाग्य मे एक है। वैदेही जी ने बताया कि कौशिल्यानंदन श्रीराम ने माता एवं पिता की भक्ति तथा भातृत्व प्रेम का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत करते हुए सामाजिक समरसता की चेतना को जागृत रखने की प्रेरणा भी दी है। कथा के दौरान श्रीसीताराम नाम के संकीर्तन पर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध देखा गया। कथा के शुभारंभ पर आयोजक जय कौशल व संयोजक राजा शुक्ला ने कथाव्यास का श्रीमाल्याभिषेक किया। चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी व क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने भी श्रीराम कथा मे पहुंचकर कथाव्यास वैदेही जी का सारस्वत सम्मान किया। इस मौके पर स्वामी नरेन्द्र ओझा, संजय शुक्ल, जगदीश द्विवेदी, गीता सिंह, शुभम श्रीवास्तव, अनूप तिवारी, अंजनी अमोघ, अभिषेक पाण्डेय, सर्वेश मिश्र, आचार्य रामअवधेश मिश्र, मंगलेश सिंह, महर्षि पाण्डेय, रामअभिलाष यादव आदि रहे। आभार प्रदर्शन समाजसेवी डा. अंजनी कौशल ने किया।

## विभिन्न थाना क्षेत्रों से छह वारण्टी अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** विभिन्न थाना क्षेत्रों से छह वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार किये गये हैं। थाना अंतू से उ0नि0 शुभनाथ साहनी मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित, वारण्टी के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर मु0सं0 628/19 धारा 434, 504, 506, 427 भादंवि से संबंधित दो वारण्टी अभियुक्त भगवान दास पुत्र लक्ष्मी नारायण व शिवपूजन पुत्र प्रसिद्ध नारायण निवासीगण साधौपुर थाना अंतू को उनके घर से गिरफ्तार किया गया।

थाना कंधई से उ0नि0 घनश्याम मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित, वारण्टी के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर मु0सं0 996/14 धारा 147, 148, 149, 302, 201 भादंवि से संबंधित वारण्टी अभियुक्त अरविन्द सरोज उर्फ भैंसे सरोज पुत्र बैरागी सरोज निवासी अमारी थाना कंधई को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। थाना बाघराय से उ0नि0 सतीश कुमार मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित वारण्टी के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर मु0सं0 80/15 धारा 323, 325, 504 भादंवि से संबंधित दो वारण्टी अभियुक्त राजकुमार पुत्र रामलाल व रामलाल पुत्र भगोही प्रसाद निवासीगण कमार्जीत पट्टी थाना बाघराय को उनके घर से गिरफ्तार किया गया।

## खबर संक्षेप

### शराब के साथ दो अभियुक्तों गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जिले में चलाए जा रहे अवैध शराब के निर्माण एंव तस्करी के विरुद्ध अलग अलग थानों द्वारा 26 लीटर अवैध शराब के साथ दो अभियुक्तो को गिरफ्तार कर उनका चालान न्यायालय कर दिया है जानकरी के मुताबिक थाना कौशाम्बी पुलिस बल द्वारा अभियुक्त दानी निषाद पुत्र धुन्नु निवासी बड़ा गढ़वा थाना कौशाम्बी को गिरफ्तार कर कब्जे से 16 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है। इसी प्रकार थाना चरवा पुलिस बल द्वारा अभियुक्त बलराम पुत्र मोहन लाल निवासी बिरौली थाना चरवा को गिरफ्तार कर कब्जे से 10 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है।

### वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना करारी पुलिस बल द्वारा वारण्टी अभियुक्त कामता प्रसाद पुत्र बुधई निवासी उख्या खास थाना करारी को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्ता को न्यायालय भेज दिया है।

### चेकिंग के दौरान की कार्यवाही

**कौशाम्बी।** जनपद मे लाकडाउन के दृष्टिगत सरकार द्वारा निर्गत निदेर्शों के अनुपालन के क्रम में एसपी के निर्देशानुसार जनपद स्तर पर विभिन्न थानों द्वारा अनावश्यक रूप से बाहर घूमने मास्क न लगाने एवं सोशल डिस्टेसिंग का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया, जिनमें 86 वाहनों का ई चालान किया गया।

# कपकपाती ठंड में बारिश का कहर

## सरकार की चौपट व्यवस्था बदइंतजामी का खामियाजा भुगत रही है आमजनमानस

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** कपकपाती ठंड में 3 दिन से लगातार बारिश हो रही है जिससे जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है सरकार की ओर से तमाम व्यवस्थाएं करने की घोषणा की गई हैं लेकिन सरकारी घोषणाए महज भाषण बाजी तक सीमित रह गई है कपकपाती ठंड में जरूरतमंदों को अभी तक कंबल का वितरण सरकार द्वारा नहीं हो सका है अलाव जलाए जाने की घोषणा सरकार ने कर दी है लेकिन अलाव की व्यवस्था भी केवल बकवास साबित हो रही है चार लकड़ियां रख कर फोटो खिंचवाने तक अलाव जलाने की व्यवस्था सीमित रह गई है नगर पालिका मंझनपुर में अलाव जलाने के नाम पर केवल नाटक बाजी हो रहा है जिससे ठंड के चलते गरीब कमजोर मजलूम ठिठुर रहे हैं और ठंड लग जाने के बाद लोग बीमार हो रहे हैं और मौते भी हो रही हैं लेकिन फिर भी जिम्मेदार धृतराष्ट्र बने हुए हैं।

आवासीय योजना की हकीकत भी खुलकर सामने आ रही है 3 दिनों की बारिश में ही तमाम गरीबों के घर गिर रहे हैं गरीबों के गिरते घर के बाद भी उन्हें मदद करने के बजाय जिम्मेदार अपनी खामियों पर पर्दा डालकर अधिकारियों को गुमराह करने पर लगे हैं जनपद मुख्यालय मंझनपुर में सड़क चौड़ीकरण के नाम पर आम जनता के मकानों को ध्वस्त कर दिया गया था जिससे पूरी सड़क नरक में तब्दील हो गई है 3 दिन से लगातार हो रही बारिश से पूरी सड़क में कीचड़ गंदगी से भरी है जिससे आम जनमानस का सड़कों पर निकलना मुश्किल है नगरपालिका मंझनपुर के बदइंतजामी का खामियाजा आम जनमानस भुगत रहा है यही हाल ग्रामीण क्षेत्रों का है जहां मकान गिर रहे हैं लेकिन सच्चाई स्वीकार करने से राजस्व कर्मी भाग रहे हैं जिले में कहीं-कहीं बारिश के साथ ओले भी गिरने की चचाएं हैं जिससे आम जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित है जिले के चायल तिल्हापुर चरवा मनौरी भरवारी नारा ओसा अझुवा पश्चिम सरीरा करारी सिराथू मंझनपुर इमामगंज महेवाघाट सहित पूरे जिले में 3 दिनों से रुक-रुक कर पानी बरस रहा है जिससे आम जनजीवन प्रभावित है तमाम किसान की भी मुसीबतें बढ़ गयी हैं जिन किसानों ने पहले से ही फसलों में सिंचाई कर दी है अलग से पानी बरस जाने से उनकी फसलें खराब हो रही हैं।



बेमौसम बारिश से सड़कें कीचड़ से सनी आमजन मानस को झेलनी पड़ रही मुसीबत

### धान केंद्रों में बदइंतजामी के चलते खराब हो रही किसान की उपज

**कौशांबी।** सरकार के निर्देश पर जिले में तमाम स्थानों पर धान खरीद केंद्र खोल कर किसानों के धान खरीद कराए जा रहे हैं सरकार ने धान खरीद केंद्रों में किसानों के धान सुरक्षित करने के लिए कड़े निर्देश दिए हैं खरीद केंद्रों में टेंट लगाए जाने के भी निर्देश दिए गए हैं लेकिन धान खरीद केंद्रों में केंद्र प्रभारियों के बद इंतजामी के चलते किसानों को सरकारी सुविधाएं नहीं मिल रही है खुले आसमान के नीचे धान खरीद हो रही है 3 दिन से लगातार बारिश के चलते किसानों के धान भीग रहे हैं जो खराब हो रहे हैं और धान भीग जाने के बाद केंद्र प्रभारियों ने किसानों के धान खरीद करने से हाथ खड़े कर दिया है जिससे किसानों के सामने मुसीबत बढ़ गई है जिले के विभिन्न धान खरीद केंद्रों में कई हजार कुंटल किसानों के धान बारिश के पानी से भीग गए हैं धान खरीद केंद्रों में पूर्व से इंतजाम न किए जाने के चलते भीग रहे धान की अव्यवस्था का जिम्मेदार कौन होगा इसकी जवाबदेही कौन तय करेगा यह तमाम सवाल अनुत्तरित रह गए हैं किसानों के धान सुरक्षित करने के लिए खरीद केंद्र प्रभारियों को सरकार ने तमाम निर्देश दिए हैं धान खरीद केंद्र में व्यवस्थाएं कराने के लिए सरकारी बजट भी केंद्र प्रभारियों को सरकार द्वारा दिया गया है लेकिन सरकारी बजट पर जिम्मेदारों की भ्रष्टाचारी नजर लग जाती है जिससे धान खरीद केंद्रों का बेहतर इंतजाम नहीं हो पाता है बारिश में भीग रहे किसानों की उपज में केंद्र प्रभारियों की लापरवाही के बाबत यदि आला अधिकारियों ने जांच कराई तो जिले के संपूर्ण केंद्र प्रभारियों की मुसीबत बढ़ सकती है।

### कपकपाती ठंड में गरीब परिवार रोड पर कर रहा है जीवन यापन

#### दूसरे की जमीन पर छप्पर डालकर ठंडी गर्मी बरसात के दिन गुजार रहा है गरीब परिवार

**कौशाम्बी।** चायल तहसील क्षेत्र के मूरतगंज विकासखंड अंतर्गत कृष्णा डोली गांव के मजरा समसपुर में एक गरीब परिवार की तरफ किसी का ध्यान नहीं हैं दूसरे की जमीन पर छप्पर डालकर यह परिवार जाड़ा गर्मी बरसात के दिनों को काट रहा है चाहें कितनी ठंड पड़े व कितनी बारिश हो चार पांच दिनों से रिमझिम बारिश व कपकपाती ठंड में यह परिवार छप्पर डाल कर अपने परिवार को लेकर किसी तरह से जीवन यापन करने पर मजबूर हैं नेता विधायक ने बहुत वादे किये होंगे कि अब कोई गरीब नही रह गया है लेकिन सच्चाई यह है कि अभी भी गरीबो का कोई ध्यान नहीं दे रहें हैं सवाल उठता है कि आखिर कब तक गरीब परिवार रोड पर पड़ा रहेगा इस गरीब की तरफ किसी की नजर पड़ेगी लेकिन गरीब परिवार के पास न रहने की जगह भी नही है वह किसी और कि जमीन पर छापर डाल कर रहता हैं। चायल तहसील क्षेत्र में मूरतगंज ब्लाक के गांव कृष्णा डोली मजरा समसपुर गांव का हैं पवन कुमार सोनकर पुत्र स्वगीय केश लाल सोनकर जो एक दम गरीब परिवार हैं बाग में छप्पर डाल कर गुजरा कर रहा है। इस गरीब परिवार के ऊपर किसी नेता विधायक सांसद व अधिकारियों की नजर नहीं पड़ी हैं आज यह गरीब अपने नन्हे मुन्हे बच्चों को लेकर किस तरह से गुजर कर रहा है इस गरीब परिवार की दुर्दशा का आलम देखकर सरकार और उनके नुमाइंदों के तमाम दावों की धज्जियां उड़ती दिख रही है।

## न्यूज झरोखा

### संत निरंकारी मिशन की ओर से स्वैक्षिक रक्त दान शिविर का हुआ आयोजन



**कल्यानपुर कौशाम्बी।** संतनिरंकारी मिशन भरवारी कोखराज शाखा में रविवार को स्वैक्षिक रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया है रक्तदान शिविर मे 53 लोगो का रजिस्ट्रेशन हुआ और 41लोगो ने रक्त दान किया उक्त शिविर में पुरूषों की अपेक्षा महिलाओं ने बढ़ चढ़ कर रक्त दान किया। रक्तदान शिविर में प्रयागराज मंडल से इउळश श्अठ से डॉक्टर केसी गुप्ता एवं डॉ पंकज कुमार यादव सुधीर कुमार ज्ञानेंद्र कुमार अभिषेक सिंह ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया इस मौके पर संयुक्त जिला चिकित्सालय मंझनपुर के रक्त कोष प्रभारी मोतीलाल सिंह डॉक्टर राममनोहर कनौजिया की टीम में शिवप्रताप सिंह,राममिलन शुक्ला,प्रवीण कुमार चंदेल,(एल टी) अनिल कुमार परामर्श दाता,वीरेंद्र कुमार व गणेश दुबे (एल ए),अनूप सिंह एवं रंजीत कुमार आदि लोग रक्तदान शिविर कार्यक्रम में शामिल रहे।


### शासन के आदेशों की उड़ाई जा रही धज्जियां

**कौशांबी।** उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार और उनके प्रमुख सचिव मुख्य सचिव का आदेश कौशांबी जिले में लागू होता नहीं दिख रहा है मुख्यमंत्री का आदेश मुख्य सचिव और प्रमुख सचिव का आदेश जिले के अधिकारियों की नजर में कोई भाषण बाजी तक सीमित रह गया है विकराल ठंडी में पशुओं को सहारा देने के लिए उन्हें ढकने के लिए कंबल की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया है खुले आसमान में सड़कों पर पशु विचरण न करने पाए उन्हें गौशाला पहुंचाया जाए लेकिन कौशांबी जिले में अधिकारियों का आदेश लागू नहीं हो सका है गौशाला में भी गोवंश की व्यवस्थाएं ठीक नहीं की गई हैं मंझनपुर मुख्यालय सहित ग्रामीण इलाकों की सड़कों चौराहों पर खुलेआम आवारा पशु घूम रहे हैं इस भीषण ठंड में बेसहारा पशु किसानों के लिए भी मुसीबत बने है इतना ही नहीं मंझनपुर कस्बे की आबादी समेत ग्रामीण इलाकों की आबादी के बीच आवारा पशुओं को घूमते देखा जाता है इन्हें गौ संरक्षण केंद्र पहुंचाने के जिम्मेदार अधिकारी आबादी के बीच घूम रहे आवारा पशुओं को नजरअंदाज करते हैं जबकि गो संरक्षण केंद्र की व्यवस्था के नाम पर करोड़ों रुपए प्रत्येक महीने का खर्च सरकार कर रही है। सरसों और गेहूं की फसलों को आवारा पशु नुकसान पहुंचा रहे हैं सड़को पर आवारा पशुओं का जमावड़ा लगा रहता है जिससेआये दिन आवारा पशुओं के चलते दुर्घटनाएं होती हैं बेसहारा पशुओं से टकरा कर कई लोगों को अपनी जान भी गवानी पड़ी मंझनपुर तहसील क्षेत्र के 9 ग्राम सभा और उसके मजरा में आवारा पशुओं से परेशान किसानों ने बड़ा बनाकर पशुओं को बंद करने की व्यवस्था भी बनाई है लेकिन फिर भी अधिकारी नहीं जागे हैं।

# गरीब के घर गिरने पर शान्ती देवी कामगार फाउंडेशन द्वारा 20 हजार की दी गई मदद

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** मंझनपुर तहसील के भगवतपुर ग्राम पंचायत में रविवार को राम सनेही यादव पुत्र साऊ यादव का बचा कुचा खंडहर नुमा घर गिर गया है इनका घर पहले से ही गिर गया था जिस पर लेखपाल के रिपोर्ट से 3200 सौ तहसील द्वारा दिया गया है और फिर त्री स्तरी जांच भी हो चुकी हैं उनका पूरा घर कच्चा है सामने जो कुछ बचा था तीन दिन से हो रही लगातार बारिश में वह पूरी तरह से दीवाल भीग चुकी हैं और धीरे धीरे गिर रही हैं किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है इसकी जानकारी वीडीओ को भी दी गई पर अचार सहिंता की वजह से अभी कुछ किया नहीं जा सकता हैं जब तक के लिए पंचायत भवन में रहने की बात वा ब्लाक में रहने की बात कही है पर बात यह सामने आ रही है कि अगर सही तरीके से देखा जाए तो हर ग्राम पंचायत में इस बारिश की वजह से कच्चे मकान गिर रहे हैं तो सब को ब्लाक में या पंचायत भवनों पर रख पाना संभव नहीं है शान्ती देवी कामगार फाउंडेशन के डायरेक्टर प्रकाश दुबे की तरफ से भगवतपुर के राम सनेही यादव को अभी फिलहाल के लिए 20 हजार रूपए की मदद की जा रही है उन्होंने कहा कि और क्षेत्र से तमाम समाज सेवियों से कहना चाहता हूं कि आप लोग भी हर जगह पहुंच कर ऐसे लोगो कि मदद करे इस दौरान हमारे ग्राम पंचायत के लेखपाल रवि विश्वकर्मा फाउंडेशन के डायरेक्टर प्रकाश दुबे वा ग्राम पंचायत के कुछ लोगो की उपस्थिति रही शान्ती देवी कामगार फाउंडेशन के डायरेक्टर गंगा पुरम किशन रेड्डी के आह्वान पर लगातार समाज सेवा में समर्पित है हर जगह बढ़ चढ कर हिस्सा ले रहे हैं फाउंडेशन के दोनों डायरेक्टर योगेश त्रिपाठी हो या प्रकाश दुबे उनका कहना है कि हम हर वह संभव कार्य करेगे जो हमसे हो सकेगा।



गरीब को मदद करते शांति देवी ट्रस्ट के पदाधिकारी

## जनसंख्या फाउंडेशन का ताला तोड़कर सामान चोरी

**कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के मूरतगंज कस्बे में जनसंख्या समाधान फाउंडेशन का कार्यालय राकेश चौधरी द्वारा खोला गया है इस कार्यालय में 7 जनवरी की रात को अज्ञात लोगों ने ताला तोड़ दिया है और कार्यालय का एलईडी टीवी इनवर्टर आदि सामान उठा ले गए हैं मामले की जानकारी सुबह मकान मालिक ने जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के अध्यक्ष को दी है मामले की जानकारी मिलते ही मौके पर संस्थान की महिला विंग अध्यक्ष आकांक्षा चौधरी पहुँची हैं और उन्होंने घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी है पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है इसके पहले भी जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के कार्यालय का ताला तोड़कर सामान गायब कर दिया गया था जिसमें मकान मालिक और किराएदार का विवाद बताया जा रहा था।

# जिला प्रशासन ने हटवाया होर्डिंग बैनर बोर्ड

अखंड भारत संदेश

**ओसा कौशाम्बी।** चुनाव आयोग ने शनिवार को देश के पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव की तारीखें घोषित कर दीं विधानसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होते ही पांचों राज्यों में आदर्श चुनाव आचार संहिता भी लागू हो गई. मुख्य चुनाव आयुक्त सुशील चंद्रा ने बताया कि पांचों राज्यों में कुल 7 चरणों में मतदान होने हैं. यूपी की 403 विधानसभा सीटों के लिए भी 7 चरणों में वोटिंग होगी. पहले चरण के चुनाव 10 फरवरी को होंगे, जबकि दूसरे चरण के लिए मतदान 14 फरवरी, तीसरे चरण के लिए 20 फरवरी, चौथे चरण के लिए 23 फरवरी, पांचवें चरण के लिए 27 फरवरी, छठे फेज के लिए 3 मार्च और सातवें फेज के लिए 7 मार्च की तारीख तय की गई है. नतीजे 10 मार्च को आएंगे.

अधिसूचना जारी होते ही कौशाम्बी में कर्मचारी जेसीबी ले कर उतर आए और बिजली के पोलों व मकानों पर लगे होर्डिंग हटा दिए. साथ ही हाइवे और रोड से भी होर्डिंग हटाए गए. शनिवार को जैसे ही अधिसूचना आई सार्वजनिक स्थानों पर लगे बैनर, पोस्टर, होर्डिंग्स हटाने का सिलसिला शुरू हो गया। चुनाव आचार संहिता लागू होते ही कौशाम्बी जिला प्रशासन चुनावी मोड में आ गया है. आचार संहिता लागू होते ही जिला प्रशासन ने विभिन्न दलों द्वारा लगाई गई बड़ी-बड़ी होर्डिंग व पोस्टर को हटाने का काम शुरू कर दिया. शनिवार को दोपहर बाद नगर पालिका मंझनपुर ने होर्डिंग, बैनर हटाने शुरू कर दिए. सभी राजनैतिक दलों के होर्डिंग, बैनर ईओ के नेतृत्व में हटाए गए. नगर के प्रमुख चौराहा-गलियों से होर्डिंग बैनर हटाने का कार्य किया गया. चुनाव अधिसूचना जारी हो जाने के बाद पूरे जनपद में कही भी होर्डिंग, फ्लैक्स, बैनर नहीं लगेंगे. जहां भी होर्डिंग-बैनर लगे हैं, उन्हें जिला प्रशासन हटाने का कार्य करेगा. बताते चलें पिछले कई महीनों से विभिन्न राजनैतिक दलों द्वारा शहर से लेकर गांव तक में होर्डिंग्स लगाई गई थीं जिले में तमाम बड़े नेताओं ने अपनी रैलियों का आयोजन किया. इस दौरान लगभग तीनों विधानसभा क्षेत्र के सभी संभावित प्रत्याशियों ने बड़े-बड़े होर्डिंग लगाकर अपना दमखम दिखाने का काम किया. चुनाव आचार संहिता लगने के बाद पूरे जिले में सभी नगर पंचायतों व तहसील स्तर पर विभिन्न राजनीतिक दलों की होर्डिंग्स हटाने का काम प्रशासन ने शुरू कर दिया है।



होर्डिंग उतरवाते अधिकारी

# दो दिनों से भरवारी में विधुत आपूर्ति बाधित

अखंड भारत संदेश

**कस्बा सहित आस पास क्षेत्रो में छाया अंधेरा बून्द बून्द पानी के लिए तरस रही जनता में पनपा आक्रोश**

**भरवारी कौशाम्बी।** लगातार तीन दिन से बारिश होने के बाद नगर पालिका परिषद भरवारी क्षेत्र में दो दिनों से विधुत आपूर्ति बाधित होने से लोगो की मुश्किलें बढ़ गयी है नगर पालिका परिषद के कस्बा भरवारी में बेमौसम बरसात के चलते कस्बा सहित आस पास क्षेत्रो में भी विधुत आपूर्ति न होने से समूचा नगर पालिका परिषद अंधेरे में डूबा हुआ है। जिसके चलते लोगो को पीने का पानी तो बहुत दूर दैनिक क्रिया के लिए भी पानी के लिए लोग तरसते नजर आ रहे है लोगो की छुट्टियां बेमतलब साबित होती नजर आ रही है ' यह प्रायः देखा जाता है कि जब भी लोगो का अवकाश होता है और लोगो के घरों में कार्य होता है तो पता नही विधुत विभाग के कर्मचारियों को कैसे ज्ञात हो जाता है कि आज विधुत की खपत ज्यादा होगी और आज लोगो का काम भी अत्यधिक है और लाइट काट दी जाती है या यह कहा जाय कि विधुत आपूर्ति बाधित हो जाती है।

बता दे कि जबसे बेमौसम बरसात हो रही है तभी से बिजली ने भी अपना काम तमाम करना शुरू कर दिया है जिसके चलते लोगो को पीने का पानी तो मिलना दूर दैनिक क्रिया के लिए भी लोग पानी के लिए तरस जाते है वहीँ नगर पालिका परिषद क्षेत्रो में दो तीन दिनों से लोग अंधेरे में जीवन यापन करने को मजबूर है ऐसा नही की यहा की समस्या से उच्च अधिकारी अवगत नही है एक जूनियर इंजीनियर आकाश सिंह को छोड़कर किसी अधिकारी को किसी की कोई दिक्कत हो या कोई परेशानी कोई लेना देना नही है यहाँ तक यसडीओ या एक्सईएन कभी भरवारी की क्या समस्या है उधर देखना भी मुनासिब नही समझते है जिसके चलते भरवारी कस्बा वासियो के सामने विकराल समस्या खड़ी हो जाती है 'यह भी बताना अति आवश्यक है कि जब भी विधुत आपूर्ति की समस्या आती है तो परेशानी सिर्फ मध्यम वर्गीय लोगो को ज्यादा होती है क्योंकि उनके पास सीमित संसाधन होते है वही धनाढ्य लोगो के पास अपनी सुविधा के साथ साथ जेनरेटर भी हुआ करते है जिसकी वजह से उनकी समस्या कम हुआ करती है सब मिलकर इस तरह से कई कई घंटे बिजली का गायब होने से लोगो मे आक्रोश है।

## एसपी राधेश्याम विश्वकर्मा हुए कोरोना संक्रमित पुलिस विभाग में मचा हड़कंप

### एसपी ने अपने आपको पुलिस अधीक्षक आवास में आइसोलेट कर लिया

**कौशाम्बी।** जनपद में कोरोना संक्रमण का खतरा बढ़ता जा रहा है पुलिस अधीक्षक राधेश्याम विश्वकर्मा भी कोविड की चपेट में आ गए है। स्वास्थ्य विभाग ने एसपी उनके पीआरओ गनर एवं चालक की कोविड की जांच कराई थी जांच में तीन लोग कोरोना संक्रमण के खतरे से बाहर हो गए जबकि एसपी की रिपोर्ट पॉजिटिव आने पर पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया कोरोना की तीसरी लहर में पहली बार जिले के बड़े अधिकारी कोरोना संक्रमित हुए है। एसपी ने अपने आपको पुलिस अधीक्षक आवास में आइसोलेट कर लिया है। एसपी के साथ ड्यूटी में तैनात पुलिस कर्मियों एवं परिजनों की भी जांच कराई जाएगी। जिले में पिछले 24 घंटे में दो कोविड पॉजिटिव मिले है, कुल एक्टिव मरीजों की संख्या 08 हो गई है। सीएमओ केसी राय ने इसकी जानकारी दी है।

# जाने-माने उद्योगपति पर दर्ज मुकदमे के बाद भी रत्ती भर नहीं बढ़ सकी पुलिस

अखंड भारत संदेश

**देश के जाने-माने उद्योगपति टाटा मोटर्स के मालिक पर सैनी कोतवाली में धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किए जाने का मामला**

**कौशाम्बी।** देश के जाने-माने उद्योगपति टाटा मोटर्स के मालिक के नाम 3 महीने पूर्व सैनी कोतवाली में धोखा घड़ी फ्रॉड सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ था मुकदमा दर्ज होने के 3 महीने बाद भी मामले में रत्ती भर थाना पुलिस आगे नहीं बढ़ सकी है सूत्रों की मानें तो मामले में बड़ा समझौता हो चुका है जिससे पुलिस इस मुकदमे को ठंडे बस्ते में डाल चुकी है नए वाहन की रकम लेकर पुराना वाहन दिए जाने के मामले में देश के जाने माने उद्योगपति टाटा मोटर्स के मालिक समेत कई लोगो के विरूद्ध सैनी कोतवाली में 14 अक्टूबर को धोखाधड़ी फ्राड हेराफेरी सहित कई गम्भीर धाराओं का मुकदमा दर्ज हुआ था मुकदमा दर्ज होते ही उद्योगपतियों में हड़कंप मच गया था। बताते चलें कि टाटा मोटर्स के अधिकृत शोरूम बृंदावन शेल्टर्स प्रा0लि0 कानपुर ने नई टाटा सफारी स्ट्रोम की कीमत 16 लाख 67 हजार रुपए लेकर पुरानी गाड़ी दे दी थी सैनी कोतवाली के निन्दूरा के रहने वाले अजय कुमार कुशवाहा ने जिस गाड़ी को टाटा मोटर्स से खरीदी थी वह गाड़ी पहले से ही जालौन निवासी इसरार अहमद के नाम से कम्पनी द्वारा बेची जा चुकी थी, जिसका साक्ष्य सर्विस के दौरान मिलने वाली रशीद से व बीमा प्रपत्र के अतिरिक्त गाड़ी के साथ मिलने वाली पुस्तिका से भी प्रमाणित हो रहा था इस मामले को लेकर अजय कुशवाहा ने अदालत का दरवाजा खटखटाया अदालत के निर्देश पर सैनी कोतवाली पुलिस ने टाटा मोटर्स के मालिक समेत कई लोगों के विरुद्ध धोखाधड़ी फ्रॉड हेरा फेरी का मुकदमा 14 अक्टूबर को दर्ज कर विवेचना शुरू की लेकिन 3 महीने बीत रहे हैं मुकदमे में रत्ती भर पुलिस आगे नहीं बढ़ सकी है जिससे थाना पुलिस की मंशा पर सवाल उठना स्वाभाविक है।

# विजिया चौराहा से भखन्दा की सड़क न बनने से आम जनता में आक्रोश

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** मंझनपुर तहसील के कौशाम्बी ब्लॉक में विजिया चौराहा से भाखंदा जाने वाली सड़क गड्ढों में तब्दील है 3 दिनों से लगातार हो रही बारिश के चलते इस सड़क में आवागमन बाधित हो गया है आम जनता परेशान हैं आम आदमी पार्टी के नेता जयपाल जिद्दी ने कहा है कि कई बार अधिकारियों से इस सड़क की मरम्मत की मांग की गई लेकिन सड़क की मरम्मत नहीं हो सकी जिसका खामियाजा कई गांव की आम जनता भुगत रही है उन्होंने कहा कि तत्काल इस सड़क की मरम्मत नहीं हुई तो मजबूर होकर ग्रामीण सड़क पर उतर जाएंगे जिसकी जवाब देही जिम्मेदारों की होगी विजिया चौराहे से भखन्दा जाने वाली इस सड़क से लगभग दर्जन भर गांव की हजारो आमजनता का प्रतिदिन आवागमन होता है जोगापुर गोप्सासा बेरौंचा कैलाशपुर ऐगवा कोल्हुवा छेकवा दिया भाखंदा आदि गांवों के लोगो का आवागमन इस खराब रास्ते से होता है आज तीन दिन से हो रही बारिश के कारण बाजार तक जाने के लिए काफी परेशानियों का सामना ग्रामीण कर रहे है आम आदमी पार्टी के नेता जयपाल जिद्दी का कहना है कि इसकी शिकायत कई बार अधिकारियों को दी गई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

## लापता व्यक्ति की जमीन का हो गया बैनामा

**कौशाम्बी।** मंझनपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम सेसा परगना करारी के मन्नी लाल उर्फ मुन्नी लाल बीते बीस वर्षों से लापता है मुन्नीलाल के लापता होने पर उनके पुत्र उनकी जमीन पर काबिज है लेकिन अचानक उनकी जमीन का बैनामा परिवार की एक महिला के नाम रहस्यमय तरीके से हो गया है जिस पर मुन्नीलाल के बेटे ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर मामले की जांच कर कार्यवाही की मांग की है। शिकायती पत्र के मुताबिक अंगनलाल की पुत्रबहू नथुनिया देवी पत्नी दुर्वेश कुमार ने बहला फुसलाकर धोखाधडी व छल करके मन्नी लाल उर्फ मुन्नी लाल से पुस्तैनी आराजी को बैनामा करा लिया है मुन्नी लाल मानसिक रूप से विकृत बताया जाता है मुन्नी लाल की जमीन का बैनामा अचानक होने के बाद वह फिर अब वर्तमान समय मे लापता हो गया है अब सवाल उठता है कि मुन्नीलाल पहले से लापता था तो उसकी जमीन का बैनामा कैसे हो गया है और यदि मुन्नीलाल ने खुद अपनी जमीन का बैनामा कर दिया है तो बैनामा करने के बाद मुन्नीलाल फिर कहां लापता हो गया है कहीं इसके पीछे जमीन बैनामा कराने वालों की बड़ी साजिश तो नहीं है यह बड़ी जांच का विषय है।

# नौनिहालों के पोषाहार पर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का डाका

## चायल तहसील क्षेत्र के कई गांवों में पोषाहार से वंचित है नौनिहाल

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** पिछले 5 सालों में सत्ता सीन रही योगी सरकार ने बालविकास एवं पुष्टाहार योजना को और सुदृढ़ बनाते हुए नौनिहालों व धात्रियो को दलिया, रिफाइंड व दाल भी देना प्रारंभ कर दिया अभी कुछ दिन पहले आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने धरना प्रदर्शन कर अपनी तनख्वाह में बढ़ोत्तरी भले ही करवा लिया हो किन्तु अगर बात ग्राउंड रिपोर्ट कि करें तो नौनिहालों तक पोषाहार नहीं पहुंच पा रहा है बच्चों को मिलने वाले पोषाहार को आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां ही हजम कर रही हैं। पिछले एक वर्षों से सरकार कि मंशानुरूप सम्बन्धित ब्लाक कार्यालय से क्षेत्रों में संचालित महिला स्वयं सहायता समूहों को पोषाहार दलिया, रिफाइंड व दाल गिनकर दिया जाता है जिसे ले जाकर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को उसी क्रम में गिनकर ही दे दिया जाता है जिसे आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां मनमाने तरीके से अपनी चहेतों को देकर खानापूर्ति कर पोषाहार हजम कर आंगनवाड़ी केन्द्र जाती हैं। हालाँकि शुरू में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व स्वयं सहायता समूह कि उपस्थिति में पोषाहार का वितरण हुआ जिसमें एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप कि डर से नौनिहालों तक पोषाहार पहुंच जाता था किन्तु अब सिर्फ स्वयं सहायता समूहों को सिर्फ पोषाहार आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों तक सौंपने तक ही सीमित रखा गया जिससे मनमाने ढंग से विभागीय सांठ-गांठ से पोषाहार हजम करने में सफल हो रहीं है चायल तहसील क्षेत्र के कई ऐसे ग्रामसभा के नौनिहाल बच्चे मिले जिन्हें पात्र होने के बावजूद पोषाहार का लाभ नहीं दिया गया बच्चे व महिलायें एक स्वर में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के भ्रष्टाचार व तानाशाही रवैए को बयां करने लगी अब देखना यह है कि क्या अपनी भ्रष्टाचारी रवैए में बाल एवं पुष्टाहार विभाग के जिम्मेदार सुधार करेंगे या फिर नौनिहालों के निवालों को छीनकर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां हजम ही करती रहेंगी।

## संपादक की कलम से

# बड़े काम के हैं शॉर्ट-टर्म कम्प्यूटर कोर्सेज

**पिछले** कुछ वर्षों में युवाओं का सबसे ज्यादा रुझान आईटी सेक्टर की ओर बढ़ा है। युवाओं के बढ़ते क्रेज का अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि इस बार भी देश में आईआईटी में दाखिला लेने वाले विद्यार्थियों ने कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग या आईटी कोर्स को सबसे ज्यादा प्राथमिकता दी है। हालांकि बीटेक या एमटेक इन कम्प्यूटर साइंस हायर प्रोफेशनल डिग्री है लेकिन देश में ऐसे युवाओं की भी कमी नहीं, जो हाई स्कूल या इंटरमीडिएट के बाद कम्प्यूटर कोर्स करना चाहते हैं। ये शॉर्ट-टर्म कोर्स न सिर्फ कम्प्यूटर स्किल्स को बढ़ाते हैं, बल्कि नौकरी के रास्ते भी खोल देते हैं जिसकी वजह से आगे विद्यार्थियों को ये कोर्स काफी पसंद आ रहे हैं। कुछ विद्यार्थी किसी वजह से आगे पढ़ाई न करके कुछ काम करना चाहते हैं, तो उनके लिए कम्प्यूटर कोर्स काफी मददगार साबित हो रहे हैं।

कैसे मिलेंगी नौकरियां?- कम्प्यूटर का इस्तेमाल लगातार बढ़ता जा रहा है। निजी कंपनियों में कम्प्यूटर या फिर आईटी से जुड़ी नौकरियों में अपार संभावनाएं रहती ही हैं लेकिन डिजिटल इंडिया योजना शुरू होने के बाद सरकारी क्षेत्रों में भी टेक्नोलॉजी से संबंधित नौकरियों के खूब अवसर आने की संभावना है। सरकार इस योजना के लिए एक लाख करोड़ रुपए खर्च करने वाली है।

वहीं माइक्रोसॉफ्ट, टाटा, विप्रो, बिड़ला, एयरटेल, वेदांता आदि जैसी कंपनियां 4.5 लाख करोड़ रुपए निवेश करेंगी। गौर करने वाली बात यह है कि इस पूरे निवेश का जोर देश के डिजिटलाइजेशन पर है। ऐसे में जो जॉब्स सृजित होंगीं, वे किसी-न-किसी रूप में कम्प्यूटर से जुड़ी होंगी। शुरूआत में एडवांस अकाउंटिंग, डाटा एंट्री, कम्प्यूटर ऑपरेटर, सेल्स, सिस्टम एडमिनिस्ट्रेटर, वेब डिजाइनर, प्रोग्रामर, कस्टमर सर्विस, एप्लिकेशन एनालिस्ट आदि की जॉब के लिए खूब स्कोप है।

# तीन पीढ़ियों के महाबलिदानी-गुरू गोविन्द सिंह जी

-विनोद बंसल-

**दुनिया** में देश व धर्म की रक्षार्थ अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले महा पुरुष तो अनेक मिलेंगे किन्तु अपनी तीन पीडियों बल्कि यों कहें कि अपने पूरे वंश को इस पुनीत कार्य हेतु बलिदान करने वाले विश्व में शायद एकमेव महा-पुरुष गुरू गोविन्द सिंह जी महाराज ही होंगे. दिल्ली के चाँदनी चौक के प्रसिद्ध गुरुद्वारे का तो नाम ही शीशगंज गुरुद्वारा इसीलिए पडा कि वहां पर मुगलों ने गुरु तेग बहादुर के शीश को इसी स्थान पर उनके धड से अलग कर दिया था क्योंकि वे किसी भी कीमत पर धर्मांतरण को तैयार नहीं थे.




पिता (गुरू तेगबहादुर जी) का दिन-रात देश और समाज का चिन्तन तथा धर्म रक्षा का संकल्प बालक के मन को अन्दर तक छू रहा था। एक दिन गुरू तेगबहादुर जी कश्मीरी पंडितों पर हुए मुगलों के अमानवीय अत्याचारों की कथा सुनते-सुनते कहने लगे-इस समय धर्म रक्षा का एक ही उपाय है कि कोई बड़ा धर्मात्मा पुरूष बलिदान दे। यह बात बालक गोविन्द बड़े ध्यान से सुन रहे थे। सभी लोग विषय की गम्भीरता को देख मौन थे। अचानक बालक गोविन्द बोल पड़ा-पिताजी, आज के समय में आप से बढ़कर दूसरा महात्मा व धर्मात्मा पुरूष और कौन हो सकता है। नौ वर्षीय बालक के इस उत्तर पर गुरू तेगबहादुर बहुत प्रसन्न हुए।

मार्गशीर्ष शुक्ल पंचमी सन् 1675 को पिता के बलिदान के पश्चात बालक गोविन्द नौ वर्ष तक आनन्दपुर साहिब में रहे जहाँ उन्होंने अपनी भावी जीवन की योजना बनाई। अपने बलिदान से पूर्व गुरू तेगबहादुर ने यहीं पर उन्हें गुरुता गद्दी प्रदान करते हुए देश, धर्म व दुखी जनता का उद्धार करने का आशीर्वाद दिया। बालक गोविन्द से गुरू गोविन्द बने दशम गुरू ने सिख समुदाय को हुक्मनामे भेज-भेज कर अस्त्र, शस्त्र और धन एकत्रित किया तथा सामाजिक धारा को क्रांतिकारी रूप देने के लिए एक छोटी सेना भी बनाई।

भारत में मुगल शासकों के निरन्तर बढ़ते आक्रमणों से देश और धर्म को बचाने के लिए सन् 1699 में बैसाखी के दिन गुरू गोविन्द सिंह जी ने अपने अनुयाइयों की एक विशाल सभा बुलाई जिसे सम्बोधित करते हुए उन्होंने हाथ में नंगी तलवार लेकर प्रश्न किया कि ह्लहै कोई, जो धर्म के लिए अपने प्राण दे सके?ह्व उनकी इस प्रेरणादायक ललकार को सुनकर बारी-बारी से दयाराम खत्री(लाहौर), धर्मदास जाट(दिल्ली), मोहकत चंद धोबी(द्वारिका), हिम्मत सिंह रसोइया(जगन्नाथ पुरी) तथा साहब चंद नाई(बिहार) से अग्रसर हुए। फिर क्या था, सारा निश्तेज समाज ऊजार्वान होकर उठ खड़ा हुआ। उन्होंने यहीं पर जात-पात के भेदभाव में बिखरे हिन्दू समाज को संगठित कर खालसा के रूप में खड़ा किया और इस प्रकार 13 अप्रेल 1699 ई को पंजाब के आनन्दपुर साहिब में खालसा पंथ की स्थापना हुई।

खालसा का अर्थ है ह्लखालिसह्व अर्थात ह्लशुद्धह्व। इसके लक्षण पूछने पर दशमेश गुरू ने कहा कि खालसा वह है जिसने काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार पर काबू पा लिया हो तथा अभिमान, पर-स्त्री गमन, पर-निन्दा तथा मिथ्या विश्वासों के भ्रमजाल से सदा दूर रहता हो। जो दीन दुःखियों की सेवा व दुर्जन-दुष्टों का विनाश कर निरन्तर श्रध्दापूर्वक प्रभु नाम के जप में लीन रहता हो। खालसा को चरित्रवान व पराक्रमी बनाये रखने के लिए उन्होनें पांच ककार धारण करने के लिए कहा। ये हैंः 1. कृपाण 2. केश 3. कंघा, 4. कच्छा व 5. कड़ा।

पौष शुक्ल सप्तमी को पटना साहिब में प्रकट हुए गुरू गोविन्द सिंह जी एक बड़े समाज सुधारक थे। सती प्रथा, कन्या वध, अस्पृश्यता (छूआ-छूत) इत्यादि सामाजिक बुराईयों से दूर समानता पर आधारित सामाजिक संरचना के वे पक्षधर थे। वीरता व पराक्रम में उनका मुकाबला नहीं था।

औरंगजेब समर्थक, पंजाब के पर्वतीय नरेशों को, भंगाणी के युध्द में पराजित किया और 1703 में उन्होंने चमकौर के युध्द में केवल 40 सिखों की सहायता से मुगलों की विशाल सेना के छक्के छुड़ा दिए थे। इसमें गुरू गोविन्द सिंह के दो बड़े पुत्रों अजीत सिंह व जुझार सिंह के साथ पांच प्यारों में से तीन प्यारे शहीद हो गये।

सन् 1703 में सरहिन्द के नवाब वजीर खाँ ने उनके दो छोटे पुत्रों जोरावर सिंह और फतेह सिंह को, इस्लाम स्वीकार न करने के कारण दीवार में जीवित चिनवा दिया। चारों पुत्रों और पत्नी की क्रूर हत्या होने के बावजूद भी गुरूजी एक महान योगी की तरह बिल्कुल भी विचलित नहीं हुए, 1706 में उन्होंने खिदराना का युध्द लड़ा। वे महान योद्धा तो थे ही, संगीत, साहित्य व कला के क्षेत्र में भी उनकी गहरी रूचि थी। वे रचनाकार कवि भी थे। उनके द्वारा रचित दशम ग्रन्थ हैं जिसमें-जापु साहेब, अकाल स्तुति, विचित्र नाटक, चण्डी चरित्र, चण्डी दीवार, जफरनामा, चौबीस अवतार, ज्ञान प्रबोध आदि प्रमुख हैं। उनके दरबार में 52 कवि थे। उन्होंने अपने बाद श्री गुरु ग्रन्थ साहेब को गुरू मानने का आदेश देकर गुरुता गद्दी पर आसीन किया। सन् 1666 में पटना में जन्मे प्रकाश पुंज(गुरूजी) ने सन् 1708 में नांदेड़ में गोदावरी के तट पर देह त्याग कर स्वर्ग की ओर प्रस्थान किया। उनके द्वारा जलाई गई स्वतन्त्रता की ज्योति तथा अन्याय के विरुद्ध लड़ने की भावना आज भी विश्व के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। गऊ रक्षा के लिए उनका मत था

'यही दे हु आज्ञा तुरकन गहि खपाऊं, गऊ घात का दोख जगसों मिटाऊं।

-उग्रदन्ती


अर्थात, हे मां भवानी, मुझे आशीर्वाद और आदेश दे कि धर्म विरोधी अत्याचारी तुर्कों को चुन-चुनकर समाप्त कर दं। और इस जगत से गौ हत्या का कलंक मिटा दूं। वे देवी दुर्गा भवानी के अनन्य उपासक थे। 'खालसा' सृजन से पहले उन्होंने शक्ति यज्ञ का अनुष्ठान किया था।

# ओमिक्रॉन वैरिएंट की ताजा लहर : कोरोना से जंग के बीच चुनावी बिसात

-मनीषा प्रियम-

**इन** दिनों भारत समेत पूरी दुनिया कोरोना महामारी के ओमिक्रॉन वैरिएंट की ताजा लहर के चलते युद्ध जैसी स्थिति झेल रही है। भारत में एक तरफ जहां तेजी से कोरोना का संक्रमण फैलने लगा है और महामारी की तीसरी लहर ने दस्तक दे दी है, वहीं पांच राज्यों-उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, मणिपुर और गोवा में विधानसभा चुनाव की भी बिसात बिछ गई है। पिछले दो साल से राष्ट्र कोरोना महामारी की विभीषिका झेल रहा है। इसके अलावा पिछले कुछ वर्षों में किसानी का संकट भी गहरा गया है। हालांकि विवादास्पद कृषि कानूनों को अब निरस्त कर दिया गया है।

ऐसी विपरीत सामाजिक और आर्थिक परिस्थितियों के बीच पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। इनमें से सबसे ज्यादा चर्चा उत्तर प्रदेश के चुनाव को लेकर हो रही है, क्योंकि 403 विधानसभा सीटों वाला यह राज्य केंद्र में शासन के दरवाजे भी खोलता है और इसी राज्य के वाराणसी संसदीय क्षेत्र से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी सांसद हैं। यही वजह है कि उत्तर प्रदेश के चुनाव को आगामी लोकसभा चुनाव का ट्रेलर माना जा रहा है। इस चुनावी समर में एक तरफ पूर्ण बहुमत के साथ सत्तारूढ़ भाजपा है, तो दूसरी तरफ सपा है, जिसकी विधानसभा में मात्र 47 सीटें हैं।



हैरानी की बात है कि 2012 के विधानसभा चुनाव में इसी समाजवादी पार्टी को 224 सीटें मिली थीं और अखिलेश यादव लोकप्रिय नेता बनकर उभरे थे। पिछले चुनाव में भाजपा ने जहां राम मंदिर निर्माण को लेकर प्रतिबद्धता जताई, वहीं सामाजिक ताने-बाने को भी काफी बदला। जो पिछड़ा समुदाय सपा, बसपा से जुड़ा था, उसका काफी बड़ा धड़ा भाजपा की तरफ उन्मुख हुआ। भाजपा ने विभिन्न समुदायों को अपनी तरफ आकृष्ट कर छोटे-छोटे दलों के साथ गठबंधन किया, जिसका फायदा उसे पूर्वी उत्तर प्रदेश में मिला।

पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अल्पसंख्यक और बहुसंख्यक समुदाय के बीच एक लकीर खिंच गई और जाट समुदाय ने भाजपा का समर्थन किया। लेकिन पिछले दो-तीन वर्षों में इस सामाजिक समीकरण में काफी बदलाव देखने को मिला है। किसान आंदोलन के चलते पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जाट अब भाजपा से उतने खुश नहीं है और पूर्वी क्षेत्र में ओमप्रकाश राजभर ने भाजपा का साथ छोड़ दिया है। बेशक बड़ी विकास योजनाओं के मामले में योगी आदित्यनाथ सरकार की सफलता मानी जाती है और व्यक्तिगत रूप से मुख्यमंत्री योगी पर भ्रष्टाचार के आरोप भी नहीं हैं, लेकिन उनके खिलाफ विरोध के स्वर भी सुने जा सकते हैं। जनता जिन मुद्दों पर अपना रोष प्रकट करती है, उनमें किसानी और महंगाई के मुद्दे सबसे ऊपर हैं। समय पर खेती के लिए खाद न मिल पाना, उपज की बाजार में सही कीमत नहीं मिल पाना और रोजमर्रा की जरूरत की चीजों का महंगा होना ग्रामीण इलाकों में असंतोष का मुख्य कारण है। लेकिन राजनीतिक पर्यवेक्षकों का यह भी मानना है कि राम मंदिर निर्माण के चलते हिंदुत्व की पकड़ कायम है और अगड़ी जातियां भाजपा के पूरे समर्थन में हैं। हालांकि कुछ लोग भाजपा के अंदर ठाकुर-ब्राह्मण संघर्ष की भी बात करते हैं, लेकिन यह स्पष्ट है कि कोरोना की मार के बावजूद लोग चुनावी प्रक्रिया को अहमियत देते हैं और अपने मत का उपयोग करने के इस अवसर को वे आशा भरी निगाहों से देखते हैं। अब देखना है कि एक ऐसे माहौल में, जहां ओमिक्रॉन का संक्रमण बढ़ रहा है और बड़े नेता भी इससे बचे नहीं रह पा रहे हैं, वहां रैलियों का दौर कब तक चल पाएगा। कौन जीतेगा और कौन हारेगा, यह तो चुनाव के बाद ही पता चल पाएगा, लेकिन मौजूदा माहौल को देखते हुए यह स्पष्ट है कि बड़े आयोजनों पर पाबंदी लगाई जानी चाहिए। अब अगर हम पंजाब की बात करें, तो यहां के किसानों ने भी कृषि सुधार कानूनों का पुरजोर विरोध किया था। एक तरफ तो जाट सिख समुदाय है, जिसका पंजाब की राजनीति में काफी दखल है, वहीं दलित सिख समुदाय भी लगभग एक तिहाई हिस्से का दावेदार है। लेकिन किसानी पर उभरे संकट को देखते हुए सभी समुदायों ने केंद्र सरकार के प्रति असंतोष जताया। इस बीच सत्तारूढ़ कांग्रेस के अपने ही मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने बगावत का बिगुल फूंका और पार्टी का साथ छोड़ चले।

# भारतीय रिजर्व बैंक : बढ़ सकता है फंसे कर्ज का मर्ज

-सतीश सिंह-

**भारतीय** रिजर्व बैंक ने अपनी दूसरी वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट में बैंकों के फंसे कर्ज (एनपीए) के बढ़ने का अनुमान लगाया है। केंद्रीय बैंक का मानना है कि कोरोना वायरस के ओमिक्रॉन वैरिएंट से अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। रिजर्व बैंक के अनुसार, बढ़ती महंगाई भी फंसे कर्ज को बढ़ाने का काम कर रही है। वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट के अनुसार, सितंबर, 2022 तक बैंकों का फंसा कर्ज 8.1 प्रतिशत से 9.5 प्रतिशत तक बढ़ सकता है, जो सितंबर, 2021 में महज 6.9 प्रतिशत था।




हालांकि रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास के अनुसार, अभी बैंकों की वित्तीय स्थिति अच्छी है। महामारी के दौरान सरकार की नीतियों और भारतीय रिजर्व बैंक के नीतिगत समर्थन और केंद्रीय बैंक द्वारा उठाए गए उपायों की वजह से बैंकों ने अच्छा प्रदर्शन किया है। इस दौरान वित्तीय बाजार में भी स्थिरता बनी रही है। लिहाजा, रिजर्व बैंक को पूरा भरोसा है कि बैंक आसानी से बढ़ने वाले फंसे कर्ज से निपट लेंगे।

मार्च, 2021 तक अनुसूचित व्यावसायिक बैंकों का फंसा कर्ज 61,180 करोड़ रुपये से घटकर 8.34 लाख करोड़ रुपये पर आ गया था, जबकि मार्च, 2020 में यह 8.96 लाख करोड़ रुपये था। मार्च, 2021 में बैंकों का सकल फंसा हुआ कर्ज (जीएनपीए) कुल अग्रिम का 7.5 प्रतिशत था, जबकि शुद्ध फंसा कर्ज 2.4 प्रतिशत। इससे यह पता चलता है कि बैंकों ने कोरोना महामारी के दौरान अच्छा प्रदर्शन किया। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में भी सार्वजनिक क्षेत्र के लगभग सभी बैंकों का प्रदर्शन उम्दा रहा है। इस दौरान सूचीबद्ध बैंकों का सामूहिक शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 61 प्रतिशत बढ़ा, जबकि सालाना आधार पर सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का शुद्ध लाभ 140 प्रतिशत बढ़ा और 5,847 करोड़ रुपये से वह 14,012 करोड़ रुपये तक जा पहुंचा। वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट की प्रस्तावना में लिखा गया है कि कोरोना वायरस की दूसरी लहर की वजह से भारतीय अर्थव्यवस्था तहस-नहस हो गई थी, लेकिन अब अर्थव्यवस्था में सुधार साफ तौर पर दृष्टिगोचर हो रहा है, पर माना जा रहा है कि कोरोना वायरस का ओमिक्रॉन वैरिएंट भारतीय अर्थव्यवस्था को फिर से नुकसान पहुंचा सकता है, क्योंकि इसकी प्रसार क्षमता काफी तेज है। रिजर्व बैंक की ताजा वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट के अनुसार निजी निवेश अब भी कोरोना काल के पहले के स्तर पर नहीं पहुंच सका है, जो यह दर्शाता है कि आम लोगों की आय कोरोना काल से पहले के स्तर पर नहीं पहुंच सकी है और वे अपने खर्च में कटौती करने पर मजबूर हैं। बढ़ती महंगाई भी आम लोगों की जेब में सेंध लगा रही है। बिगड़े बजट की वजह से लोग खर्च नहीं कर पा रहे हैं। इस पर कुछ हद तक काबू पाने के लिए मांग और आपूर्ति के बीच समन्वय बनाने की जरूरत है, लेकिन इस मोर्चे पर संबंधित तंत्र कार्रवाई नहीं कर पा रहे हैं। व्यापार घाटे और चालू खाते के घाटे में बढ़ोतरी से अर्थव्यवस्था पर दबाव बढ़ रहा है और इससे सरकार विविध जरूरी मुद्दों पर अपेक्षित खर्च नहीं कर पा रही है, जिससे मांग में वृद्धि नहीं हो रही है। अर्थव्यवस्था पर दबाव बढ़ने से कारोबारी और आम आदमी की आमदनी में कमी आएगी, जिससे लोग अपने ऋण की किस्त एवं ब्याज नहीं चुका पाएंगे और उससे फंसे कर्ज में वृद्धि हो सकती है। यह सही है कि पहले से फंसे कर्ज की वसूली का काम करने वाले कानून या संस्थान फंसे कर्ज की वसूली करने के मामले में अपेक्षित परिणाम नहीं दे पाए हैं, लेकिन इसके साथ यह भी सच है कि फंसे कर्ज की वसूली में पहले से तेजी आई है। विगत छह सालों में बैंक पांच लाख करोड़ रुपये से ज्यादा फंसे कर्ज की वसूली करने में सफल रहे हैं और आने वाले दिनों में भी इस मोर्चे पर बेहतर परिणाम देने की उम्मीद की जा सकती है।

# फिरोजपुर की स्थगित रैली तिल का ताड़ बनाया जा रहा है

-उपेन्द्र प्रसाद-

**किसी** पर दोष लगाने से बेहतर है कि इस मामले को भुला दिया जाय। इसे यह सामान्य राजनैतिक प्रक्रिया का हिस्सा मान लिया जाय। पंजाब के कांग्रेस की सरकार है। कांग्रेस को भी चुनाव लड़ना है। उसे भी वोट चाहिए। फिर कोई कैसे उम्मीद कर सकता है कि कांग्रेस सरकार प्रधानमंत्री के लिए रास्ता साफ करने के लिए किसानों पर बल का प्रयोग करती। सुरक्षा देना पुलिस का काम है और प्रधानमंत्री की सुरक्षा बाधित हुई हो, वैसा कुछ दिख नहीं रहा। प्रधानमंत्री की एक रैली फिरोजपुर में होनी थी। उन्हें अपनी पार्टी के समर्थकों को संबोधित करना था। उसके पहले उन्हें विकास की अनेक परियोजनाओं की घोषणा करनी थी, लेकिन उनकी सभा नहीं हो सकी, क्योंकि वहां प्रधानमंत्री नहीं पहुंच पाए। वे चाहते तो वहां पहुंच सकते थे, लेकिन उसमें थोड़ा और समय लगता। थोड़ा और समय लगाने से बेहतर उन्होंने रैली को स्थगित कर देना ही उचित समझा और वे बिना भाषण किए दिल्ली वापस आ गए। उसके बाद दिल्ली से लेकर पंजाब तक हंगामा है कि प्रधानमंत्री को सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने में पंजाब सरकार विफ ल रही। इसके लिए भाजपा के नेता पंजाब की भाजपा सरकार की आलोचना कर रहे हैं। कुछ तो पंजाब की चन्नी सरकार को बर्खास्त कर देने की मांग तक कर रहे हैं। यह सच है कि रैली नहीं होना गलत है और यह भी सच है कि प्रधानमंत्री को सुरक्षित रास्ता उपलब्ध कराया जाना था, लेकिन इस पर जो हंगामा हो रहा है, वह गलत है। इसके लिए पंजाब सरकार की जो भारी आलोचना की जा रही है, वह गलत है। जिस तरह प्रधानमंत्री को विवश होकर वापस आना पड़ा, उसी तरह की विवशता पंजाब की पुलिस की भी रही होगी।

दरअसल, पंजाब के किसान प्रदेश भर में आंदोलन कर रहे हैं और वे मांग कर रहे हैं कि तीन कृषि कानूनों के खिलाफ हुए आंदोलन के दौरान जिन पर मुकदमे किए गए, उन्हें वापस लिया जाय। पंजाब सरकार ने मुकदमे वापस लेने की बात मान भी ली है, लेकिन अन्य राज्यों में भी मुकदमे हुए हैं। वहां से भी सकारात्मक संकेत आ रहे हैं। किसानों की दूसरी मांग है कि आंदोलन के दौरान जिन लोगों की मौत हुई, उनके परिवार के लोगों को मुआवजा दिया जाय और उनके परिवार के सदस्यों को सरकारी नौकरियां दी जाय। न्यूनतम मूल्य समर्थन की उनकी मांग भी अपनी जगह पर कायम है। उनकी ये मांगें केन्द्र सरकार से है। और वे आंदोलन कर रहे हैं। प्रदेश में अनेक स्थानों पर जब-तब सड़कें जाम कर दी जाती हैं। रेल लाइन को भी आंदोलन से कभी-कभी प्रभावित होना पड़ता है। वैसे ही माहौल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पंजाब के फि रोजपुर में वह सभा होनी थी।

# भारत से छुट्टियों की छुट्टी

-डॉ. वेदप्रताप वैदिक-

**भारत** तो दुनिया का शायद एकमात्र देश है, जिसकी जनता साल में सबसे ज्यादा छुट्टियां मनाती है। मुंबई उच्च न्यायालय ने अपने ताजा फैसले में कहा है कि सार्वजनिक अवकाश कोई मौलिक अधिकार नहीं है।

उसने उस याचिका को रद्द कर दिया है, जिसमें दादर-हवेली में दो अगस्त की छुट्टी की मांग की गई थी। इसी दिन 1954 में पुर्तगाली शासन से वह मुक्त हुआ था। आजकल हमारे सरकारी दफ्तर शनिवार और रविवार को बंद होते हैं, यानी साल में 104 दिन की छुट्टी एकदम पक्की है। फिर 24 छुट्टियां धार्मिक त्योहारों की होती हैं। लगभग 30 छुट्टियों के कुछ और बहाने बन जाते हैं।

इसके अलावा बाकायदा वैतनिक छुट्टियां 30 दिन और बीमारी की भी 15 दिन होती है। इनके साथ आकस्मिक छुट्टियां भी होती हैं। यानी कुल मिलाकर साल भर में हमारे सरकारी कर्मचारी लगभग 200 दिन की छुट्टी ले सकते हैं। अर्थात उन्हें तब भी वेतन मिलता है, जबकि वे कोई काम नहीं करते। हम जरा दुनिया के सब समृद्ध और विकसित राष्ट्रों की तुलना भारत से करें तो हमें मालूम पड़ेगा कि वे राष्ट्र वैतनिक छुट्टियां कम से कम देते हैं। अमेरिका में 11, ब्रिटेन में 8, चीन में 7, यूरोप में 8 या 10, जापान में 16, मलेशिया में 19 और ईरान में 27 और नार्वे में सिर्फ 2 वैतनिक छुट्टियां होती हैं।

जिन राष्ट्रों में कर्मचारियों की तनखा ज्यादा होती है, उनकी सरकारें और कंपनियां उन्हें छुट्टियां भी कम देती हैं लेकिन जिन राष्ट्रों में तनखा कम होती है, उनमें ज्यादा छुट्टियां होती हैं। हमारे देश में ज्यादातर कर्मचारी दफ्तरों में पूरे समय डटकर काम भी नहीं करते। अगर 7-8 घंटों में से वे 4-5 घंटे भी रोज डटकर काम करें तो हमारा भारत दूनी रफ्तार से आगे बढ़ सकता है। जो एक बार सरकारी नौकरी पा गया, उसे जीवन भर का बीमा मिल गया। यदि देश में छुट्टियां आधी कर दी जाएं और हर नौकरी के चलते रहने की हर पांच साल में समीक्षा होती रहे तो यह रेंगता हुआ भारत दौड़ने लगेगा।

भारत अपने आप को धर्म-निरपेक्ष कहता है लेकिन नेता लोग थोक वोट के लालच में हर धर्म और संप्रदाय की खुशामद में छुट्टियां करने पर उतारू हो जाते हैं। होली, दिवाली, ईद, क्रिसमस वगैरह के लिए आधे दिन की छुट्टी काफी क्यों नहीं होनी चाहिए? क्या दिन भर घर में बैठकर घंटा-घड़ियाल बजाना होता है? अपने कर्तव्य-कर्म से बड़ी पूजा कोई नहीं है।

# आधार मतदाता कार्ड लिंकिंग से होंगी नई मुश्किलें

-डॉ. अजीत रानाडे-

**असली** डर इस बात का है कि आधार लिंकेज का डेटाबेस जिनके हाथों में है उनके लिए यह मतदाता प्रोफाइलिंग, गटठा मतदान, मतदान की अयोग्यता और सभी प्रकार की चुनावी शरारत के लिए एक शक्तिशाली उपकरण बन सकता है। आधार को मतदाता पहचान पत्र कार्ड से जोड़ना एक अच्छा रास्ता नहीं है या जनता के अधिकारों को कुचलने का एक ऐसा रास्ता है जिसे बहुत ही सावधानी से चुना गया है।

संसद और राज्य विधानसभाओं के स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने की जिम्मेदारी संभालने वाले निर्वाचन आयोग पर भारत को गर्व है। चुनाव आयोग, स्वतंत्र और निष्पक्ष होने के लिए प्रतिष्ठित है जो सुनिश्चित करता है कि चुनाव में भाग लेने प्रत्याशियों को समान अवसर मिलें तथा लोग बिना किसी डर के मतदान करें। चुनाव आयोग की स्थापना भारत गणराज्य की घोषणा के एक दिन पहले यानी 25 जनवरी 1950 को हुई थी। चुनाव आयोग, जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 (रिप्रेजेन्टेशन ऑफ पीपुल्स एक्ट-आरपीए) में निहित कानूनी ढांचे के भीतर कार्य करने के लिए बाध्य है। केवल संसद को ही आरपीए में संशोधन करने का अधिकार है जो समय-समय पर किया जाता रहा है। पिछले 70 वर्षों में इसमें कई बार संशोधन किया गया है। एक उल्लेखनीय संशोधन अधिकरणों से उच्च न्यायालयों में चुनाव याचिकाओं का हस्तांतरण था। यही वजह थी कि तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की चुनाव याचिका पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय में सुनवाई हुई जहां 1975 में उनके चुनाव को शून्य और अवैध घोषित कर दिया गया था। फिर भी आरपीए में बड़े संशोधन बहुत लंबे समय से लंबित हैं।

उदाहरण के लिए पिछले कई वर्षों से विधि आयोगों की विभिन्न सिफारिशें लागू नहीं की गई हैं। खुद चुनाव आयोग ने प्रधानमंत्री और भारत सरकार को पत्र लिखकर यह सुनिश्चित करने को कहा है कि कुछ महत्वपूर्ण चुनाव सुधार कानून संसद से पारित किए जाएं लेकिन इस पर कोई सुनवाई नहीं हो रही है। आयोग के सबसे महत्वपूर्ण सुझावों में से एक आपराधिक उम्मीदवारों को चुनाव लड़ने से अयोग्य ठहराना रहा है। आरपीए में अयोग्यता का मापदंड बहुत कमजोर है और वह गंभीर आपराधिक आरोपों का सामना करने वाले निर्वाचित सांसदों की बढ़ती संख्या पर रोक लगाने में विफल रहा है।

संसद द्वारा कोई कार्रवाई न किए जाने के कारण उच्चतम न्यायालय ने कुछ विसंगतियों को दूर करने के लिए कदम उठाए हैं । उसके आदेश की वजह से इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन (ईवीएम)/ मतपत्र पर नोटा (नन ऑफ दी एबोव- उपरोक्त में से कोई भी नहीं) बटन आया। इस तरह हम सजायाफ्ता सांसदों को संसद में बैठने से तत्काल रोक सकते हैं भले ही उन पर चल रहा आपराधिक मामला अपील के लिए उच्च न्यायालय में गया हो। इसी तरह 2003 के निर्णय की बदौलत मतदाताओं को उम्मीदवारों के शपथ पत्र के कारण उनकी आपराधिक पृष्ठभूमि का पता चल जाता है। इनमें से कोई भी सुधार संसद द्वारा नहीं लाया गया था लेकिन उच्चतम न्यायालय ने जनहित याचिकाओं के माध्यम से ये सुधार किए हैं। राजनीतिक दलों को सूचना के अधिकार के दायरे में लाने की जनता की इच्छा आज भी अदालतों में लंबित है। यह भी एक महत्वपूर्ण सुधार है।

जब संसद ने खुद चुनाव सुधार करने का काम किया है तो उसने अक्सर संदिग्ध इरादे से ऐसा किया है। इसका उदाहरण राजनीतिक वित्तपोषण की पारदर्शिता बढ़ाने के लिए चुनावी बांड शुरू करने का है। यह कानून दानदाता या प्राप्तकर्ता की पहचान बताने को पूरी तरह से नकारता है। शब्द 'पारदर्शिता' का प्रयोग सरकार द्वारा जनता की सार्वजनिक व निजी गतिविधियों पर लगभग रोक लगाने के अर्थों में किया गया है। आरपीए पर संसद की कार्रवाई का एक और ताजा उदाहरण पिछले महीने पारित संशोधन है। यह चुनाव आयोग द्वारा जारी मतदाता पहचान पत्र के साथ आधार का लिंकेज है। इसे 20 दिसंबर को लोकसभा में बिना किसी चर्चा के पारित कर दिया गया।

## एससीजी में एक टेस्ट मैच की दोनों पारियों में शतक लगाने वाले तीसरे बल्लेबाज बने ख्वाजा



**सिडनी।** ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा शनिवार को सिडनी क्रिकेट ग्राउंड (एससीजी) में एक टेस्ट मैच की दोनों पारियों में शतक लगाने वाले तीसरे बल्लेबाज बन गए हैं। ख्वाजा से पहले इस मैदान पर डग वॉल्टर्स और रिकी पोंटिंग ने दोनों पारियों में शतक लगाया था। वॉल्टर्स ने सबसे पहले 1969 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 242 और 103 रन बनाए थे। उनके बाद पोंटिंग ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ यह उपलब्धि हासिल की थी। पोंटिंग ने 2006 में 120 और नाबाद 143 रन बनाए थे। ख्वाजा ने सिडनी में खेले गए चौथे एशेज टेस्ट के पहली पारी में 137 और दूसरी पारी में नाबाद 101 रनों की पारी खेली। इसके साथ ही ख्वाजा एक एशेज टेस्ट में दो शतक बनाने वाले छठे ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज भी बने। उनसे पहले वेरेन बार्डस्ले (1909), आर्थुर मॉरिस (1947), स्टीव वॉ (1997), मैथ्यू हेडन (2002) और स्टीव स्मिथ (2019) ने यह उपलब्धि हासिल की थी। चौथे एशेज टेस्ट की बात करें तो ऑस्ट्रेलिया ने इस मैच में इंग्लैंड के सामने 388 रनों का लक्ष्य रखा है, जिसके जवाब में इंग्लैंड ने चौथे दिन का खेल खत्म होने पर बिना किसी नुकसान के 30 रन बना लिए हैं।

# एशेज 2021-22: हारते-हारते बच गया इंग्लैंड, बारिश ने बचाया, सिडनी टेस्ट हुआ ड्रॉ

**नई दिल्ली:** एशेज सीरीज का चौथा टेस्ट मैच ड्रॉ हो गया है। सीरीज पहले ही हार चुकी इंग्लैंड ने यहां संघर्ष किया और मैच को बचा ले गए। इस मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड के सामने जीत के लिए 388 रनों का लक्ष्य रखा था। लेकिन इंग्लैंड की टीम ने मैच के पांचवें और अंतिम दिन रविवार को 9 विकेट पर 270 रन बनाकर मैच ड्रॉ करा दिया। इस ड्रॉ के साथ ही ऑस्ट्रेलिया की क्लीन स्वीप करने की तमन्ना भी खत्म हो गई है। 5 टेस्ट मैचों की सीरीज में 4 टेस्ट खेल लेने के बाद उसकी जीत का स्कोर अब भी 3-0 ही है। दोनों टीमों के बीच एशेज सीरीज का पांचवां और अंतिम टेस्ट 14 जनवरी से होबार्ट में खेला जाएगा। इस टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड के सामने 388



रन का लक्ष्य रखा था, जिसका पीछा करते हुए मेहमान टीम ने अपनी दूसरी इनिंग में 9 विकेट पर 270 रन बनाए।

ऑस्ट्रेलियाई टीम ने पहली पारी में 8 विकेट पर 416 रन बनाकर पारी घोषित कर दी थी। इसके जवाब में इंग्लैंड की टीम अपनी पहली पारी में 294 रन पर सिमट गई। जॉनी बेयरस्टो ने इंग्लैंड के लिए शतक जड़ा। ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में भी 6 विकेट पर 265 रन बनाकर अपनी पारी घोषित कर दी और इंग्लैंड के सामने जीत के लिए 388 रनों का लक्ष्य रखा।

ऑस्ट्रेलिया को इस टेस्ट मैच को जीतने के लिए 10 विकेट लेने थे। लेकिन, उसकी इस राह में सिडनी का मौसम रोड़ा बन गया। 5वें दिन बारिश से खेल रूकने से पहले ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड के 3 विकेट गिरा दिए थे। बारिश थमने पर जब खेल शुरू हुआ तो 6 और विकेट गिराए।

## यूरोस्पोर्ट ने एएफसी महिला एशियाई कप के प्रसारण अधिकार हासिल किए

**नई दिल्ली।** डिस्कवरी नेटवर्क के शीर्ष खेल ब्रांड यूरोस्पोर्ट इंडिया ने आगामी एएफसी महिला एशियाई कप के प्रसारण अधिकार हासिल किए हैं जिसका आयोजन भारत की मेजबानी में 20 जनवरी से छह फरवरी तक किया जाएगा। भारतीय उपमहाद्वीप में एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) की सभी प्रतियोगिता में मीडिया अधिकार हासिल करने वाले फुटबॉल स्पोर्ट्स डेवलपमेंट लिमिटेड (एफएसडीएल) ने यूरोस्पोर्ट इंडिया को प्रसारण अधिकार सौंपे हैं।

इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट के 20वें सत्र में 12 टीमें हिस्सा लेंगी जिन्हें तीन ग्रुप में बांटा गया है। ग्रुए ए में मेजबान भारत, चीन, चीनी ताइपे और ईरान को रखा गया है जबकि ग्रुप बी में आस्ट्रेलिया, थाईलैंड, फिलिपीन्स और इंडोनेशिया को जगह मिली है।

## बोपन्ना-रामकुमार की जोड़ी फाइनल में

**एडीलेड।** भारत के रोहन बोपन्ना और रामकुमार रामनाथन ने दूसरे वरीय बोस्निया के टोमिस्लाव बर्किच और मैक्सिको के सेंटियागो गोंजालेज को शनिवार को यहां सीधे सेट में हराकर एडीलेड अंतरराष्ट्रीय टेनिस टूनार्मेंट के पुरुष युगल फाइनल में जगह बनाई।

गैरवरीय भारतीय जोड़ी ने बर्किच और गोंजालेज को सेमीफाइनल में सीधे सेट में 6-2 6-4 से शिकस्त दी।

इस एटीपी 250 प्रतियोगिता के खिताबी मुकाबले में बोपन्ना और रामकुमार का सामना क्रोएशिया के इवान डोडिग और ब्राजील के मासेलो मेलो की शीर्ष वरीय जोड़ी से होगा।

फाइनल मुकाबला रोमांचक होने



की उम्मीद है क्योंकि 41 साल के बोपन्ना और डोडिंग कई बार जोड़ी बनाकर खेल चुके हैं। ये दोनों सितंबर में अमेरिकी ओपन में भी जोड़ी बनाकर उतरे थे और तीसरे दौर में हार गए थे।

एटीपी टूर पर पहली बार जोड़ी बनाकर खेल रहे बोपन्ना और रामकुमार के लिए यह टूनार्मेंट अब तक काफी अच्छा रहा है।

इस दोनों ने दूसरे दौर में नैथेनियल लेमोन्स और जैकसन विथ्रो की अमेरिकी जोड़ी के खिलाफ मुकाबले को छोड़कर बाकी सभी मुकाबले सीधे सेट में जीते।

एडीलेड में हो रही यह प्रतियोगिता 17 जनवरी से मेलबर्न में शुरू हो रहे आस्ट्रेलियाई ओपन की तैयारी प्रतियोगिता है।

## बोरूसिया मोंशेनग्लाबाख ने बायर्न म्यूनिख को हराया

**बर्लिन।** बायर्न म्यूनिख को कोरोना वायरस संक्रमण के कारण कई खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी के बीच शुरू हुए बुंदेसलीगा फुटबॉल टूनार्मेंट में शुक्रवार को यहां बोरूसिया मोंशेनग्लाबाख के खिलाफ अपने घरेलू मैदान पर 1-2 से शिकस्त का सामना करना पड़ा।

दोनों क्लब विशेषकर बायर्न म्यूनिख के कई खिलाड़ियों के संक्रमित पाए जाने के कारण लीग के शीतकालीन ब्रेक के बाद होने वाले इस मुकाबले के आयोजन पर संदेह था। शुक्रवार को हालांकि लीग अधिकारियों ने फैसला किया कि क्लब के पास पर्याप्त खिलाड़ी मौजूद हैं।

रॉबर्ट लेवानदोवस्की ने लीग में अपना 20वां गोल दागकर बायर्न को बढ़त दिलाई लेकिन फ्लोरियन नेहॉस और स्टीफन लेनर ने चार मिनट के भीतर दो गोल दागकर मोंशेनग्लाबाख को 2-1 से आगे कर दिया जो निर्णायक स्कोर साबित हुआ। दोनों टीमों के बीच अक्टूबर में हुए पिछले मुकाबले में भी मोंशेनग्लाबाख ने 5-0 से जीत दर्ज कल थी।

## मैनचेस्टर सिटी ने एफए कप में स्विंडन को हराया

**स्विंडन (इंग्लैंड)।** मैनचेस्टर सिटी ने सात खिलाड़ियों के कोरोना वायरस संक्रमित होने के बावजूद एफए कप फुटबॉल टूनार्मेंट के तीसरे दौर में शुक्रवार को चौथे टियर के क्लब स्विंडन को 4-1 से हराकर बाहर किया। सिटी की टीम की ओर से पहले तीन गोल अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों बनार्डो सिल्वा (14), गैब्रियल जीसस (28) और इलकाय गुनडोगन (59) ने दागे। सिटी की ओर से चौथा गोल 19 साल के कोल पाल्मर (82) ने किया। स्विंडन की ओर से एकमात्र गोल हैरी मैकार्डी (78) ने किया।

## एशेज: हेजलवुड पांचवें टेस्ट से बाहर, ऑस्ट्रेलियाई चयनकर्ता ने की पुष्टि

**सिडनी।** पांचवें एशेज टेस्ट के लिए जोश हेजलवुड की वापसी के बारे में चयनकर्ता टोनी डोडेमैड अनिश्चित थे, लेकिन हेजलवुड अब पांचवे टेस्ट में नहीं खेलेंगे। यह जानकारी ऑस्ट्रेलियाई मुख्य कोच जस्टिन लैंगर ने दी। पांचवा टेस्ट हार्बट में खेला जाएगा। हेजलवुड को एशेज के पहले टेस्ट में एक साइड स्ट्रेन का सामना करना पड़ा था। तब से उन्होंने सीरीज में भाग नहीं लिया। तेज गेंदबाज ने संकेत दिया था कि वह वर्तमान में चल रहे एससीजी में चौथे टेस्ट के लिए वापसी करने की कोशिश करेंगे, लेकिन अभी वह पूरी तरह से फिट नहीं हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के चयनकर्ता डोडेमैड ने शनिवार को पुष्टि की कि हेजलवुड को सीरीज से बाहर कर दिया गया है।

## श्रीलंका के खिलाड़ी डिकवेला, मेंडिस और गुणाथिलका को राहत, क्रिकेट बोर्ड ने बैन हटाया

**कोलंबो।** श्रीलंका के तीन खिलाड़ी कुसल मेंडिस, विकेटकीपर निरोशन डिकवेला और ऑलराउंडर दनुष्का गुणाथिलका को श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने बड़ी राहत दी है। तीनों खिलाड़ियों पर से श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने बैन हटा लिया है। यह खिलाड़ी अब आगामी सीरीज में चयन के लिये उपलब्ध होंगे। पिछले साल इंग्लैंड दौरे पर बायो बबल तोड़ने के आरोप में तीनों खिलाड़ियों पर एक साल का बैन लगाया गया था। श्रीलंका क्रिकेट टीम के इंग्लैंड दौरे के दौरान ट्विटर पर एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें श्रीलंका के यह तीनों खिलाड़ी बायो बबल नियम को तोड़ते हुए पब्लिक प्लेस में दिखाई दे रहे थे। श्रीलंकाई क्रिकेटरों का यह वीडियो सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर यूजर्स कार्रवाई की मांग की जा रही थी, जिसके बाद श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने खिलाड़ियों को सस्पेंड करते हुए घर लौटने का आदेश दिया था।

## लगातार 3 हार के बाद जीत की पटरी पर लौटे पैंथर्स, पल्टन को 31-26 से हराया





**बेंगलुरू।** हार की हैट्रिक के बाद पहले सीजन की चैम्पियन जयपुर पिंक पैंथर्स ने अपने सातवें मुकाबले में पुनेरी पल्टन को हराकर जीत की पटरी पर वापसी की है। जयपुर की टीम ने शेराटन ग्रैंड, व्हाइटफील्ड होटल एवं कन्वेंशन सेंटर जारी वीवो प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के आठवें सीजन के 39वें मुकाबले में शुक्रवार को पल्टन को 31-26 से हराया। जयपुर की सात मैचों में यह तीसरी जीत है जबकि पल्टन को इतने ही मैचों में पांचवीं हार मिली है। जयपुर की जीत में इस सीजन के सुपरस्टार बन चुके अर्जुन देसवाल (11 अंक) की अहम भूमिका रही। इनके अलावा संदीप ढुल और साहिल भी चमके। इन दोनों ने चार-चार अंक लिए। पल्टन टीम सुपरस्टार नितिन तोमर की मैट पर वापसी के बावजूद जीत नहीं हासिल कर सकी। तोमर ने हालांकि सिर्फ 4 अंक बटोरे। उसके लिए असलम इनामदार (6 अंक) सबसे सफल रेडर रहे। शुरूआती 6 मिनट के खेल के बाद जयपुर को 8-2 की लीड मिली हुई थी लेकिन अर्जुन देसवाल के खिलाफ सुपर टैकल को अंजाम देकर पल्टन ने स्कोर 4-8 कर दी। पल्टन ने इसके बाद नितिन तोमर पर मैट पर बुलाया। वह अपने पहले ही रेड पर अंक लेकर गए। नवीन की रेड पर जयपुर को दो अंक मिले। एक डिफेंडर सेल्फ आउट हुआ और एक को नवीन ने आउट किया। स्कोर 10- 5 हो गया था। पल्टन ऑल आउट की कगार पर थे। सुपर टैकल भी आन था। देसवाल रेड पर थे और उन्होंने असलम इनामदार को आउट किया। धर्मवीर डू ओर डाई रेड पर थे और वह लपक लिए गए। इस तरह जयपुर ने पल्टन को ऑल आउट कर 14-6 की लीड ले ली। जयपुर ने इसके बाद लगातार दो अंक लिए जबकि पल्टन ने लगातार चार अंक लेकर स्कोर 10-16 कर दिया। पल्टन के लिए अगली रेड पर गए पंकज मोहिते ने दो खिलाड़ियों को आउट कर पल्टन की वापसी का ऐलान किया। दीपक ने अगली रेड पर बोनस लिया लेकिन डिफेंस में उनकी गलती टीम को भारी पड़ गई। जयपुर आल आउट हो गए थे और स्कोर 16-17 हो गया था। जल्द ही पल्टन ने स्कोर 17-17 कर लिया। मोहिते को टैकल कर हालांकि जयपुर ने एक अंक की लीड ले ली। निचोड़ यह रहा कि एक समय जयपुर को 10 अंकों की लीड मिली हुई थी लेकिन अब हाफ टाइम तक यह सिर्फ एक अंक की रह गई थी। पल्टन ने ब्रेक के बाद इसकी बराबरी कर ली और फिर देसवाल को डैश कर लीड भी ले ली। हालांकि जयपुर ने मोहित को आउट कर फिर बराबरी कर ली। दीपक हुड्डा ने अपनी अगली रेड पर पल्टन के ऑलराउंडर असलम को बाहर किया। मोहिते ने डू ओर डाई रेड पर अंक लेकर स्कोर फिर 20-20 कर दिया। अब देसवाल डू ओर डाई रेड पर थे। उन्होंने अपना नौवां अंक लेते हुए स्कोर 21-20 कर दिया। पल्टन के लिए मोहिते डू ओर डाई रेड पर थे लेकिन वह लपक लिए गए। देसवाल ने जयपुर के लिए डू ओर डाई रेड पर अंक लेते हुए इस सीजन का अपना लगातार सातवां सुपर-10 पूरा किया। पल्टन के लिए सुपर टैकल आन था। वे तीन अंक से पीछे थे। नितिन डू ओर डाई रेड पर गए और एक अंक लेकर लौटे। अगली रेड पर देसवाल को लपक कर पल्टन ने ऑल आउट बचाया लेकिन असलम अपनी अगली रेड पर लपक लिए गए। दीपक की अगली रेड डू ओर डाई थी। उन्होंने नितिन को बाहर कर स्कोर 25-23 कर दिया। पल्टन के लिए फिर सुपर टैकल आन था। दीपक ने अगली रेड पर रिस्क नहीं लिया लेकिन मोहित की अगली रेड डू ओर डाई थी। उन्हें टैकल कर जयपुर ने अपनी लीड तीन की कर ली। फिर देसवाल ने विशाल भारद्वाज का शिकार किया। अगली रेड पर जयपुर ने टैकल के साथ 30-24 की लीड ले ली, जिसे पार पाना पल्टन के लिए अंत तक सम्भव नहीं हो सका।

## हरियाणा स्टीलर्स ने चैंपियन बंगाल वारियर्स को 41-37 से हराया





**बेंगलुरु।** ऑलराउंडर मीतू (10 अंक) और कप्तान विकाश कंडोला (9 अंक) के अलावा अपने डिफेंडर्स मोहित एवं सुरेंडर नाडा के उम्दा प्रदर्शन की बदौलत हरियाणा स्टीलर्स ने शेराटन ग्रैंड, व्हाइटफील्ड होटल एवं कन्वेंशन सेंटर जारी वीवो प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के आठवें सीजन के 38वें मुकाबले में शुक्रवार को मौजूदा चैम्पियन बंगाल वॉरियर्स को 41-37 से हरा दिया। दोनों टीमों का यह सातवां मैच था। हरियाणा ने अब तक तीन मुकाबले जीते हैं जबकि तीन में उसे हार मिली है। एक मुकाबला टाई भई रही है। बंगाल को तीन मैचों में जीत और चार मैचों में हार मिली है। बंगाल ने अपने स्टार रेडर मनिंदर सिंह (14 अंक) के सीजन के पांचवें सुपर-10 की बदौलत जीत हासिल करने की पूरी कोशिश की लेकिन अपनी टीम के दो बार ऑल आउट होने के कारण वह सफल नहीं हो सके। बंगाल ने 13 मिनट के भीतर हरियाणा को ऑल आउट कर 13-7 की लीड ले लेकिन हरियाणा ने बेहतरीन वापसी करते हुए पहले हाफ के अंत तक स्कोर 15-18 कर दिया। साथ ही साथ उसने बंगाल को ऑल आउट की कगार पर भी धकेल दिया। शुरूआती पांच मिनट में रेडरों की भूमिका सीमित रही लेकिन दोनों टीमों के डिफेंडर्स खुलकर खेले। बाद में हालांकि रेडरों ने लय पकड़ी और 8-8 अंक लिए। डिफेंस में बंगाल ने 8 और हरियाणा ने सात अंक लिए। हरियाणा ने हालांकि 7-13 से पीछे होने के बाद शानदार वापसी की और कप्तान विकाश कंडोला, ऑलराउंडर जयदीप तथा मीतू और अपने हरफनमौला डिफेंडर सुरेंदर नाडा की बदौलत मैच में बने रहे। बंगाल के लिए बर्थडे ब्वाय सचिन विट्ठाला ने शुरूआती 20 मिनट में हाई-5 पूरा किया और मनिंदर सिंह ने शुरूआती दो रेड में पकड़े जाने के बाद पांच अंक अपने नाम किए। ब्रेक के बाद हरियाणा ने बंगाल को ऑल आउट कर 18-18 की बराबरी कर ली। इसके बाद पहली ही रेड पर मनिंदर को लपक कर हरियाणा ने 21-18 लीड ले ली। कप्तान विकाश ने डिफेंडर को सेल्फ आउट को मजबूर कर लीड चार की कर ली। सुकेश डू ओर डाई रेड पर थे। वह लपके गए लेकिन उनके साथ डिफेंडर भी आउट हुआ। बंगाल के डिफेंस ने अगली रेड पर विकाश को भी लपक लिया। स्कोर 20-23 हो गया था। मीतू ने लगातार दो रेड पर अंक लिए। इसके बाद मनिंदर ने डू ओर डाई रेड पर बोनस लिया। विकाश ने अगली रेड पर एक अंक लेकर स्कोर 26-21 किया जबकि मनिंदर ने नाडा का शिकार कर लीड चार की कर ली। फिर बंगाल ने कंडोला को सुपर टैकल कर स्कोर 24-२६ कर लिया। मीतू ने नबीबक्श को आउट कर बंगाल को फिर ऑलआउट की ओर धकेला। मनिंदर को अगली रेड पर सिर्फ बोनस मिल सका। मीतू ने अगली रेड पर फिर अंक लिया और स्कोर 28-25 कर दिया। मनिंदर ने फिर बोनस लिया और मीतू ने भी अंक लिया। हरियाणा ने अब बंगाल को दूसरी बार ऑल आउट कर 32-27 की लीड ले ली। इसी बीच मनिंदर ने इस सीजन का अपना पांचवां सुपर-10 पूरा किया। अबूजार मेघानी ने अगली रेड पर कंडोला को लपक कर स्कोर 29-33 कर दिया। हालांकि हरियाणा ने मनिंदर को आउट कर इसकी भरपाई की। चार मिनट का खेल बचा था और स्कोर 36-32 से हरियाणा के पक्ष में था। मनिंदर टीम को कमबैक करा रहे थे। बोनस लेकर उन्होंने स्कोर 33-36 कर दिया लेकिन मीतू ने टच प्वाइंट पर न सिर्फ अपना सुपर-10 पूरा किया बल्कि लीड फिर चार की कर दी। फिर नाडा ने नबीबक्श के खिलाफ एडवांस टैकल पर गलती कर दी। अगली रेड पर विकाश ने दो अंक लेकर स्कोर 39-34 कर दिया। बंगाल के लिए सुपर टैकल आन था। मनिंदर बोनस लेने के बाद सुपर रेड के प्रयास में आउट हो गए। स्कोर 40-36 हो गया था। नबीबक्श की अगली रेड पर नाडा ने फिर गलती की और फिर विकाश ने अंतिम रेड पर अंक लेकर अपनी टीम की जीत सुनिश्चित की।

## ईस्ट बंगाल के साथ गोल रहित ड्रॉ के बाद मुंबई ने शीर्ष स्थान हासिल किया

**वास्को।** मौजूदा चैम्पियन मुंबई सिटी एफसी लगातार चौथे मैच में जीत से दूर रह गई जबकि अंक तालिका में फिसड्डी एससी ईस्ट बंगाल का जीत से दूर रहने का अनचाहा सिलसिला दस मैचों तक पहुंच गया। क्योंकि दोनों टीमों को शुक्रवार को वास्को डे गामा स्थित तिलक मैदान स्टेडियम में खेले गए हीरो इंडियन सुपर लीग 2021-22 के लीग मुकाबले में गोलरहित ड्रा खेलना पड़ा। इस ड्रा से कोच रेनेडी सिंह की ईस्ट बंगाल जरूर खुश होगी क्योंकि उसने चैम्पियन मुंबई सिटी को 0-0 से ड्रा खेलने पर मजबूर किया। इस ड्रा से एक अंक लेकर इंग्लिश कोच डेस बकिंगहम की टीम फिर से टेबल टॉप पर पहुंच गई है। मुंबई के दस मैचों में 17 अंक हो गए हैं और वह दूसरे से पहले स्थान पर वापस पहुंच गई है। उसने पांच मैच जीते हैं और दो ड्रा खेले हैं। वहीं, ईस्ट बंगाल लगातार तीसरे ड्रा के बाद भी 11 टीमों की अंक तालिका में सबसे नीचे बनी हुई है। रेड एंड



गोल्ड ब्रिगेड 10 मैचों में छह ड्रा से कुल छह अंक ही जुटा सकी है। मैच में ऑलराउंड खेल दिखाने के लिए ईस्ट बंगाल के मिडफील्डर सौरभ दास को हीरो ऑफ द मैच से नवाजा गया। पहले हाफ में भी दबदबा मुंबई सिटी एफसी का रहा लेकिन वो गोल नहीं दाग सकी जबकि एससी ईस्ट बंगाल हमला बोलने में पूरी तरह से विफल रही। लिहाजा, मध्यांतर तक स्कोर 0-0 रहा। इस दौरान मुंबई ने गेंद पर 65 फीसदी तक नियंत्रण रखा औ? वो बार-बार हमलें करने की कोशिश करती रही। लेकिन मौजूदा चैम्पियनों को अपने बॉक्स के अंदर गोल करने के अवसर रेड एंड गोल्ड ब्रिगेड ने नहीं दिए। क्योंकि कोलकाता की टीम पूरे हाफ में डिफेंसिव ही रही। गोलरहित ड्रा के कारण दोनों ही गोलकीपर क्लीन शीट रखने में सफल रहे।

## न्यूयॉर्क में बिछी बर्फ की चादर, सैकड़ों उड़ानें रद्द



**न्यूयॉर्क।** न्यूयॉर्क शहर और उसके आसपास के इलाकों में भारी बर्फबारी हुई है, जिसके कारण क्षेत्र के अंदर और बाहर सैकड़ों उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। नेशनल वेदर सर्विस (एनडब्ल्यूएस) के एक अपडेट के अनुसार, लागार्डिया हवाई अड्डे ने शुक्रवार को जॉन एफ कैनेडी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 5.5 इंच बर्फबारी और नेवार्क लिबर्टी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 8.4 इंच बर्फबारी दर्ज की। समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने एनडब्ल्यूएस के हवाले से कहा, इस बीच, न्यूयॉर्क शहर के सेंट्रल पार्क में 5.5 इंच की बर्फबारी हुई। फ्लाईटअवेयर डॉट कॉम के अनुसार, शुक्रवार को लागार्डिया हवाई अड्डे से आने और जाने वाली 300 से ज्यादा उड़ानें रद्द कर दी गई। फ्लाईटअवेयर डॉट कॉम के अनुसार, जॉन एफ कैनेडी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे और नेवार्क लिबर्टी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के अंदर और बाहर की उड़ानों की कुल संख्या 468 हैं,

जिन्हें रद्द कर दिया गया। न्यूयॉर्क सिटी और न्यू जर्सी को जोड़ने वाली पोर्ट अथॉरिटी ट्रांस-हडसन (पीएटीएच) रैपिड ट्रांजिट रेलरोड सिस्टम को सुबह में धुएं की स्थिति के कारण व्यवस्थित निलंबन का सामना करना पड़ा। न्यूयॉर्क शहर में पब्लिक स्कूल सर्दी के तूफान के बावजूद भी खुले हैं। न्यूयॉर्क राज्य की गवर्नर कैथी होचुल ने लोगों से सावधानी बरतने और राज्य के कई हिस्सों में अनावश्यक यात्रा से बचने का आग्रह किया है क्योंकि कई क्षेत्रों में बर्फ और तेज हवाएं चलने की उम्मीद है।

## पुतिन ने सीएसटीओ सदस्य देशों के नेताओं के साथ फोन पर कजाकिस्तान पर चर्चा की



**मास्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने गुरुवार और शुक्रवार को सामूहिक सुरक्षा संधि संगठन (सीएसटीओ) के सदस्य देशों के नेताओं के साथ फोन पर बातचीत की और कजाकिस्तान की स्थिति पर चर्चा की। ये जानकारी क्रेमलिन ने दी। समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने क्रेमलिन के हवाले से कहा, रूस के राष्ट्रपति ने किर्गिज राष्ट्रपति सदिर झापरोव, बेलारूसी राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको, ताजिक राष्ट्रपति इमोमाली रहमोन और अर्मेनियाई प्रधानमंत्री निकोल पशिनियन के साथ फोन पर बातचीत की। पुतिन ने कजाखस्तान के राष्ट्रपति कसीम-जोमार्ट तोकायेव से भी कई बार फोन पर बात की। इसमें कहा गया कि यह चर्चा कजाकिस्तान के घटनाक्रम और अंतर्राष्ट्रीय आतंकवाद का मुकाबला करने, व्यवस्था बहाल करने और देश के नागरिकों की सुरक्षा के लिए सीएसटीओ के तहत संयुक्त कार्रवाई पर केंद्रित है। बयान में कहा, इस बीच, सीएसटीओ शांति अभियान शुरू होने के बाद से, रूसी रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु नियमित रूप से पुतिन को कजाकिस्तान में शांति सेना के हस्तांतरण की प्रगति और सौंपे गए कार्यों को पूरा करने के लिए रिपोर्ट कर रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार, पिछले कुछ दिनों में कजाकिस्तान में हिंसक विरोध प्रदर्शनों में कई मौतें हुई हैं। टोकायव ने बुधवार को सरकार का इस्तीफा स्वीकार कर लिया और सीएसटीओ से मदद मांगी।

## वैश्विक कोरोना मामलों में वृद्धि, केस 30.26 करोड़ से ज्यादा हुए



**वाशिंगटन।** दुनियाभर में कोरोनावायरस के मामले बढ़कर 30.26 करोड़ से ज्यादा हो गए हैं। इस महामारी से अब तक कुल 54.7 लाख से ज्यादा लोगों की मौत हुई हैं जबकि 9.37 अरब से ज्यादा का वैक्सीनेशन हुआ है। ये आंकड़े जॉन्स हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी ने साझा किए हैं।

शनिवार की सुबह अपने नए अपडेट में, यूनिवर्सिटी के सेंटर फॉर सिस्टम साइंस एंड इंजीनियरिंग (सीएसएसई) ने बताया कि वर्तमान वैश्विक मामले, मरने वालों और टीकाकरण की कुल संख्या क्रमशः बढ़कर 302,679,314, 5,478,980 और 9,373,736,128 हो गई है।

सीएसएसई के अनुसार, दुनिया के सबसे ज्यादा मामलों और मौतों 59,166,756 और 836,477 के साथ अमेरिका सबसे ज्यादा प्रभावित देश बना हुआ है। कोरोना मामलों में भारत दूसरा सबसे प्रभावित देश है, जहां कोरोना के कुल 35,226,386 मामलें है। तो वहीं संक्रमितों के 483,178 मामलें हैं जबकि 482,876 लोगों की मौत हुई है, इसके बाद ब्राजील में कोरोना के 22,328,252 मामले हैं जबकि 619,654 लोगों की मौत हुई हैं। सीएसएसई के आंकड़ों के अनुसार, 50 लाख से ज्यादा मामलों वाले अन्य सबसे प्रभावित देश यूके (14,279,785), फ्रांस (11,618,224), रूस (10,437,471), तुर्की (9,852,458), जर्मनी (7,458,433), स्पेन (7,164,906), इटली (7,083,762), ईरान (6,204,224), अजेर्टीना (6,135,836) और कोलंबिया (5,268,862) हैं।

जिन देशों ने 100,000 से ज्यादा मौतों का आंकड़ा पार कर लिया है, उनमें रूस (308,258), मैक्सिको (299,970), पेरू (202,934), यूके (150,222), इंडोनेशिया (144,121), इटली (138,697), ईरान (131,821), कोलंबिया (130,250), फ्रांस (126,195), अजेर्टीना (117,428), जर्मनी (113,717) और यूक्रेन (103,434) शामिल हैं।

## तालिबान के अधिकारी ने दुनिया से अफगानिस्तान की मदद करने की अपील की

**काबुल।** अफगानिस्तान में तालिबान के नेतृत्व वाली सरकार के एक शीर्ष अधिकारी ने मानवीय संकट के बीच दुनिया से युद्धग्रस्त देश की मदद करने का आग्रह किया है। यह जानकारी मीडिया ने दी।

टोलो न्यूज के हवाले से सरकारी आरटीए मीडिया आउटलेट द्वारा प्रसारित एक वीडियो में, तालिबान के उप प्रधानमंत्री मुल्ला अब्दुल गनी बरादर ने कहा कि अफगानिस्तान में मौजूदा स्थिति गंभीर है। उन्होंने कहा, एक तरफ दमनकारी प्रतिबंध हैं और दूसरी ओर अफगानिस्तान में नागरिकों के लिए रोजगार के अवसरों को सरल बनाने को पिछले 20 वर्षों से कोई बुनियादी ढांचा नहीं बना है।

गनी के मुताबिक, लोग अपने परिवार की अच्छी देखभाल के लिए देश से बाहर जाते हैं ताकि वे अपनी जरूरतों को पूरा कर सकें। उन्होंने कहा, वर्तमान स्थिति को देखे तो अफगानों को दुनिया की तत्काल मानवीय सहायता की आवश्यकता है। गनी ने कहा, तालिबान सरकार आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। वहीं, उन्होंने मंत्रालयों और सरकारी विभागों को नागरिकों की मदद करने का निर्देश दिया गया है। अफगानिस्तान में कड़ाके की ठंड के बीच मानवीय संगठनों ने बार-बार गंभीर संकट की चेतावनी दी है। संयुक्त राष्ट्र ने पहले कहा था कि उसने अफगान संकट से निपटने के लिए 1.5 अरब डॉलर जुटाए हैं।

## सिंगापुर में कोरोना के 777 नए मामले

**सिंगापुर।** सिंगापुर में शुक्रवार को कोरोना के 777 नए मामले सामने आए हैं, जिससे देश में मामलों की कुल संख्या बढ़कर 283,991 हो गई है। सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने स्वास्थ्य मंत्रालय (एमओएच) द्वारा जारी आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया, कोरोना के नए मामलों में से, 366 कम्युनिटी, 15 प्रवासी श्रमिक छात्रावास और 396 बाहरी मामले हैं।

मंत्रालय ने कहा कि सोमवार को 535 नए ओमिक्रॉन मामलों की पुष्टि हुई, जिनमें से 251 स्थानीय और 284 बाहरी मामले हैं।

वर्तमान में अस्पतालों में कुल 165 मामले हैं, जिनमें से 13 मामले गहन देखभाल इकाई (आईसीयू) में गंभीर रूप से बीमार हैं।

कोरोना संक्रमण से बीते 24 घंटे में 2 मौतें हुई, जिससे मरने वालों की संख्या बढ़कर 837 हो गई है।

## इंडोनेशिया में कोरोना के 518 नए मामले, 5 की मौत

**जकार्ता।** इंडोनेशिया में कोरोना के 518 नए मामलो सामने आए है, जिससे देश में संक्रमितों की संख्या बढ़कर 4,265,187 हो गई है। ये जानकारी स्वास्थ्य मंत्रालय ने साझा की है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के मुताबिक, मंत्रालय ने बताया कि देश में एक दिन में कोरोना से 5 मौतें हुई हैं, इसी के साथ मरने वालों की संख्या बढ़कर 144,121 हो गई, जबकि बीते 24 घंटों के दौरान 214 और लोग इससे ठीक हुए हैं, जिससे कुल ठीक होने वालों की संख्या बढ़कर 4,115,572 हो गई है। इंडोनेशिया की सरकार वायरस को फैलने से रोकने के लिए अपने राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रमों में तेजी ला रही है।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक 211019 से प्रकाशित स्वामी श्री योगी सत्यम एवं योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इंटरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवम क्रियायोग आश्रम अनुसंधान संस्थान झूसी प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
TITLE - UPHIN 29506

## भारतीय राजदूत ने विज्ञान संबंधी मामलों के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति के सलाहकार से मुलाकात की

**वाशिंगटन।** अमेरिका में भारत के राजदूत तरणजीत सिंह संधू ने विज्ञान संबंधी मामलों के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति के सलाहकार प्रोफेसर एरिक लैंडर से मुलाकात की और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने को लेकर उनके साथ विचार साझा किए।संधू और लैंडर के बीच शुक्रवार को हुई बैठक में स्वास्थ्य सेवा, प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष, पृथ्वी एवं महासागर विज्ञान, ऊर्जा, उभरती प्रौद्योगिकियों और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग समेत अहम क्षेत्रों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक के बाद संधू ने ट्वीट किया, हमने भारतीय और अमेरिकी नेतृत्व की प्राथमिकता वाले क्षेत्र-विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में भारत और अमेरिका के बीच सहयोग मजबूत करने पर विचार साझा किए। यह बैठक स्वास्थ्यसेवा के संदर्भ में महत्ता रखती है। गणितज्ञ और आनुवांशिकीविद् लैंडर जीनोमिक्स और मॉलिक्यूलर बायोलॉजी में भी विशेषज्ञ हैं। वह भारत में वैज्ञानिक समूहों से लंबे समय से जुड़े रहे हैं। यह बैठक ऐसे समय में हुई है, जब कोविड-19 के टीकों एवं दवाओं के संबंध में किफायती समाधान मुहैया कराने के लिए अमेरिका और भारत सहयोग कर रहे हैं। स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में दोनों देशों के बीच अक्टूबर, 2021 में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए थे। संधू विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत और अमेरिका के संबंधों को मजबूत करने के लिए कई वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों से बैठक कर रहे हैं। संधू ने लैंडर के अलावा एनर्जी फॉर साइंस के अवर मंत्री गेराल्डिन रिचमंड से भी

## मंडेला से जुड़ी सामग्री की अमेरिका में नीलामी रुकी

**जोहानिसबर्ग।** अमेरिका स्थित ग्वेर्नसेज ऑक्शन हाउस रोबेन आइलैंड की जेल की उस कोठरी की चाभी की नीलामी रोकने पर सहमत हो गया है, जहां नेल्सन मंडेला ने 1994 में दक्षिण अफ्रीका का लोकतांत्रिक रूप से चुना गया पहला राष्ट्रपति बनने से पहले राजनीतिक बंदी के रूप में अपने जीवन के 27 साल बिताए थे। मंडेला से जुड़ी सामग्रियों समेत चाभी को भी नीलामी के लिए उपलब्ध कराए जाने की बात 22 जनवरी को सामने आई थी, जिसके बाद दक्षिण अफ्रीका की सरकार ने हस्तक्षेप किया था। इस चाभी की नीलामी से लाखों पाउंड मिलने की उम्मीद थी। दक्षिण अफ्रीका के खेल, कला एवं संस्कृति मंत्री नाथी मथेथवा ने इस फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि राष्ट्रीय विरासत संसाधन कानून के नियमानुसार यह चाभी दक्षिण अफ्रीकी देश की है।

मथेथवा ने इन खबरों की जांच के आदेश दिए कि मंडेला के जेलर क्रिस्टो ब्रांड ने ग्वेर्नसेज को चाभी मुहैया कराई थी। ब्रांड मंडेला के सत्ता में आने के बाद सुलह की कोशिशों के तहत रोबेन आइलैंड पर आने वालों के लिये गाइड का काम करने लगा था। उन्होंने कहा कि रोबेन आइलैंड की कोठरियों की चाभी अब भी यहीं हैं, तो जांच से यह पता चलेगा कि क्या मंडेला की कोठरी की नकली चाभी बनाई गई थी। उन्होंने कहा, यह चाभी दक्षिण अफ्रीका के लोगों की है...यह किसी का भी निजी सामान नहीं है। मथेथवा ने कहा कि रोबेन द्वीप एक राष्ट्रीय स्मारक और राष्ट्रीय संग्रहालय है तथा यूनेस्को ने 1999 में इसे विश्व धरोहर स्थल घोषित किया था। इससे पहले नीलामी करने वाली कंपनी ने कहा कि नीलामी के सामान में मंडेला का चश्मा, उनकी मुट्ठी का कांसे का सांचा, अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जॉर्ज डब्ल्यू बुश और संयुक्त राष्ट्र से उन्हें मिली कलम शामिल है।

## पश्चिमी चीन के सुदूरवर्ती क्षेत्र में भूकंप आया, चार लोग घायल

**बीजिंग।** पश्चिमी चीन के चिंगहाई प्रांत के कम आबादी वाले इलाके में शुक्रवार देर रात को भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप से कई सुरंगों के क्षतिग्रस्त होने के कारण रेल सेवा बाधित हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि मेन्यूआन हुई स्वायत्तशासी काउंटी में चार लोग मामूली रूप से घायल हुए हैं जिन्हें इलाज के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। देर रात पौने दो बजे 6.9 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप के बाद लोग घरों से बाहर निकल आए। भूकंप का केंद्र प्रांत की राजधानी शिनिंग के एक पर्वतीय क्षेत्र में करीब 140 किलोमीटर उत्तर पश्चिम में 10 किलोमीटर की गहराई में था। यह क्षेत्र समुद्र तल से 3,659 मीटर ऊपर है। सरकारी प्रसारक सीसीटीवी की विदेशी शाखा सीजीटीएन द्वारा ऑनलाइन पोस्ट किए गए रात के समय के वीडियो में घर के फर्नीचर और छत में लगे लैंप हिलते-डोलते और मवेशियों के अचानक खड़े होकर इधर-उधर भागते दिखे। सरकारी चाइना न्यूज सर्विस की तस्वीरों में टूटी हुई खिड़की और बिखरी हुई टाइलें तथा ढहकर गिरा छत का एक बड़ा हिस्सा नजर आया, जो भूकंप के हुए नुकसान को दशार्ता है। आधिकारिक शिन्हुआ समाचार एजेंसी के अनुसार भूकंप के केंद्र से पांच किलोमीटर के दायरे में पांच गांव हैं। समाचार एजेंसी ने बताया कि गांसू प्रांत में लानझोउ से शिनजियांग क्षेत्र तक कई सुरंगों से होकर गुजरने वाली हाई स्पीड रेल लाइन के कुछ खंड क्षतिग्रस्त हो गए जिससे कारण रेल सेवा प्रभावित हुई है। चिंगहाई और तिब्बत के बीच कुछ रेल लाइन को बंद किया गया है और पटरियों की जांच के लिए अधिकारियों को भेजा गया है। चीन के आपातकालीन प्रबंधन मंत्रालय ने ऑनलाइन पोस्ट किए गए बयान में कहा कि चिंगहाई और पड़ोसी गांसु प्रांत में बचाव और दमकल विभाग की टीम ने घटनास्थल पर लगभग 500 बचावकर्मी भेजे हैं। पड़ोसी प्रांतों के अन्य 2,260 बचावकर्मियों को तैयार रहने के लिए कहा गया है।

मंत्रालय और चीन भूकंप प्रशासन ने स्थिति की जांच करने और क्षेत्र के किसी भी प्रभावित निवासी के पुनर्वास में मदद के लिए एक टीम को चिंगहाई भेजा है।

## संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने इथियोपिया के राजनीतिक बंदियों की रिहाई का किया स्वागत

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने इथियोपिया की जेल से कई बंदियों की रिहाई का स्वागत किया है, जिनमें प्रमुख विपक्षी हस्तियां भी शामिल हैं। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, रिहाई का विवरण तुरंत उपलब्ध नहीं कराया गया। लेकिन यह उत्तरी इथियोपिया में सरकार और विद्रोहियों के बीच बातचीत शुरू करने की एक कोशिश है।

गुटेरेस ने शुक्रवार को एक बयान में कहा, मैं पार्टियों से शत्रुता की समाप्ति और एक स्थायी संघर्ष विराम के साथ-साथ एक विश्वसनीय और समावेशी राष्ट्रीय संवाद और सुलह प्रक्रिया शुरू करने पर सहमत इस महत्वपूर्ण विश्वास-निर्माण कदम का आह्वान करता हूं। उन्होंने लड़ाई को समाप्त करने और शांति और स्थिरता बहाल करने के लिए इथियोपिया की सहायता करने में सभी हितधारकों के साथ सक्रिय रूप से जुड़े रहने का वादा किया। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री अबी अहमद के साथ मेरे पिछले संपर्क के बाद, मैं साल भर के संघर्ष से प्रभावित सभी क्षेत्रों में मानवीय पहुंच में सार्थक सुधार की आशा करता हूं। मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (ओसीएचए) ने लंबे समय से उत्तरी इथियोपिया में संघर्ष के पीड़ितों को राहत वितरण के लिए बेहतर पहुंच की मांग की है।

गुरुवार को ओसीएचए ने चेतावनी दी, कई संयुक्त राष्ट्र और गैर-सरकारी सहायता संगठनों को संचालन बंद करने के लिए मजबूर किया जाएगा। अगर मानवीय आपूर्ति, ईंधन और नकदी जल्द ही टाइग्रे को नहीं पहुंचाई गई। इसमें कहा गया है कि 12 जुलाई के बाद से केवल 1,338 ट्रक टाइग्रे में दाखिल हुए, जो 12 फीसदी से भी कम है। रोजाना करीब 100 ट्रकों की जरूरत है।

## यूएस हाउस की स्पीकर ने राष्ट्रपति बाइडेन को संयुक्त सत्र के लिए किया आमंत्रित

**वाशिंगटन। यूएस** हाउस की स्पीकर नैन्सी पेलोसी ने राष्ट्रपति जो बाइडेन को 1 मार्च को अपना पहला स्टेट ऑफ द यूनियन संबोधन देने के लिए आमंत्रित किया है। पेलोसी ने बाइडेन को एक पत्र में लिखा, वास्तव में पिछला वर्ष ऐतिहासिक रहा है,

हम इस साल अपनी योजना के साथ नीतियों को और मजबूत करेंगे। उन्होंने लिखा, मैं आपको एक मार्च को कांग्रेस के संयुक्त सत्र को संबोधित करने के लिए आमंत्रित कर रही हूं। अप्रैल 2021 में राष्ट्रपति ने सत्र को संबोधित किया था। कांग्रेस के संयुक्त सत्र में राष्ट्रपति ने पिछले वर्ष की उपलब्धियों और आने वाले वर्ष के एजेंडे के बारे में बताया था।

उन्होंने वहां 1.9 ट्रिलियन डॉलर के कोविड-19 राहत पैकेज पर हस्ताक्षर किए। वहीं, लगभग 2-ट्रिलियन डॉलर के सामाजिक खर्च और जलवायु बिल ने सीनेट में एक बड़ी बाधा उत्पन्न कर दी है।

वेल्स फार्गो सिक्योरिटीज के आर्थिक विश्लेषक माइकल पुगलीज और कार्ल वेस्ली ने कहा, बिल्ड बैक बेटर (बीबीबी) को पूरी तरह से छोड़ने के बजाय, शायद कांग्रेस और बाइडेन प्रशासन नीतियों को स्थायी बनाते हुए पैकेज को कम करने का प्रयास करेंगे।

उन्होंने कहा, बीबीबी के लिए कोई कठिन प्रक्रिया नहीं है, लेकिन साल की पहली तिमाही यह तय करेगी कि यह कानून बनता है या नहीं।